देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 14 अक्टूबर 2023 । वर्ष –67 । अंक –335 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ न्याय की तलाश ...
■ बजरंग पूनिया के ... 04

■ ऐसी क्रूरता देखी नहीं कहीं! गर्भवती ...
■ 11 लाख की आबादी को 24 घंटे का... 09

■ जीरे का तड़का लगाना हुआ सस्ता !
■ महंगा होगा गन्ना से बना एथनॉल ! 11

■ भारत-पाकिस्तान के ...
■ वर्ल्ड कप 2023 की ... 10

ICC CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

**आज के मैच**
भारत विरुद्ध पाकिस्तान
समय - 2.00 दोपहर

## सार संक्षेप

### बाढ़ में बहकर बंगाल पहुंचे मोर्टार किए नष्ट

**गंगटोक।** सिक्किम में 3 अक्टूबर को बादल फटने और लहोनक झील टूटने से तीस्ता नदी में भयानक बाढ़ आई थी। इस बाढ़ की चपेट में सेना का बुदरांग डिपो भी आ गया था। बाढ़ के पानी में बहकर पड़ोसी राज्य बंगाल पहुंचे मोर्टार को सेना ने नष्ट कर दिया है। दो दिन में करीब 36 मोर्टार नष्ट किए गए हैं। क्रांति पुलिस चौकी प्रभारी मंसूरुद्दीन ने कहा कि पुलिस और सेना की टीम ने 16 मोर्टार बरामद किए। इसके बाद उन्हें चेंगमारी में डिफ्यूज कर दिया गया। उधर, विशेषज्ञों ने दावा किया है कि लहोनक झील में अब भी बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। इनका दावा है कि झील के निचले हिस्से में एक और ग्लेशियर झील में विस्फोटक बाढ़ आ सकती है।

### देश की समुद्री सीमाएं होंगी और अभेद्य : राकेश पाल

**कोलकाता।** भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक (डीजी) राकेश पाल ने कहा कि देश की समुद्री सीमाएं और अभेद्य होंगी। इसके लिए तटरक्षक बल कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। 2025 तक बल के बेड़े में करीब 100 विमान और 200 गश्ती जहाजों को जोड़ा जाएगा।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**चूहा-सुनती हो**-सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को फिर कड़ी फटकार लगाई है।

**चुहिया- हां प्रिये**- विधानसभा अध्यक्ष संवैधानिक जवाबदारी के अलावा किसी और डोर से भी तो बंधे हैं।



**पी-20 समिट को बताया संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ**

**कनाडा ने किया किनारा**

# आतंकवाद की परिभाषा पर आम सहमति ना बन पाना दुखद: मोदी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में 9वें जी-20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी-20) का उद्घाटन किया।

इसकी थीम 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद' रखी गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पी-20 समिट, उस भारत-भूमि पर हो रही है, जो मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। यह समिट एक प्रकार से दुनिया भर की संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ है।

कार्यक्रम में 25 देशों के प्रिजाइडिंग ऑफिसर और जी-20 सदस्य देशों के 10 डिप्टी स्पीकर शामिल हुए। हालांकि, खालिस्तान विवाद के बीच कनाडा की स्पीकर रेमोंडे गैग्ने कार्यक्रम में नहीं आईं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद को लेकर हम सभी को सख्ती बरतनी होगी। आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति ना बन पाना बहुत दुखद है। आज भी ह इसका इंतजार कर रहा है। दुनिया के इसी रवैया का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं। दुनिया भर के प्रतिनिधियों को सोचना होगा की आतंकवाद के खिलाफ हम कैसे काम कर सकते हैं।

**भारत की संसद पर हमले का किया जिक्र**

मोदी ने कहा कि करीब 20 साल पहले आतंकवादियों ने हमारी संसद को निशाना बनाया था। उस समय संसद का सत्र चल रहा था और आतंकवादियों की मंशा सांसदों को खत्म करने की थी। दुनिया को भी एहसास हो रहा है कि आतंकवाद दुनिया के लिए कितनी बड़ी चुनौती है। आतंकवाद जहां भी होता, किसी भी कारण, किसी भी रूप में होता वह मानवता के विरुद्ध होता है।

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### दो दिवसीय सम्मेलन में होंगे चार सत्र

सम्मेलन का आयोजन दिल्ली के द्वारका स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर 'यशोभूमि' में किया गया है। 13-14 अक्टूबर को आयोजित होने वाले जी-20 समिट में चार सेशन हैं। इस समिट के दौरान भारत अपने लोकतांत्रिक इतिहास को दुनिया के सामने रखने वाला है। इसके जरिए दुनिया को समानता, भाईचारा और एकजुटता का संदेश देने की कोशिश की जाएगी। इस समिट के सभी कार्यक्रम उपराष्ट्पति जगदीप धनखड़ और लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के नेतृत्व में होंगे।

**महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को सुप्रीम कोर्ट से फिर फटकार**

# आदेशों की नहीं कर सकते अनदेखी

**शिंदे गुट के विधायकों की अयोग्यता मामले पर फैसले में देरी पर जताई नाराजगी**



**निर्देश-अगले चुनाव से पहले निर्णय लें अगर फैसला नहीं लिया गया तो विस अध्यक्ष के समक्ष कार्रवाई बेमानी होगी**

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विधायकों के अयोग्यता मामले पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। अदालर्त इस मामले में लगातार हो रही देरी पर एक बार फिर विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को फटकार लगाई।

सुप्रीम कोर्ट की प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पीठ ने ने कहा कि हमने नोटिस दिया, आदेश जारी किया, फिर भी कह रहे हैं कि विधानसभा अध्यक्ष ने कोई निर्णय नहीं लिया है। अगले चुनाव से पहले निर्णय लें अगर अगले चुनाव से पहले फैसला नहीं लिया गया तो विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष कार्रवाई बेमानी होगी।

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में ठाकरे गुट और शरद पवार गुट की याचिका पर संयुक्त सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस धनंजय चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच के सामने सुनवाई हुई। इस समय मुख्य न्यायाधीश ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और महाधिवक्ता तुषार मेहता की बात सुनी।

कोर्ट ने कहा कि 14 जुलाई को हमने नोटिस निकाला। यह आदेश सितम्बर में जारी किया गया था, लेकिन स्पीकर ने कुछ नहीं किया। विधानसभा अध्यक्ष ने जून के बाद से कोई कार्रवाई नहीं की है इसलिए अब उन्हें अगले चुनाव से पहले फैसला लेना चाहिए।

साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर चुनाव से पहले निर्णय नहीं लिया गया तो विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष कार्यवाही निरर्थक होगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी नहीं की जा सकती।

### गंभीरता से नहीं ले रहे हैं आदेश: सीजेआई

सीजेआई ने कहा कि- आप हमारे आदेश को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एसजी से कहा कि आप और महाराष्ट्र के एडवोकेट जनरल विस अध्यक्ष के साथ बैठें और सुनवाई का शिड्यूल तय करें और कोर्ट को इस बारे में बताएं. अगली सुनवाई सोमवार की बजाय मंगलवार को होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि भले ही विधानसभा अध्यक्ष का पद संवैधानिक पद है, लेकिन हम आदेश दे सकते हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने अब तक कोई निर्णय नहीं लिया है।

**इजरायल में फंसे भारतीयों की वापसी शुरु**

# वतन वापसी पर खिले चेहरे, 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' से गूंजी फ्लाइट

**तेलअवीव।** इजरायल में फंसे हर एक भारतीयों की वतन वापसी के लिए केंद्र सरकार का ऑपरेशन विजय शुरू कर दिया है। भारतीय समयानुसार आज सुबह लगभग 6 बजे भारतीयों की पहली खेप का स्वागत करने के लिए केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। इस दौरान भारतीय नागरिकों ने खुशी में जोर-जोर से वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए गए।

ऑनलाइन डेस्क, नई दिल्ली। इजरायल में हमास के हमले के बाद देश के हालात काफी बिगड़े हुए हैं। वहां फंसे हर एक भारतीयों की वतन वापसी के लिए केंद्र सरकार का 'ऑपरेशन विजय' शुरू कर दिया है। इस ऑपरेशन के तहत 212 भारतीयों की पहली खेप लेकर विशेष विमान इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे से पहली फ्लाइट दिल्ली पहुंच चुकी है।

इजरायल से 212 भारतीय नागरिकों को लेकर आ रही पहली उड़ान में यात्रियों ने खुशी में जोर-जोर से वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए गए। भारतीय समयानुसार आज सुबह लगभग 6 बजे भारतीयों की पहली खेप का स्वागत करने के लिए केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचे थे।

**मप्र विस चुनावों को लेकर कांग्रेस कार्य समिति की हुई बैठक**

# 15 अक्टूबर को आएगी कांग्रेस की पहली सूची



**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। कांग्रेस की मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के नाम तय करने को लेकर शुक्रवार को यहां पार्टी आलाकमान के साथ प्रदेश के नेताओं की बैठक हुई। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के उम्मीदवारों की पहली सूची 15 अक्टूबर को आएगी। दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बताया कि हमने लगभग 60 सीटों पर चर्चा कर ली है। हमारी बैठक फिर से होगी। अभी मध्य प्रदेश की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक है। इसमें चर्चा के बाद फिर से बैठक होगी। तभी सीटों के नाम फाइनल करेंगे। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में लगातार दो दिन तक बैठकें होने वाली हैं। इन बैठकों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। कई नामों पर गहन मंथन हुआ। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा हुई। कमलनाथ के नेतृत्व पर हमें आत्मविश्वास है। भाजपा बौखलाई घूम रही है। वहां सिर फुटव्वल हो रहा है। हमारे यहां टिकट जल्द ही फाइनल हो जाएंगे।

कमलनाथ ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि हम श्राद्ध पक्ष के बाद 15 अक्टूबर को अपनी पहली सूची घोषित करेंगे। हमारी रफ्तार ठीक है। इस रफ्तार से हम 15 अक्टूबर को अपनी सूची की घोषणा कर देंगे। हर नाम पर जितनी चर्चा हो, उतना अच्छा है। चर्चा में कई नई चीजें उभरकर सामने आती हैं। कांग्रेस अपने सभी प्रत्याशियों के नाम दो सूची में जारी करेगी।

## सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली,** (देशबन्धु)। दिल्ली शराब नीति केस में 'आप' सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत राउज एवेन्यू कोर्ट ने 14 दिन के लिए बढ़ा दी है।

अब वे 27 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत रहेंगे। जज एम के नागपाल ने शुक्रवार को सिंह से कहा कि कोर्ट परिसर में ऐसे मामलों का जिक्र न करें, जो केस से जुड़े न हों।

सुनवाई खत्म होते ही संजय सिंह जैसे ही कोर्ट से बाहर आए मीडिया से कहा कि मोदी जी इंडिया के नहीं, अडाणी के प्रधानमंत्री हैं। अडाणी के घोटालों की जांच कब होगी। इससे पहले 10 अक्टूबर को हुई सुनवाई के दौरान भी कोर्ट ने संजय सिंह से मीडिया से बातचीत न करने की नसीहत दी थी।

**मोदी इंडिया नहीं अडाणी के पीएम उनकी जांच कब होगी : संजय सिंह**

**युद्ध त्रासदी** | **गाजा में गर्भवती महिलाओं को साफ पानी तक नहीं मिल रहा**

# युद्ध के चलते 50 हजार अजन्मे बच्चों पर खतरा



**तेलअवीव।** हमास से बदला लेने के लिए इजरायल पिछले कई दिनों से गाजा पट्टी पर हमला कर रहा है। गाजा में फिलिस्तीनियों की बसाहट है। साल 2007 से इजरायल ने गाजा पट्टी की नाकाबंदी कर रखी है। वह वहां पहुंचने वाले खाना, पानी, बिजली और ईंधन तक का सप्लाई कंट्रोल करता है।

हमास के साथ शुरू हुए युद्ध के बाद इजरायल न सिर्फ गाजा पर बम बरसा रहा है बल्कि उसका खाना, पानी, बिजली और ईंधन भी पूरी तरह बंद कर चुका है। ऐसे में गाजा के भीतर आपातकालीन स्थिति बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र ने बयान जारी कर कहा है कि गाजा में बेहद गंभीर मानवीय संकट पैदा होने का खतरा है। वहां तत्काल सहायता पहुंचाने के लिए रास्ता दिए जाने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र की सेक्सुअल एंड रिप्रोडक्टिव हेल्थ एजेंसी ने गाजा में हिंसा के बीच फंसी महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है। यूएन के मुताबिक, गाजा में रहने वाली 50000 गर्भवती महिलाएं साफ पानी तक को मोहताज हैं। वहां 5500 ऐसी महिलाएं फंसी हैं, जो आने वाले महीने में बच्चे को जन्म देंगी। एजेंसी ने कहा कि यह प्रति दिन 166 जन्मों के बराबर है, जो स्वास्थ्य देखभाल या यहां तक कि साफ पानी तक अपर्याप्त पहुंच के साथ हो रहे हैं। यूनरवा का दावा है कि वह अपने सेल्टर्स में महिलाओं को डिग्निटी किट उपलब्ध करवा रहा है। डिग्निटी किट में सैनेटरी पैड, साबुन, तौलिया, सूती कपड़ा, डिस्पोजेबल बैग आदि होता है।

**दो लाख 20 हजार लोग विस्थापित**– नाकाबंदी और पाबंदी के बीच गाजा में रहने वाले 23 लाख लोगों के लिए बाहर से सहायता नहीं पहुंच सकती। गाजा के लगभग दो लाख 20 हजार फिलिस्तीनी विस्थापित हो गए हैं यानी उन्हें अपना घर छोड़ना पड़ा है। विस्थापित फिलिस्तीनियों को संयुक्त राष्ट्र एजेंसी द्वारा चलाए जाने वाले संचालित स्कूलों में रखा गया है। विस्थापन लगातार जारी है। पिछले 24 घंटों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



# देश-विदेश

## नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस हादसे से क्षतिग्रस्त ट्रैक दुरुस्त

**पटना।** दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन और पटना रेलखंड पर बक्सर के रघुनाथपुर के पास जिस ट्रैक पर नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस बेपटरी हो गई थी, उस ट्रैक की मरम्मत हो गई। रेलवे के करीब 300 कर्मी इस काम में लगे थे। शुक्रवार सुबह में पहले अप लाइन में ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ। शाम तक डाउन लाइन को भी दुरुस्त कर दिया गया। डाउन लाइन से भी ट्रेन का परिचालन शुरू हो गया है। रेलवे की ओर से कहा गया है कि दानापुर मंडल के रघुनाथपुर में पुनर्बहाली कार्य करते हुए आज प्रातः 08.10 बजे अप लाइन को परिचालन हेतु फिट कर दिया गया है। शाम में डाउन लाइन को भी परिचालन के लिए फिट कर दिया गया।

### भारत में भूखे रहने वालों का स्तर गंभीर

# वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 111वें स्थान पर फिसला

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। भारत 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) में 125 देशों में से 111वें स्थान पर है, जो पिछले साल से चार स्थान फिसल गया है। हालांकि, सरकार ने रिपोर्ट को त्रुटिपूर्ण और गलत बताते हुए खारिज कर दिया है।

आयरलैंड और जर्मनी के गैर-सरकारी संगठनों क्रमशः कंसर्न वर्ल्ड वाइड और वेल्ट हंगर हिल्फ द्वारा गुरुवार को जारी वैश्विक रिपोर्ट में कहा गया है, 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 28.7 अंक के साथ, भारत में भूखे रहने वालों का स्तर गंभीर है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक बयान में दावों का खंडन किया और कहा कि सूचकांक भूख का एक त्रुटिपूर्ण माप बना हुआ है और भारत की वास्तविक स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करता है। जीएचआई रिपोर्ट में पाकिस्तान को 102वें,

### सरकार ने रिपोर्ट को बताया त्रुटिपूर्ण व गलत

बांग्लादेश को 81वें, नेपाल को 69वें और श्रीलंका को 60वें स्थान पर रखा गया है। दक्षिण एशिया और उप-सहारा अफ्रीका सबसे अधिक भूख स्तर वाले क्षेत्र थे। मंत्रालय ने कहा कि सूचकांक भूख का एक गलत माप है और गंभीर पद्धतिगत मुद्दों से ग्रस्त है। सूचकांक की गणना के लिए उपयोग किए जाने वाले चार संकेतकों में से तीन बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित हैं और पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते। इसमें कहा गया है, चौथा और सबसे महत्वपूर्ण संकेतक कुपोषित (पीओयू) आबादी का अनुपात 3,000 के बहुत छोटे नमूना आकार पर किए गए एक जनमत सर्वेक्षण पर आधारित है। इस बीच, रिपोर्ट में भारत को दुनिया की सबसे अधिक 18.7 प्रतिशत बाल कमज़ोरी दर के साथ गिना गया है, जो तीव्र कुपोषण का संकेत देता है। भारत में अल्प पोषण की दर 16.6 प्रतिशत और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 3.1 प्रतिशत है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 15 से 24 वर्ष की आयु की महिलाओं में एनीमिया की व्यापकता 58.1 प्रतिशत है। वैश्विक भूख सूचकांक 2022 की रिपोर्ट को लेकर भारत सरकार ने कहा था कि गलत जानकारी देना ग्लोबल हंगर इंडेक्स का हॉलमार्क लगता है। भारत को ऐसे देश के रूप में दिखाया जा रहा है जो अपनी आबादी के लिए फूड सिक्योरिटी और पोषण की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहा है। यह इंडेक्स भुखमरी को गलत तरीके से मापता है। इसमें जो मेथड इस्तेमाल किया जाता है वह भी गंभीर रूप से गलत है।

### क्या होता है वैश्विक भूख सूचकांक

ग्लोबल हंगर इंडेक्स बताता है कि किसी भी देश में भुखमरी की स्थिति क्या है। इस लिस्ट को हर साल कंसर्न वर्ल्ड वाइड और वर्ल्ड हंगर हेल्प नामक यूरोपीयन एनजीओ तैयार करते हैं। दुनियाभर के अलग-अलग देशों में 4 पैमानों का आंकलन करने के बाद इंडेक्स को तैयार किया जाता है।

## लाइव सर्जरी प्रसारण पर चिंता जताने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और एनएमसी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके लाइव सर्जरी प्रसारण को रोकने की अपील की गई है। यह याचिका दिल्ली के रहने वाले कुछ लोगों ने दायर की है।

इसमें कहा गया है कि लाइव सर्जरी प्रसारण से कानूनी और नैतिक मुद्दे उत्पन्न हो रहे हैं।

याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (13 अक्टूबर) को केंद्र और अन्य संबंधित एजेंसियों से जवाब मांगा। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली के कुछ लोगों द्वारा दायर की गई याचिका पर केंद्र और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

**तीन जजों की पीठ कर रही सुनवाई-** सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को लाइव सर्जरी प्रसारण की नियमित निगरानी करने और इस संबंध में दिशानिर्देश तैयार करने के लिए एक समिति नियुक्त करने का निर्देश देने की मांग की है। अब मामले की सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी।

## पंजाब में भाजपा को बड़ा झटका! साथ छोड़ गए राजकुमार वेरका,

चण्डीगढ़। पंजाब में बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। पंजाब के पूर्व मंत्री और अमृतसर के दलित नेता राज कुमार वेरका ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने भाजपा छोड़ दी है और वह फिर से कांग्रेस में शामिल होंगे। चार बार के राज कुमार विधायक वेरका ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ दो हफ्ते पहले बैठक की थी लेकिन अब उन्होंने पार्टी छोड़ दी है।



### कहा- कांग्रेस ही देश को एकजुट रख सकती है

राजकुमार बड़े दलित चेहरे हैं और उनकी दलितों में अच्छी पकड़ है। राज कुमार वेरका ने कहा, भाजपा छोड़ रहा हूं। मैं यह समझ गया हूं कि केवल कांग्रेस ही देश को एकजुट रख सकती है। मैं कांग्रेस में शामिल होने के लिए दिल्ली जा रहा हूं। पंजाब विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद राज कुमार वेरका ने पिछले साल जून में कांग्रेस छोड़ दी थी। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई हालिया तस्वीरों में राज कुमार वेरका को 29 सितंबर को अमृतसर में आयोजित एक बैठक में अमित शाह के साथ बैठे देखा गया था। पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ भी मौजूद थे। राज कुमार वेरका ने इस बात की पुष्टि करने से इनकार कर दिया कि क्या उन्होंने इस महीने की शुरुआत में अमृतसर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की थी। राज कुमार वेरका पंजाब के बड़े दलित नेता हैं।

उन्होंने दो कार्यकाल के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया था। उन्होंने अपने पद का उपयोग अमृतसर में दलितों के बीच अपना समर्थन मजबूत करने के लिए भी किया था।

## मणिपुर से लापता हुए थे दो छात्र, सीबीआई ने मास्टरमाइंड को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पुणे से 22 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिस पर दो लापता मणिपुरी छात्रों के मामले का मास्टरमाइंड होने का संदेह है, जिनके बारे में माना जा रहा है कि उनकी हत्या कर दी गई है। इसकी जानकारी अधिकारियों ने शुक्रवार को दी।

उन्होंने बताया कि सीबीआई की एक विशेष जांच टीम ने पाओलुनमांग को बुधवार को पुणे से गिरफ्तार किया और अदालत में पेश करने के लिए उसे गुवाहाटी ले गई। उन्होंने बताया कि विशेष अदालत ने उसे 16 अक्टूबर तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया है। उन्होंने आगे कहा कि सीबीआई को इस मामले में पाओलुनमांग के मास्टरमाइंड होने का संदेह है। केंद्रीय एजेंसी ने 1 अक्टूबर को दो पुरुषों, पाओमिनलुन हाओकिप और स्मालसॉम हाओकिप और दो महिलाओं, ल्हिंगनेइचोंग बैतेकुकी और टिननेइल्हिंग हेंथांग को गिरफ्तार किया था। फिजाम हेमनजीत (20) और 17 साल की लड़की हिजाम लिनथोइनगांबी 6 जुलाई को लापता हो गए थे। कथित तौर पर उनके शव दिखाने वाली तस्वीरें 25 सितंबर को सामने आईं, जिसके बाद मुख्य रूप से छात्रों ने हिंसक विरोध प्रदर्शन किया।

## पुरी के जगन्नाथ मंदिर में फटी जींस और पारदर्शी कपड़े पहनकर आने वालों की नो एंट्री

**भुवनेश्वर।** पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर में 1 जनवरी, 2024 से ऐसे श्रद्धालुओं की एंट्री नहीं होगी, जो जगन्नाथ मंदिर में शॉर्ट्स, पारदर्शी और भड़कीले कपड़े, फटी जींस और अन्य अनुचित वेशभूषा में आएंगे। हालांकि मंदिर प्रशासन ने कोई ड्रेस कोड लागू नहीं किया, लेकिन उसने पुरुष श्रद्धालुओं के लिए पैंट, शर्ट, धोती पहनने का सुझाव दिया है। वहीं, महिलाओं के लिए साड़ी, सलवार, कमीज आदि सभ्य पोशाक पहनने का सुझाव दिया है।

**पोशाकों को लेकर नहीं जारी की गई सूची-** जगन्नाथ मंदिर प्रशासन की तरफ से सभ्य पोशाकों की कोई उदाहरणात्मक सूची निर्धारित नहीं की गई है। प्रशासन की तरफ से कहा गया है कि हम इसे भक्तों के विवेक पर छोड़ते हैं कि वे सभ्य कपड़े पहनकर मंदिर में आएं। जैसे - पुरुष पैंट-शर्ट और धोती पहन सकते हैं। वहीं, महिलाएं साड़ी, सलवार, कमीज आदि पहन सकती हैं। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक रंजन कुमार दास ने कहा कि पूरे भारत और विदेशों में विभिन्न धर्मों के मंदिरों में भक्तों के लिए अपने स्वयं के ड्रेस कोड हैं। एसजेटीए सलाहकार ने कहा कि विद्वान और शोधकर्ता, पुजारी और भगवान जगन्नाथ के भक्त यहां भी ड्रेस कोड लागू करने की मांग कर रहे थे।

**ऐसे कपड़े पहनकर आने वाले भक्तों की नहीं होगी एंट्री-** दास ने कहा, एसजेटीए की हाल ही में आयोजित नीति (अनुष्ठान) उप-समिति की बैठक में सभी भक्तों से यहां की पवित्रता, परंपराओं और रीति-रिवाजों को ध्यान में रखते हुए उचित और सभ्य पोशाक पहनकर आने का आग्रह करने का प्रस्ताव दिया गया है। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक ने कहा, शॉर्ट्स, पारदर्शी और भड़कीले कपड़े, फटी जींस और अन्य अनुचित वेशभूषा में आने वाले लोगों को मंदिर में प्रवेश नहीं करने देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कई आगंतुक और श्रद्धालु मंदिर में आने से पहले होटल और गेस्ट हाउस में रुकते थे। उन्होंने कहा, इसलिए, हम आपसे (होटल एसोसिएशन) आग्रह करते हैं कि आप इस संबंध में आगंतुकों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए अपने कर्मचारियों, पर्यटक गाइडों को शिक्षित करें। एसजेटीए ने यह भी कहा कि वह साल के अंत तक ड्रेस कोड पर जागरूकता अभियान जारी रखेगा। उन्होंने भगवान जगन्नाथ के पवित्र मंदिर में बेहतर आध्यात्मिक माहौल विकसित करने के लिए सहयोग की मांग करते हुए कहा, मंदिर प्रशासन नए साल से इसे सुनिश्चित करने के लिए सभी द्वारों पर और अधिक कड़े कदम उठा सकता है।

## न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
**रा.प्र.क्रं/0781/अ-6/2023-2024**

### आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वीना कोचर / स्व. शांति प्रसाद कोचर नि.-1779, नरसिंह नगर रांझी ने नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. 13 निर्मित/रकवा 1660 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम रांझी प.ह.नं. ... खसरा नं. 94/21 रकवा 1660 व.फु. विक्रय पत्र दिनांक 19/06/1989 मृत्यु दिनांक .... को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. 13 निर्मित/रकवा 1660 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम रांझी प.ह.नं. ... खसरा नं. 94/21 रकवा 1660 व.फु./हे. श्रीमती वीना कोचर/श्री शांति प्रसाद के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 23/10/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 10/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 10/10/2023
पेशी दिनांक 23/10/2023

**तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**

र.नं. 1410

## न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
**रा.प्र.क्रं/0723/अ-6/2023-2024**

### आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वीरेन्द्र सिंह आनंद/ब्रजेन्द्र सिंह आनंद, आत्मज/मुक्तिश्री स्व. दिलीप सिंह आनंद नि. 997 गुरूद्वारा नजदीक रांझी मढ़ई ने नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... निर्मित/रकवा 1200 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम मढई रांझी प.ह.नं. ... खसरा नं. 94/21/1/46/1/1/1/1/1/1/1/1 रकवा 1200 व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग पत्र/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक ....... मृत्यु दिनांक .... को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, .... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी /डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... निर्मित/रकवा .... वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम मढई रांझी प.ह.नं. ... खसरा नं. 94/21/1/46/1/1/1/1/1/1/1/1 रकवा 1200 व.फु./हे. ...... के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 18/10/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 03/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 03/10/2023
पेशी दिनांक 18/10/2023

**तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**

र.नं. 1406

## नाम तथा जन्मतिथि परिवर्तन

मैं सुमित्रा रानी पोद्दार माता JC-388562W नायब सूबेदार उत्पल पोद्देर , इकाई, 1 टी टी आर, 1 एसटीसी पता एवं डाकघर- गद्पुकुरिया, तहसील- बनगांव, जिला- 24 पारगानस (उत्तर), प्रदेश- पश्चिम बंगाल, पिन- 743710 मैं अपना नाम तथा जन्मतिथि सुमित्रा पोद्देर एवं जन्मतिथि 01 जुलाई 1953 से सुमित्रा रानी पोद्दार एवं जन्मतिथि 04 मार्च 1955, दिनांक 12 ओक्टूबर 2023 प्रतिज्ञपत्र के जरिये बदलाव नोटरी जबलपुर (मध्य प्रदेश) में किया है।

पहले का नाम- सुमित्रा पोद्देर
परिवर्तन के बाद का नाम- सुमित्रा रानी पोद्दार
पहले जन्मतिथि- 01 जुलाई 1953
परिवर्तन के बाद का जन्मतिथि- 04 मार्च 1955

र.नं. 1408

## असम में पांच करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त, तीन ड्रग तस्कर गिरफ्तार, आरोपियों से पूछताछ जारी

**गुवाहाटी।** असम के दो जिलों में अलग-अलग घटनाओं में कुल 5 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की गई है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि इन मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई-** एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने कार्बी आंगलोंग जिले के खकरजन इलाके में एक तलाशी अभियान चलाया और गुरुवार रात पड़ोसी राज्य नागालैंड के दीमापुर से आ रहे एक वाहन को रोका। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान पुलिस ने वाहन के दरवाजों में सीक्रेट चैंबर में छिपाई गई 726 ग्राम हेरोइन जब्त की।

**तीन ड्रग तस्करों की गिरफ्तारी-** मालूम हो कि जब्त की गई दवाओं की कीमत 4 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि कार में सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अन्य घटना में, असम पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की एक टीम से बचकर भागने वाले तस्कर को पकड़ने के लिए उसपर गोलियां चला दीं।

बाद में उसे गुरुवार को कामरूप जिले के जालुकबारी पुलिस थाना क्षेत्र के फैंसी पारा में गिरफ्तार कर लिया गया। उसके वाहन की तलाशी के दौरान पुलिस ने साबुन की 12 डिब्बियों में छिपाकर रखी गई 170 ग्राम हेरोइन जब्त की।

## भारत में गूंजे इजरायल मुर्दाबाद के नारे

### दिल्ली, यूपी और कश्मीर समेत कई राज्यों में हाई अलर्ट



**कश्मीर।** इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध के बीच भारत में भी इससे जुड़ी नारेबाजी होने लगी है। शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के बडगाम में इजरायल और अमेरिका विरोधी नारे लगे। यह नारेबाजी जुमे की नमाज के बाद हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग जुटे हुए थे। लोगों ने अपने हाथों में तख्तियां भी उठा रखी थीं, जिन पर इजरायल और अमेरिका के खिलाफ नारों के अलावा धार्मिक नारे भी लिखे हुए थे। इस नारेबाजी के बाद भारत में सतर्कता बरती जा रही है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और कश्मीर समेत कई राज्यों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

**इजरायल के साथ है भारत का समर्थन-**गौरतलब है कि हमास द्वारा किए गए हमले के बाद से भारत ने लगातार अपना समर्थन इजरायल को दिया है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमले के बाद बयान जारी करते हुए कहा था कि इस दुख की घड़ी में भारत पूरी तरह से इजरायल के साथ है। वहीं, मंगलवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पीएम मोदी को फोन किया था औ उन्हें ताजा हालात के बारे में जानकारी दी थी। पीएम मोदी ने इसके बारे में सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा था और एक बार फिर अपना समर्थन इजरायल के प्रति जताया था।

**हमास ने किया यह दावा-** इजरायल और हमास का युद्ध और ज्यादा गंभीर हो गया है। वहीं, इजरायल से जारी युद्ध के बीच हमास ने कहा कि गाजा पट्टी पर इजराइल की ओर से की गई भारी बमबारी में 13 बंधकों की मौत हो गई, जिनमें विदेशी भी शामिल हैं। हमास की सैन्य शाखा ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर 13 लोगों की जान गई है। जो विदेशी मारे गए वह किस देश के थे, इस बारे में पता नहीं चल पाया है। इस बारे में इजराइल की ओर से कोई पुष्टि नहीं की गई है।

**इजरायल ने की हमास से यह मांग-**इससे पहले इजरायल ने गुरुवार को कहा था कि जब तक हमास आतंकी 150 बंधकों को मुक्त नहीं कर देते तब तक गाजा में किसी भी चीज की अनुमति नहीं मिलेगी। फिलस्तीनी लोग घटती आपूर्ति के बीच आवश्यक सामान जमा करने की कोशिश कर रहे हैं। इजराइल द्वारा गाजा के 23 लाख लोगों को भोजन, पानी, ईंधन तथा बिजली की आपूर्ति रोकने और मिस्र से आपूर्ति के आने को प्रतिबंधित करने के बाद अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों ने बिगड़ते मानवीय संकट की चेतावनी दी है।

## न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
**रा.प्र.क्रं/0724/अ-6/2023-2024**

### आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रीतपाल सिंह आनंद/स्व. हरवंश सिंह आनंद नि. रांझी बस्ती गुरूद्वारा के पीछे पंजाबी मोहल्ला रांझी ने नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... निर्मित/रकवा ... वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम रांझी प.ह.नं. ... खसरा नं. 94/21/1/46/1/1/1/1/1/1/1/1 रकवा 1200 व.फु. विक्रय पत्र दिनांक 25/06/1954 मृत्यु दिनांक 02/06/1980 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ...... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न पटवारी नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... निर्मित/रकवा .... वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम रांझी प.ह.नं. ... खसरा नं. 94/21/1/46/1/1/1/1/1/1/1/1 रकवा 1200 व.फु./हे. ...... के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 18/10/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 06/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 06/09/2023
पेशी दिनांक 18/10/2023

**तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**

र.नं. 1406

## न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
**रा.प्र.क्रं/0722/अ-6/2023-2024**

### आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक परमदीप सिंह आनंद/आत्मज / पति श्री स्व. सरदार संतोष सिंह आनंद नि. म.नं. 621 रांझी अंबेडकर नगर रांझी ने नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... निर्मित/रकवा 1200 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम .... प.ह.नं. ... खसरा नं. 94/21/1/46/1/1/1/1/1/1/1/1 रकवा ... व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग पत्र/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक 25/06/1954 मृत्यु दिनांक ...... को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ..... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... निर्मित/रकवा 1200 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम .... प.ह.नं. ... खसरा नं. 94/21/1/46/1/1/1/1/1/1/1/1 रकवा ... व.फु./हे. ...... के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 18/10/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 03/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 03/10/2023
पेशी दिनांक 18/10/2023

**तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**

र.नं. 1406

## नाम तथा जन्मतिथि परिवर्तन

मैं नारायण चन्द्र पोद्दार पिता JC-388562W नायब सूबेदार उत्पल पोद्देर , इकाई, 1 टी टी आर, 1 एसटीसी पता एवं डाकघर- गद्पुकुरिया, तहसील- बनगांव, जिला- 24 पारगानस (उत्तर), प्रदेश- पश्चिम बंगाल, पिन- 743710 मैं अपना नाम तथा जन्मतिथि नारयण पोद्देर एवं जन्मतिथि 01 जुलाई 1949 से नारायण चन्द्र पोद्दार एवं जन्मतिथि 01 मार्च 1945, दिनांक 12 ओक्टूबर 2023 प्रतिज्ञपत्र के जरिये बदलाव नोटरी जबलपुर (मध्य प्रदेश) में किया है।

पहले का नाम- नारायण पोद्देर
परिवर्तन के बाद का नाम- नारायण चन्द्र पोद्दार
पहले जन्मतिथि- 01 जुलाई 1949
परिवर्तन के बाद का जन्मतिथि- 01 मार्च 1945

र.नं. 1407

## अभ्युदय लोक सेवासंस्थान, लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना, छिन्दवाड़ा (म.प्र. )

संस्थान में कार्य करने के लिए निम्न पदों पर नियुक्ति की जानी है। अतः जो भी आवेदक इन पदों पर आवेदन करना चाहता है वह अपनी योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय मेल में अपना पद जरुर लिखे कि आपके द्वारा किस पद के लिए आवेदन किया गया है।

| क्रं. | पद का नाम | पद संख्या | योग्यता | अनुभव | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Program Manager | 1 | MSW/MA Sociology | 5 वर्ष | 21,000+TA |
| 2. | M&E, Accountant | 1 | B.Com, PGDCA, Tally | 5 वर्ष | 16,000+TA |
| 3. | Counsoller | 1 | MSW/MA Socioloty/GNM | 5 वर्ष | 16,000+TA |
| 4. | ORW | 5 | Graduation | 2 वर्ष | 10,500+TA |
| 5. | Doctor | 1 | BHMS/BAMS/MBBS | 5 वर्ष | 20,000/- |

**नोट**- 1. आवेदन करने के लिए दिये गये ई-मेलआईडी, abhyuayti.cwa@gmail.com
2. आवेदन करने की अंतिम तिथि 25.10.2023
3. लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना मे काम किये गये व्यक्ति को प्राथमिकता दी जावेगी।
सम्पर्क- कार्यालय अभ्युदय लोक सेवासंस्थान, लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना, छिंदवाड़ा मोक्षधाम मार्ग, खिरकापुरा, छिन्दवाड़ा (म.प्र.) मोबाइल नम्बर:- 9669123800, व्हाटसप 9827748602

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### In The Court of XXIII Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur
**Presiding Officer:**
**कुंवर युवराज सिंह**
**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु**

**(RCS A/0000898/2023)**

आराधना सोनी
Vs
अभिषेक तिवारी.....प्रतिवादी

**Process Id**- /2023
पेशी दि.:-21/11/2023

प्रेषिती-
**(1) अवनीश माईकल पिता स्व. ई. माईकल पता- मकान नं. 10 जय भीमनगर नर्मदा रोड जबलपुर जिला जबलपुर मध्य प्रदेश**

यह कि प्रार्थी आराधना सोनी ने आपके विरुद्ध दावा वास्ते घोषणा व स्थाई निषेधाज्ञा बाबत् के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी भी एंसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठीसीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 10 अक्टूबर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी -प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते घोषणा व स्थाई निषेधाज्ञा की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(कुंवर युवराज सिंह)**
**23वें व्यवहार न्यायाधीश**
**कनिष्ठ खंड जबलपुर**

र.नं. 1405

### In The Court of XXII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur
Presiding Officer:
**विश्वेश्वरी मिश्रा**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**

**(MJC SUC/0000093/2023)**

प्रियांक...... आवेदक
Vs
आम जनता .......अनावेदक

**Process Id**- 2023
पेशी दि.:-08/12/2023

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर मध्यप्रदेश
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रियांक अग्रवाल पता- 1183 आदि हॉम्स ए/2, चंचला बाई कॉलेज के पीछे, राइट टाउन जबलपुर तह. व जिला जबलपुर ने मृतक विनोद कुमार गुप्ता निवासी- जबलपुर, जिला जबलपुर (मध्यप्रदेश) की शाखा प्रबंधक एल.एन.टी. फायनेंसियल सर्विसेज शाखा राइट टाउन जबलपुर के कार्यालय से आवेदित भूमि को बंधक मुक्ति कराने हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08 दिसम्बर 2023 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08 दिसम्बर 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 29 सितम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी - प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन वास्ते भारतीय उत्तराधिकार अंतर्गत धारा 372 की प्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा)**
**बाइसवें सिविल न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड**
**जिला जबलपुर (म.प्र.)**

र.नं. -1409

## सेना ने नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा

**जम्मू।** सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास शुक्रवार को एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है जो प्रथमदृष्टया मानसिक रूप से विक्षिप्त लगता है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा सेना के सतर्क जवानों ने शुक्रवार सुबह नियंत्रण रेखा पर एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है ,जो मानसिक तौर पर अस्वस्थ है लेकिन सेना की ओर से सभी पहलुओं पर गौर किया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**आतंकवाद की परिभाषा...**
**शक्ति के जश्न मनाने का माध्यम समिट**

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत चंद्रमा पर उतरा। भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी की। आज हम पी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं। यह शिखर सम्मेलन शक्ति का जश्न मनाने का भी एक माध्यम है। भारत आज हर सेक्टर में विमेन पार्टिसिपेशन को बढ़ावा दे रहा है। हमारी संसद द्वारा लिया गया हाल का फैसला, हमारी संसदीय परंपरा को और समृद्ध करेगा।

**समिट में आए प्रतिनिधि भारत का चुनाव देखें**

मोदी ने कहा कि अगले साल भारत में फिर एक बार आम चुनाव होने जा रहा है। मैं जी-20 शिखर सम्मेलन में आए आप सभी प्रतिनिधियों को अगले साल होने वाले आम चुनाव को देखने के लिए अग्रिम निमंत्रण देता हूं। भारत को आपकी फिर से मेजबानी करने में बहुत खुशी होगी।

# देश-प्रदेश



उ वा च

सरकार बनने पर मप्र में मिलेगा सबको न्याय

**दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मिल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि मध्य प्रदेश की जनता भाजपा के शासन से त्रस्त हो चुकी है और आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत होगी तथा प्रदेश के सभी वर्गों के साथ न्याय होगा। खड़गे ने कहा कि मध्य प्रदेश में युवाओं, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़े वर्गों को कुछ ही दिनों में न्याय मिलने वाला है। पिछले 18 वर्ष के भाजपाई अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचारी कुशासन पर पूर्ण विराम लगेगा। इस बार जनता मध्य प्रदेश में पिछले दरवाजे से अलोकतांत्रिक भाजपा सरकार नहीं बनने देगी। इस बार दग़ाबाज़ों को करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में उनकी पार्टी बहुमत हासिल कर सरकार बना रही है।



### मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेताओं पर बोला हमला, बोले-

## झूठी गारंटियां दिलवा रहे कमलनाथ



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कांग्रेस झूठ बोलो और वोट लो, कांग्रेस की नीति है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कमलनाथ पर करारा हमला किया है। उन्होंने कहा कि जिस गांधी परिवार ने पूरे देश को ठगा और उस गांधी परिवार को कमलनाथ ठग रहे हैं। श्री चौहान ने आज यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि 2018 में कमलनाथ ने राहुल गांधी से झूठे वचन दिलवाए और 2023 में प्रियंका गांधी से झूठी गारंटियां दिलवा रहे हैं।

श्री चौहान ने कहा कि मंडला में प्रियंका गांधी ने बिना पढ़े ही पढ़ो-पढ़ाओ की घोषणा कर दी, कांग्रेस पूरी तरह से कंफ्यूज है। कल जिस तरह से प्रियंका से घोषणाएं करवाई गईं। मैंने वह वीडियो देखा, कई घोषणाएं करके बैठ गईं फिर कांग्रेस नेता उठे और बोले, एक और करो। अच्छा उन्हें पता ही नहीं क्या घोषणा करना है, उन्हें कांग्रेस के नेताओं द्वारा घोषणाएं पढ़ाई ही नहीं गईं।

### यह भी बोले मुख्यमंत्री

- प्रियंका ने बिना पढ़े ही कर दीं घोषणाएं
- गांधी परिवार ने सबको ठगा, कमलनाथ गांधी परिवार को ठग रहे
- झूठ बोलो, वोट लो कांग्रेस की नीति

कर सकते हैं कि पहले कुछ लिखते हैं, फिर पढ़ने का कहते हैं, कितने गंभीर है वह की हर साल में काम नहीं चलेगा तो हर महीने आ जाओ। ना लेना है ना देना है, बस झूठी घोषणाएं करनी हैं।

### कमलनाथ ने बच्चों का लैपटॉप और साइकिल बंद कर दी थी

श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने अपने पुराने वचन पत्र में कहा था कि शालेय स्तर के कई बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक अन्य पठन की उच्च कोटि की सामग्री निःशुल्क उपलब्ध करवाएंगे। लेकिन जो भाजपा सरकार लैपटॉप देती थी, बंद कर दिए थे। साइकिल देना बंद कर दी। मेधावी विद्यार्थी योजना इन्होंने ठंडे बस्ते में डाल दी। बच्चों की फीस तक छीन ली। निःशुल्क घर की घोषणा पर सवाल करते हुए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अब कह रहे हैं कि निःशुल्क घर देंगे। जबकि प्रधानमंत्री ने जो गरीबों के लिए, जो घर स्वीकृत किये थे, इन्होंने कहा था कि ले जाओ वापस। इन्होंने स्टेट का जो 40 प्रतिशत शेयर होता है वो भी नहीं दिया था।

### पूरी कांग्रेस कंफ्यूज- झूठी योजना हो गई फ्यूज

श्री चौहान ने कांग्रेस नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि मंडला में सभा के दौरान पहले प्रियंका मैडम बोलती हैं कि अभी-अभी एक और घोषणा मुझे बताई है, कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक बच्चों की स्कूली शिक्षा निशुल्क होगी। कमलनाथ फिर टोक रहे हैं प्रियंका जी को, करेक्शन करा रहे हैं, प्रियंका जी बोलती है आप ही बोलिए वो कहते हैं नहीं आप बोलिए, फिर वह दोबारा पढ़ती हैं, 1 से लेकर आठवीं तक 500 देंगे, नौवीं से लेकर दसवीं तक 1000 देंगे, 10 से 12 तक 1500 हर साल देंगे। फिर सुरजेवाला कहते हैं, हर साल नहीं, हर महीना। फिर मैडम कहती है, लिखा तो इसमें हर साल है। अब आप कल्पना

### ये पब्लिक है सब जानती है

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिये गये पीएम आवास योजना के मकान छीनने वाले ये, बच्चों के लैपटॉप और साइकिल छीनने वाले, बच्चों की फ़ीस छीनने वाले ये अब फिर ठगने आ गए हैं। यह जनता को ठगने के पहले ये तय भी नहीं कर पाते है कि 'महीने' कहना है कि 'साल'। ये कांग्रेस का झूठ है, ये राहुल गांधी जी और प्रियंका जी से लगातार झूठ बुलवा रहे है, लेकिन ये पब्लिक है जो सब जानती है।

## पहले नवरात्रे पर विजय की शुरुआत



भोपाल,देशबन्धु। प्रदेश प्रभारी और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष समन्वय बनाकर चल रहे हैं। इससे लगता है कि कांग्रेस मध्य प्रदेश में अप्रत्याशित जीत की तरफ कदम बढ़ा रही है। दो उदाहरण आपके सामने है। एक भाजपा की सिर फुटव्वल और भाजपा की घबराहट व छटपटाहट का है। दूसरा कांग्रेस के आत्मविश्वास का है। यह आत्मविश्वास मध्य प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता के आशीर्वाद का है। यह आशीर्वाद प्रदेश की जनता का जन-आक्रोश है, जो भाजपा पर फूट रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार आदिवासियों का बजट खा गई। यह ऑडिट रिपोर्ट कह रही है। हमें यह विश्वास है कि पहले नवरात्रे पर विजय की शुरुआत हो जाएगी।

## विधायक त्रिपाठी ने भाजपा छोड़ी, विस की सदस्यता से भी दिया इस्तीफा



**भोपाल, देशबन्धु।** मैहर से भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी ने विधानसभा की सदस्यता और भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। वह लम्बे समय से भाजपा के खिलाफ बगावती तेवर अपनाए हुए थे, उनके कांग्रेस में जाने की अटकलें तेज हो गई हैं।

श्री त्रिपाठी स्थानीय मुद्दों के साथ ही विंध्य प्रदेश के गठन की मांग को लेकर सक्रिय थे। इसको लेकर उनके और भाजपा के रिश्तों में खटास आ गई थी। जिसके चलते वह बीते 2-3 साल से लगातार पार्टी के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। इस बार भाजपा ने विधायक श्री त्रिपाठी के स्थान पर मैहर विधानसभा से ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक श्रीकांत चतुर्वेदी को टिकट दिया है। श्री त्रिपाठी सबसे पहले समाजवादी पार्टी विधायक निर्वाचित हुए थे। इसके बाद दूसरी बार वह कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा पहुंचे और तीसरी बार 2015 के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज करवाई, वहीं 2018 का विधानसभा चुनाव भी उन्होंने भाजपा के टिकट पर जीता।

### जिला पंचायत सदस्य ने भी दिया इस्तीफा

वहीं सागर के नरयावली विधानसभा से भाजपा से टिकट के दावेदार पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद तोमर ने भी भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफे का कारण पार्टी में अपनी उपेक्षा को बताया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि अरविंद तोमर नरयावली विधानसभा से चुनाव लड़ सकते हैं।



### गोविंदपुरा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में किया रोड शो, चुनावी सभा में बोले शिवराज

## हर घर को रोजगार से जोड़ने का प्रयास करेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर हम हर घर को रोजगार से जोड़ने का प्रयास करेंगे। हमारा लक्ष्य है एक परिवार से एक व्यक्ति रोजगार से जुड़ जाए। चाहे फिर वह सरकारी नौकरी हो या अन्य स्वरोजगार की योजनाएं। हमारा लक्ष्य हर परिवार को रोजगार से जोड़ने का है। यह बात श्री चौहान ने गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही।

इसके पहले श्री चौहान ने विधायक श्रीमती गौर के समर्थन में रोड शो किया। मुख्यमंत्री ने पहला रोड शो भानपुर स्थित शिवनगर से प्रारंभ किया, वहीं दूसरा रोड शो बागसेवनिया में किया। दोनों रोड शो के बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने हर वर्ग को लाभान्वित करने का काम किया है। आज प्रदेश में हर तरफ विकास की गंगा बह रही है, इस विकास की गति को बनाए रखने के लिए भाजपा को भारी बहुमत से जिताएं। गोविंदपुरा विधानसभा से बहन श्रीमती कृष्णा गौर को जिताकर भाजपा को आशीर्वाद दें। मैं विश्वास दिलाता हूं कि क्षेत्र के विकास में भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने बहनों को विश्वास दिलाया कि आपके मान, सम्मान में आपका भाई और भाजपा की सरकार कोई कमी नहीं आने देगी, बहनों का मान-सम्मान ही हमारा स्वाभिमान है।

### लाड़ली बहना और आवास योजना में जोड़े जाएंगे शेष नाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में जिन-जिन बहनों के नाम रह गए हैं, चुनाव के बाद पोर्टल खोलकर उनके नाम जोड़े जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के शेष बचे नामों को जोड़ा जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर भी 450 रुपए में दिए जा रहें हैं, ताकि बहनों को धुएं से परेशानी न हो।

### कमलनाथ पैसा न होने का रोना रोते रहते थे

उन्होंने कहा कि मैं कमलनाथ नहीं हूं जो प्रदेश के विकास में और गरीब हितैषी योजनाओं को चलाने के नाम पर पैसे न होने का रोना रोते रहते थे। उन्होंने कहा कि ये भाजपा सरकार है। हर संकट में गाँव, गरीब, किसान के साथ खड़ी रही है। मैं कमलनाथ जैसा नहीं हूँ जो पैसा न होने का रोना रोता रहूँ। भाजपा सरकार में जनता के कल्याण और प्रदेश के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी।

## सिंधिया बोले- मैंने विधानसभा चुनाव लड़ने से इंकार नहीं किया



**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि मैंने विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार नहीं किया है।

एक बयान में उन्होंने कहा कि कुछ मीडिया संगठन ऐसी खबरें चला रहे हैं कि मैंने विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है, जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने विधानसभा चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की अटकलों के बीच, पहली बार इस मुद्दे पर मीडिया से बात की है। उन्होंने यह साफ नहीं किया कि वह विधानसभा चुनाव लड़ेंगे या नहीं, हालांकि उनके इस बात से इनकार करने से इस बात की संभावना बढ़ गई है कि सिंधिया चुनाव लड़ सकते हैं। भाजपा ने केंद्रीय नेतृत्व ने जब से 3 केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित कई दिग्गजों को उनके गृह जिलों से मैदान में उतारा है, उसके बाद से राजनीतिक हलकों में अटकलें लगाई जा रही हैं कि सिंधिया भी विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। सिंधिया ने मार्च 2020 में कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए, जिससे तत्कालीन कमल नाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार गिर गई थी।

## दिग्विजय कांग्रेस का बंटाधार करके ही मानेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** हमास और पीएफआई के मुद्दे को लेकर भाजपा ने कांग्रेस और दिग्विजय सिंह को आड़े हाथों लिया है। प्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पीएफआई को लेकर दिग्विजय सिंह के बयान पर कहा कि जो प्रकरण न्यायालय में हो उसे दिग्विजय सिंह कैसे क्लीन चिट दे सकते हैं। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ ही राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से पूछा है कि क्या वे दिग्विजय सिंह के बयान से संतुष्ट हैं। उन्होंने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कमलनाथ अब तक क्यों शांत हैं, समझ नहीं आता। उन्हें साफ करना चाहिए कि क्या वो दिग्विजय के बयान से इत्तेफाक रखते हैं कि नहीं। श्री मिश्रा ने कहा कि दिग्विजय सिंह कांग्रेस का बंटाधार करके ही मानेंगे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि ये केवल तुष्टीकरण करते हैं, मुस्लिमों को डर दिखाकर इकट्ठा करो और हिंदू को जातियों में बांटो की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवा को आतंकवाद से जोड़ने, राम मंदिर की तिथि पर सवाल उठाने और महाकाल लोक पर सवाल उठाने वाले दिग्विजय सिंह है। इन्हें किसी दूसरे धर्म पर सवाल उठाते हुए देखा है क्या? श्री मिश्रा ने कहा कि जातीय जनगणना भी दिग्विजय सिंह जैसों की ही सोच की उपज है जो हिंदू को बांटकर राज करना चाहते हैं।

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/156 दिनांक 12.10.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ज्योति जैन पति श्री स्वदेश जैन ने मकान नं. 1271/2 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 264 व.फु. रिलीज डीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13
मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/157 दिनांक 12.10.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ज्योति जैन पति श्री स्वदेश जैन ने मकान नं. 1291 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 913.4 व.फु. भूतल 640 व.फु. प्रथम तल 652 व.फु. रिलीज डीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13
मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/158 दिनांक 12.10.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनमोल जैन पिता श्री स्वदेश जैन ने मकान नं. 1271/102 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान प्रथम तल 264 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13
मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर

**Change of DOB**

Service No. JC-118003L SUB KARTAR CHAND (RETD) Resident of House No. 20, Mandla Road, Sports Club, Jabalpur, Tilahri, Jabalpur (MP)- 482001. My Wife URMILA DEVI's Date of Birth is 04 DEC. 1954 as per my Army Service Records which is wrong. Correct Date of Birth of my wife is 17 JUL 1951 as per her Aadhar Card and PAN Card and it should be corrected in my all Army Service Records for all purpose.

Incorrect Date of Birth
04/12/1954
Correct Date of Birth
17/07/1951

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 88
2022-2023 दिनांक 10/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. श्रीमती शीला बाई बैरागी, पति- शंकर दास बैरागी, 2. श्री धनपत बैरागी, पिता- शंकर दास बैरागी ने भवन क्रंमाक-1310/पी-156, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000362221 जलकर पिन नं............., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी -श्री शंकर दास बैरागी, पिता- सुमस दास बैरागी, वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 600 व.फु., निर्मित भूतल 550 व.फु. आर.सी.सी., विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-07,
अधारताल, नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/176 दिनांक 12.10.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पावस उपाध्याय पति श्री धनंजय उपाध्याय ने मकान नं. 1320/40/सीजी/8 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती मैजनाइन-140 व.फु. भूतल 150 व.फु. सहमति पत्र/ मृत्यु प्रमाण/विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13
मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/177 दिनांक 12.10.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कपिल उपाध्याय पिता श्री हर्षद भाई उपाध्याय ने मकान नं. 1320/34/सीजी/2 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 240 व.फु. सहमति पत्र/ मृत्यु प्रमाण/विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13
मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/199 दिनांक 12.10.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री पीयूष जैन पिता श्री प्रमोद कुमार जैन 2. श्रीमती स्वाति जैन पति श्री पीयूष जैन ने मकान नं. 2665/बी-2 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 960 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13
मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO- JC-452076H, RANK- SUB HONY LT, NAME- DINESH SINGH, UNIT-15 GRENADIERS निवासी VILLAGE- RAKHIYA, POST- KAPTAN GANJ, TEH- HARIYA, DISTT- BASTI, STATE- (UP) शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम CHANDRABATI DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम CHANDRAWATI DEVI है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी के इस नाम CHANDRAWATI DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- CHANDRABATI DEVI
सही नाम- CHANDRAWATI DEVI

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 84
2022-2023 दिनांक 11/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्री मोहम्मद जाकिर खान, पिता- श्री अख्तर हुसैन ने भवन क्रंमाक-189/129 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000444104 जलकर पिन नं............., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी -श्री परवेज अख्तर, पिता- अब्दुल लतीफ वार्ड सुभाष चंद बोस वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 610 व.फु., , विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-07,
अधारताल, नगर निगम, जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 78
2022-2023 दिनांक 05/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती सजनी झा, पति- स्व. श्री रविकांत झा ने भवन क्रंमाक-121/11 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000426947 जलकर पिन नं............., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी -श्री निर्दोष कुमार उपाध्याय, पिता- स्व. श्री द्वारिका प्रसाद उपाध्याय, वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड , निर्मित क्षेत्रफल 2000 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 450 व.फु., निर्मित भूतल 350 व.फु. , विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-07,
अधारताल, नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 2 कछपुरा, नगर निगम जबलपुर**

क्र.स.अधि./सं.क्र.02/2023/एम/ क्यू-38
दिनांक -13/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

पिन नं. -1002937256

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेखा श्रीवास्तव पति श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव ने मकान नं. भवन फ्लेट 402 चतुर्थ तल क्षेत्रफल 1046 व.फु. भूतल 600 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-02 कछपुरा में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.-2 कछपुरा,
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2023-24/249 दिनांक 13/10/2023

**भवन नामांतरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्रीमती गीता दीवान/स्व. बाबूलाल दीवान 2. अनूप कु. दीवान /पिता स्व. श्री बाबूलाल दीवान ने भवन क्रं. 819 वार्ड जवाहरगंज भूतल जीएफ-399 प्रथम तल एफएफ-329 सुधार पत्र, बैनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 819 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्री अशोक भार्गव पिता स्व. श्री श्याम सुन्दर भार्गव भवन क्र. 819 पिन नं. 41501918, 1000394472 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-05,
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 13/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शशिभूषण कुमार पिता श्री उपेन्द्र प्रसाद कुमार, श्रीमती प्रियंका कुमारी पत्नी शशि भूषण कुमार ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक पीएनओ-445 चैतन्य सिटी फैस-2 पार्ट-1 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1002941063 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1500 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रयपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री नीरज कुमार श्रीवास्तव पिता सत्य मोहन श्रीवास्तव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**PUBLIC NOTICE**

It is general Information that I, PALLAVI KUMRE D/o SHRI HARI CHAND KUMRE residing at Taigor Ward, A.P.S. School ke Pass, Seoni, Madhya Pradesh- 480661 declare that name of mine Father & Mother has been wrongly written as H.C. KUMRE & DEOKI KUMRE in my Class 10th Certificate No. A114/03317/0002. The Actual name of mine Father & Mother is HARI CHAND KUMRE & DEVKI KUMRE respectively which may be amended accordingly.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

PALLAVI KUMRE
Signature
(In existing new name)

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 87
2022-2023 दिनांक 10/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. श्रीमती सावित्री ठाकुर, पति- लाल सिंह ठाकुर, 2. श्री विकास ठाकुर (लोधी), पिता-श्री लाल सिंह ठाकुर, ने भवन क्रंमाक-745/2 आर.बी., संपत्ति कर/ पिन नं. 1000360658 जलकर पिन नं............., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी -श्री जयंत कुमार जैन, पिता- स्व. श्री कोमल चंद जैन, वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड , निर्मित भूतल 1000 व.फु. आर.सी.सी., विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-07,
अधारताल, नगर निगम, जबलपुर

**संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम -96
दिनांक 13/10/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि श्री गणेश सिंह ठाकुर, पिता- श्री रमेश सिंह ठाकुर एवं श्रीमती किरण सिंह ठाकुर, पति- श्री गणेश सिंह ठाकुर के द्वारा वार्ड 73 भगवान परशुराम वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1004507644 के पंजीकृत स्वामी जय मॉ शारदा एसोसिएट्स-ज्ञानवेन्द्र सिंह व जितेन्द्र कुमार तिवारी के नाम से दर्ज भूमि खसरा नं. 507/1,507/2,511/1/1, 51/2 का दर्ज खुली भूमि रकवा 23977 व.फु. में से मौजा करमेता खसरा नं. 507/1,507/2 में से प्राईवेट प्लाट नं. 15 का भाग विक्रय रकवा 888 व.फु. , विक्रय/ क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, सुधार पत्र, खसरा प्रति, एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर

### कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाए आरोप

## 3 लाख से अधिक वनाधिकार पट्टे निरस्त किए



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने भाजपा सरकार को आदिवासी विरोधी बताते हुए आज फिर कई मुद्दों पर घेरा। पार्टी ने आरोप लगाया कि शिवराज सरकार ने 3 लाख 22 हजार से अधिक वनवासियों के पट्टे निरस्त किए हैं, उससे स्पष्ट है कि ये सरकार वनवासियों की हितैषी नहीं है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सरकारी उपेक्षा के चलते आदिवासी दर-दर भटकने पर मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अपने स्वाभिमान के लिए जल, जगंल, जमीन की लड़ाई लड़ रहा है। इस लड़ाई में कांग्रेस आदिवासी समाज के साथ दृढ़ता के साथ खड़ी है। कांग्रेस प्रवक्ता राजपूत ने कहा कि आदिवासी समाज पर अत्याचार की लम्बी सूची हैं, इस सिलसिले में उन्होंने विदिशा, अनूपपुर, महू सहित कई घटनाओं का जिक्र किया।

### भ्रष्टाचारियों को सरकारी संरक्षण

कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने आरोप लगाते हुए कहा कि आज आदिम जाति कल्याण विभाग का भ्रष्टाचार सामने आया, जिसमें 10 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है, जिसमें 7 साल से सह-आयुक्त रहे 8 अफसरों पर न्यायालय ने भी भ्रष्टाचार का मामला दर्ज करने का आदेश जारी किया है, जिसमें न्यायालय ने कहा कि नियम विरूद्व उन्होंने खाते से ही आहरण जारी रखा। क्या सरकार का भ्रष्टाचारियों को सरंक्षण प्राप्त है। अधिकारी खुलेआम नियम विरूद्ध खाता खोलते थे और उससे राशि स्वयं ही राशि निकालते थे। उन्होंने पूछा कि ये पैसा किसको जाता था।

## उमा के पूर्व सलाहकार को मनाने घर पहुंचे कैलाश विजयवर्गीय

**नागदा, देशबन्धु।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय गुरुवार को टिकट कटने से नाराज उमा भारती के मुख्यमंत्री कार्यकाल में सलाहकार रहे पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत के नागदा जिला उज्जैन स्थित निवास पर पहुंचे, 3 बार इस क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके शेखावत का इस बार टिकट काटकर संगठन भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान को मैदान में उतारा है। शेखावत 3 में से एक बार 2013 चुनाव जीते थे। संगठन के निर्णय के खिलाफ नगर पालिका परिषद के 16 पार्षदों तथा खाचरौद के कुछ पार्षदों ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। और भी सैकड़ों कार्यकर्ताओं त्यागपत्र देकर पार्टी के निर्णय को बदलने के लिए अड़े हुए थे। इस निर्णय के खिलाफ हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटाकर श्री शेखावत ने शक्ति प्रदर्शन कर पार्टी के समक्ष संकट खड़ा कर रखा था। टिकट की घोषणा के बाद वे भाजपा उम्मीदवार डॉ. चौहान के चुनाव प्रचार से भी दूर थे। दोनों पक्षों के कार्यकर्ताओं के बीच सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप भी चले। श्री शेखावत ने घोषणा कर रखी थी कि बीफार्म मिलने तक टिकट बदलने की लड़ाई जारी रखेंगे। यह विवाद लगभग 2 सप्ताह से जारी था। इस विवाद के चलते जब श्री विजयवर्गीय नागदा पहुंचे तब डॉ. तेजबहादुर के पक्ष में कार्यकर्ता सम्मेलन तय हुआ था । जो कि रांगोली गार्डन में प्रस्तावित था।

# अभिमत

***राज्य जाति सर्वेक्षणों के सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आंकड़े एक बार सामने आ जाने के बाद राज्य सबसे कमजोर समूहों की पहचान कर सकते हैं और उसके मुताबिक नीतिगत उपायों व सशक्तिकरण योजनाओं की रूपरेखा बना सकते हैं। इससे समाज के सबसे निचले वर्ग का अधिक सशक्तिकरण होगा और नई जाति के नेताओं का उदय होगा, जहां नए समूह समाज में अधिक हिस्सेदारी के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। जातिगत आकृति के स्पष्ट रूप से सीमांकित होने पर यह कई क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय नेताओं को सामने लाएगा।***

## न्याय की तलाश और बिहार की जातिगत



डॉ. मलय मिश्रा

गांधी जयंती पर बिहार सरकार द्वारा जारी व्यापक जाति सर्वेक्षण (काम्प्रिहेन्सिव कास्ट सर्वे-सीसीएस) ने 1990 के दशक की शुरुआत की यादों को ताजा कर दिया है जो मंडल आयोग की रिपोर्ट जारी होने और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए आडवाणी के नेतृत्व वाली रथ यात्रा (जो दिसंबर 1992 में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के रूप में समाप्त हुई थी) से जुड़ी हुई हैं। पहला नाम मंडल कमंडल से जोड़ा गया जिसका इस्तेमाल वीपी सिंह सरकार द्वारा ओबीसी को जाति-आधारित आरक्षण देने के लिए मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू करने के प्रयासों का वर्णन करने के लिए किया गया था और जिसे भाजपा की वोट हासिल करने के लिए उभरती हुई हिंदुत्व की प्रचलित धारणा के खिलाफ माना गया था।

विपक्षी दलों और यहां तक कि सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन में शामिल अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व वाले 'अपना दल' ने भी छोटे जाति-आधारित समूहों की राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना सीसीएस की मांग का प्रस्ताव रखा है। केंद्र में इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में सत्ता में आने पर कांग्रेस ने वादा किया है कि वह जाति आधारित जनगणना करवाएगी। यदि ऐसा होता है तो स्वतंत्रता के बाद जाति-आधारित जनगणना कराने का यह पहला अवसर होगा। उल्लेखनीय है कि पिछली जाति जनगणना 1931 में की गई थी। याद रखने वाली बात यह है कि पिछले दशक में जनगणना 2011 में की गई थी और 2021 में होने वाली जनगणना को कोविड-19 के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाद में जनगणना के प्रति मोदी सरकार की उदासीनता के कारण यह काम टाल दिया गया है।

2014 में सत्ता में आने के बाद से भाजपा ने हिंदू आधार को मजबूत करने और हिंदुओं की सभी जाति समूहों को एक व्यापक तम्बू के नीचे लाने में सक्षम होकर व्यवस्थित रूप से अपनी प्रोफाइल, सदस्यता और मतदान प्रतिशत में वृद्धि की है। भाजपा के वोट शेयर का एक बड़ा हिस्सा खुद को हिंदुओं के हितों की रक्षा करने वाली हिंदू पार्टी के रूप में पेश करने से आता है। इस परिप्रेक्ष्य में पार्टी ने उच्च जातियों-ब्राह्मणों, बनिया, कायस्थों के साथ-साथ ओबीसी और अन्य अत्यंत पिछड़ी जातियों के हितों के एक व्यापक समूह का समर्थन किया है जहां निचली जातियों ने सत्ता-साझेदारी के इंद्रधनुषी गठबंधन का हिस्सा बनने के लिए अपने हितों को छोड़ दिया है। इस रणनीति से भाजपा को 2014 और 2019 के आम चुनावों में लगातार जबरदस्त लाभ मिला है। हिंदी-हिंदू बेल्ट के तीन राज्यों सहित पांच राज्यों में चुनावों के कुछ महीने बाद लोकसभा का अगला आम चुनाव आ रहा है। बिहार जाति सर्वेक्षण ने दिखाया है कि बिहार की आबादी में 63 प्रतिशत लोग अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (एक्सट्रीमली बैकवर्ड क्लास-ईबीसी) के हैं जिसमें एससी की साझेदारी 19.65 फीसदी है। इस प्रकार एससी और एसटी समूहों के साथ-साथ हिंदू धर्म के व्यापक स्पेक्ट्रम से संबंधित निचली जाति समूहों का कुल प्रतिशत आबादी के 83 फीसदी से अधिक तक पहुंच जाता है जबकि उच्च जातियों को केवल 15.5 फीसदी तक ले जाया जा सकता है। इस वर्गीकरण में 17.7 प्रतिशत से अधिक की कुल मुस्लिम आबादी में से 5 फीसदी उच्च जाति के मुसलमान शामिल हैं।

इस समीकरण ने न केवल भाजपा के चुनावी गणित को बिगाड़ दिया है बल्कि इसका उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों और रोजगार में उनकी आबादी की हिस्सेदारी के अनुपात में उच्च आरक्षण के उद्देश्य से जाति विन्यास को फिर से तैयार करना है। इस प्रकार विपक्षी समूहों के बीच राहुल गांधी के नारे-'जितनी आबादी, उतना हक' को एक प्रतिध्वनि मिली है जिन्होंने राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना के लिए भाजपा पर बढ़ते दबाव में अपनी आवाज जोड़ दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने सीसीएस पर रोक के खिलाफ फैसला सुनाया है। यह फैसला पटना उच्च न्यायालय के 1 अगस्त के उस आदेश का समर्थन करता है जिसमें राज्य सरकार को केंद्र की आपत्तियों के बावजूद अपनी जाति जनगणना के साथ आगे बढ़ने की अनुमति दी थी। केन्द्र का कहना है कि संविधान की 7 वीं अनुसूची, जनगणना अधिनियम, 1948 और जनगणना नियम 1990 के अनुसार जनगणना करने का अधिकार केवल केंद्र को ही है और इस तरह के सर्वेक्षणों में प्रतिवादी की गोपनीयता का उल्लंघन किया जा सकता है। बिहार सरकार ने इस कवायद को 'सामाजिक सर्वेक्षण' बताते हुए राज्य विधानसभा की अगली बैठक में सर्वेक्षण के सामाजिक-आर्थिक आयामों को सामने लाने की प्रतिबद्धता जताई है ताकि शासन के लाभ आबंटित करने और अब तक गिने नहीं जाने वाले समूहों के लिए आरक्षण को चिह्नित करने के लिए लक्ष्य तय किए जा सकें।

यह ध्यान देने वाली बात है कि सर्वेक्षण जारी होने के एक दिन बाद नीतीश कुमार सरकार ने राज्य न्यायिक सेवाओं तथा राज्य द्वारा संचालित लॉ कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत कोटा आबंटित किया और इस प्रकार भाजपा पर एक तरह की बढ़त हासिल की। भाजपा ने 8 लाख रुपये की वार्षिक सीमा का आय मानदंड तय करते हुए उच्च जातियों को संतुष्ट करने के लिए इस तरह की श्रेणी शुरू की थी। कर्नाटक, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों ने पहले ही अपने ओबीसी सर्वेक्षण पूरे कर लिए हैं जबकि राजस्थान ने राज्य चुनावों के बाद इसे लाने की घोषणा की है।

राज्य जाति सर्वेक्षणों के सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आंकड़े एक बार सामने आ जाने के बाद राज्य सबसे कमजोर समूहों की पहचान कर सकते हैं और उसके मुताबिक नीतिगत उपायों व सशक्तिकरण योजनाओं की रूपरेखा बना सकते हैं। इससे समाज के सबसे निचले वर्ग का अधिक सशक्तिकरण होगा और नई जाति के नेताओं का उदय होगा, जहां नए समूह समाज में अधिक हिस्सेदारी के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। जातिगत आकृति के स्पष्ट रूप से सीमांकित होने पर यह कई क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय नेताओं को सामने लाएगा तथा आधार और मध्यस्थ स्तरों पर गठबंधन की अगुआई करेगा।

**यह मंडल 2.0 की व्याप्ति के लिए एक ऐसी उपयुक्त स्थिति है जिसमें समाज की निचली जातियों के बीच अधिक सौदेबाजी की शक्ति बढ़ेगी जो भाजपा को अयोध्या में अगले साल की शुरुआत में राम मंदिर के उद्घाटन से लाभ प्राप्त करने के कदम को पहले से ही रोक देगी और इससे हिंदी-हिंदू बेल्ट में सत्तारूढ़ पार्टी के वोट बैंक में काफी हद तक सेंध लगेगी।**

यह मंडल 2.0 की व्याप्ति के लिए एक ऐसी उपयुक्त स्थिति है जिसमें समाज की निचली जातियों के बीच अधिक सौदेबाजी की शक्ति बढ़ेगी जो भाजपा को अयोध्या में अगले साल की शुरुआत में राम मंदिर के उद्घाटन से लाभ प्राप्त करने के कदम को पहले से ही रोक देगी और इससे हिंदी-हिंदू बेल्ट में सत्तारूढ़ पार्टी के वोट बैंक में काफी हद तक सेंध लगेगी। इस लिहाज से देखें तो नीतीश कुमार ने आरजेडी के साथ मिलकर 2024 के आम चुनावों में विपक्ष पर बढ़त हासिल करने की भाजपा की योजनाओं पर पानी फेरने की कोशिश की है। कोई आश्चर्य नहीं होगा कि बिहार की राजनीति के इस मास्टरस्ट्रोक से भाजपा नेतृत्व चकित हो गया है।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर जाति कार्ड खेलने का आरोप लगाते हुए असंबद्ध बयान दिए हैं। उनका कहना है कि गरीबी सबसे बड़ी जाति है जिसका अर्थ है कि राज्य सरकारों को जाति के नाम पर समाज को विभाजित करने के बजाय गरीबी दूर करने के प्रति अधिक ध्यान देना चाहिए। उनका यह वक्तव्य बिना सोचे-समझे की गई प्रतिक्रिया की तरह लगता है। सत्तारूढ़ पार्टी, अपने स्थानीय और क्षेत्रीय वार्ताकारों के माध्यम से ओबीसी और निचली जाति की बढ़ती मांगों को रोकने में कामयाब नहीं हो सकती है। इस अर्थ में, भाजपा द्वारा वैचारिक रूप से थोपी गई समरसता और निचले तबके के लोगों के लिए समानता संवैधानिक रूप से स्वीकृत समानता का मार्ग प्रशस्त कर सकती है जिसे उच्चतम स्तर पर न्यायिक जांच का टेका लगाया जा सकता है।

डॉ. आंबेडकर ने अपनी किताब 'दी अनाइलेशन ऑफ कास्ट' में दलितों से आह्वान किया था कि वे पूरी तरह से हिंदू धर्म से अपनी पहचान खत्म करें ताकि विरोध की एक नई भाषा विकसित की जा सके और वास्तविक सशक्तिकरण के लिए एक नई आवाज तथा पहचान बनाई जा सके। अफसोस, ऐसा नहीं होने जा रहा है। इसके बजाय धर्म की मान्यता प्राप्त संरचना के भीतर अपनी पहचान हासिल करने की कोशिश में ओबीसी समूहों के और अधिक टुकड़ों में विभाजित होने का निष्कर्ष सच हो जाएगा। हालांकि एक नई पहचान और सामाजिक विकास में समान हिताधिकार होने की आकांक्षा की इस खोज में ओबीसी को इस बात की सतर्कता बरतनी होगी कि अपनी सुरक्षा, समृद्धि और न्याय के लिए राज्य से अधिक ध्यान देने की उनकी मांग कहीं खो न जाए।

(लेखक सेवानिवृत्त राजनयिक हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)

### बीता सप्ताह

**7 अक्टूबर**

- चुनाव से पहले लोकलुभावन योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राजस्थान, मध्यप्रदेश व केंद्र सरकार को नोटिस दिया।
- नार्वे की नोबेल समिति ने जेल में कैद ईरान की मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को नोबेल शांति पुरस्कार दिया।
- छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में महुआ बोर्ड का गठन किया।
- मुंबई की गोरेगांव की एक इमारत में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई।

**8 अक्टूबर**

- एशियाई खेलों में कबड्डी स्पर्धा के फाइनल में भारत ने ईरान को को परास्त कर 8वीं बार स्वर्ण पदक जीता।
- गाजा पट्टी में हमास के हमलों का इजरायल ने दिया जवाब। गाजा में इजरायल की बमबारी से 160 लोग मारे गए।
- महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में संवेदनशील होने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देशित किया।
- जीएसटी काउंसिल बैठक में मोटे अनाज से बने उत्परादों पर अब टैक्स नहीं लेने का फैसला लिया।

**9 अक्टूबर**

- अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में आए भूकंप से 2000 लोगों की मौत हो गई।
- संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारत में मौसमी आपदाओं से 67 लाख बच्चे बेघर हो गए।
- सिक्किम में अचानक आई बाढ़ से 30 लोगों की मौत हो गई जिसमें 19 भारतीय जवान भी शामिल हैं।
- दिल्ली दंगों के फैसले को लेकर ओडिशा हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एस मुरलीधर ने कहा कि मुझे नहीं मालूम कि दिल्ली दंगों के फैसले से सरकार क्यों10 नाराज

**10 अक्टूबर**

- भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया।
- छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवंबर, मध्यप्रदेश में 17 राजस्थान में 25, मिजोरम में 7, तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान होंगे।
- कांग्रेस कार्यकारिणी समिति ने कांग्रेस शासित सभी राज्यों में जातीय जनगणना करने का फैसला लिया।
- रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने अमेरिकी अर्थशास्त्री क्लाडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया।
- सिंगापुर में भारतीय मूल के एत ड्रग अपराधी को तीन साल जेल की सजा सुनाई गई।

**11 अक्टूबर**

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि देश के बाहर पहला आईआईटी तंजानिया में शुरू होगा।
- भारत और इटली ने अनुसंधान एवं विकास, सह विकास, सह उत्पादन और संपुक्त उद्यमों की स्थापना सहित विभिन्न रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- जम्मू-कश्मीर के शोपिया के अलशीपोरा में सेना के एनकाउंटर में दो आतंकी मारे गए।
- ईडी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा की 15 अचल संपत्तियां कुर्क कीं जो उन्होंने वन एवं पर्यावरण मंत्री पद पर रहते हुए अर्जित की थी।

**12 अक्टूबर**

- राजस्थान में चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव की तिथि बदली। 23 नवंबर की जगह अब 25 नवंबर को होंगे मतदान।
- अधिवक्ता रवीन्द्र कुमार अग्रवाल छत्तीसगढ़ के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त किए गए।
- केंद्रीय ब्यूरो (सीबीआई) ने समाचार पीर्टल न्यूक्लिक के खिलाफ मामला दर्ज किया।
- जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर गोली लगने से एक अग्निवीर की मौत हो गई।

**13 अक्टूबर**

- कांग्रेस ने की पढ़ो पढ़ाओ योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश में छात्रों को हर महीने पैसे देने की घोषणा।
- बिहार ट्रेन हादसे पर खड़गे बोले तय हो रेलवे व केन्द्र की जवाबदेही
- राष्ट्रपति ने वैष्णो देवी में श्रद्धालुओं को स्काईवाक का तोहफा दिया।
- बिहार में रेल हादसे में शुरू हुई सियात- नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी आमने-सामने

## बजरंग पूनिया के न जीत पाने पर खिली बांछों वाला सनातनी राष्ट्रवाद

■ बादल सरोज

इस बार के एशियाई मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने अलग-अलग मुकाबलों में 28 स्वर्ण, 38 रजत, 41 कांस्य, इस तरह कुल मिलाकर 107 पदक जीते। यह एशियाई खेलों में भारत का अब तक का सबसे बेहतर रिकॉर्ड है।

इन खेलों में संयोग ऐसा हुआ कि इस मुकाबले में भारत के दिग्गज पहलवान बजरंग पूनिया कोई पदक नहीं जीत पाए। खेल में ऐसा होना स्वाभाविक है; पिछले दिनों भाला फेंक में एक बार फिर मैडल जीतकर आये नीरज चोपड़ा की मां इसे बहुत ही सहजता के साथ कह भी चुकी हैं कि जब कोई खेल प्रतियोगिता होती है तो एक खिलाड़ी जीतता है तो दूसरा हारता भी है। खेलों में हार-जीत कोई असामान्य या असाधारण बात नहीं है। फुटबॉल के तीनों जादूगरों पेले, माराडोना और लियोनिल मेस्सी की टीमे कई बार हारी भी हैं। सबसे अधिक गोल दागने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम तो अक्सर विश्व कप मुकाबलों के फाइनल तक भी नहीं पहुंच पाती। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की टीम 1936 का ओलम्पिक स्वर्ण पदक जीतने से ठीक पहले भारत में दिल्ली इलेवन से 4-1 के बड़े अंतर से हार गई थी। शतरंज के दिग्गज और वर्षों तक विश्व चैंपियन रहे बोरिस स्पास्की भी सिर्फ बॉबी फिशर से ही नहीं हारे, कई कई बार और भी हारे। मतलब यह है कि खेलों में हार- जीत होती रहती है और इसे हमेशा खेल भावना के साथ लिया जाना चाहिये, लिया जाता है। जीतने वाले खिलाडियों को देश की जनता और उसकी सरकारें सराहती हैं वहीं न जीत पाने वाले खिलाड़ियों का भी हौंसला बढ़ाती हैं, उनके साथ खड़ी होती हैं। दुनिया में ऐसा ही होता है, भारत जो इंडिया भी है, में भी ऐसा ही होता रहा है।

**यह राष्ट्रवाद कितना पाखंडी है इसका सबूत क्रिकेट विश्वकप के खेलों के आयोजन से ही मिल जाता है जो संघ भाजपा गिरोह दसियों साल तक पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के भारत में खेलने का विरोध करता रहा, उसके खिलाफ साम्प्रदायिक उन्माद उकसाता रहा वही आज पाकिस्तान की क्रिकेट टीम की भागीदारी वाले आईसीसी विश्वकप का आयोजन कर रहा है। अच्छी बात है, यदि इसे सच्ची खेल भावना से किया जा रहा होता तो इसमें अनुचित कुछ नहीं है।**

मगर 2014 के बाद का भारत, खासतौर से इसके हुक्मरान और उनके चरण चुम्बक औपचारिक और अनौपचारिक मीडिया के मामले में, बदला हुआ भारत है। पूर्वाग्रही विद्वेष और अपनों से ही नफरत इसकी विशेष पहचान है। इसका नमूना बजरंग पूनिया के न जीत पाने के बाद संघियों की आई टी सैल की ट्रोल आर्मी की जहरीली मुहिम में नजर आया। एशियाई खेलों में बजरंग पूनिया को हराने वाले जापान के कैकी यामागुची और ईरान के रहमान अमज़द खलीली अपनी जीत पर जितने खुश नहीं हुए होंगे उससे ज्यादा खुशी इन कथित राष्ट्रवादियों के थोबड़ों पर बजरंग पूनिया के न जीत पाने पर थी। अपनी साथी महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के खिलाफ बहादुरी के साथ डटे रहने वाले बजरंग पूनिया के हारने पर पूरे गिरोह की बांछें खिली हुई थीं, वे और उनके भोंपू मीडिया ने बजरंग के न जीत पाने के लिए उनके द्वारा 'खेलों की बजाय राजनीति' करने के उनके काम को दोषी ठहराया और इस तरह उस व्यभिचारी भाजपा सांसद की अश्लील हरकतों के खिलाफ लड़ाई को 'राजनीति' बताने की दुष्टई की। इतना ही नहीं, खुद जिसके खिलाफ दिल्ली पुलिस की भरी-पूरी चार्जशीट है और जिसे अदालत ने समन जारी किया हुआ है, भाजपा के चहेते सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह भी अपनी खीज उतारने के लिए प्रेस से बात करने के लिए उपलब्ध हो गए और बजरंग पूनिया के बारे में अनेक उपदेश दे डाले। सनद रहे कि एशियाई खेलों में न जीत पाने वालों में बजरंग अकेले नहीं हैं, भारत ने 655 एथलीटों के साथ 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 में हिस्सा लिया। जाहिर है सबके सब तो नहीं जीते। मगर उनके निशाने पर सिर्फ एक पहलवान है; होना भी चाहिए क्योंकि असल में वही सचमुच का पहलवान है भी। गलत को गलत, अन्याय को अन्याय कहने वाला, उनके खिलाफ लड़ने वाला पहलवान।

किसी भी सभ्य लोकतांत्रिक देश में कायदे से चर्चा इन खेलों में खेलने गई भारत की उस फुटबॉल खिलाड़ी चिंगलेनसाना सिंह की होनी चाहिये जो मणिपुर से है, चीन खेलने गई है जबकि मणिपुर में खुद उसका घर जलाया जा चुका है मगर वह इस सबके बावजूद देश के लिए खेलने गई है। मणिपुर की ही वुशु खिलाड़ी नाओरेम रोशिबिना देवी की होनी चाहिये जो मैडल लेने के बाद इसलिए रो पड़ीं क्योंकि बाकी खिलाडियों की तरह वे अपने घर वापस नहीं लौट पाएंगी। अपना पदक अपने राज्य मणिपुर को यह कहते हुए समर्पित किया कि 'मैं चाहती हूं कि स्थिति सामान्य हो जाए पहले से बेहतर हो जाए। सब कुछ जलते हुए देखना, अच्छा नहीं लगता।' अंडर 16 खेलों में हॉकी का विश्व मुकाबला जीतकर आये मणिपुर के मैतेई खिलाड़ी भरत लारेन्जम और कुकी खिलाड़ी लेविस जैंगमिन्लुन की होनी चाहिये जिनके निर्णायक गोलों ने बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से जीत दिलाई थी, लेकिन जो अब साथ-साथ अपने घर नहीं लौट सकते। पूरे देश में चर्चा का विषय रिले रेस में स्वर्ण पदक जीतने वाली उस टीम की होनी चाहिये थी जिसमें मोहम्मद अजमल, मोहम्मद अनस, अमोज जैकब और राजेश रमेश की जोड़ी के रूप में सचमुच का हिन्दुस्तान था। यह वह टीम थी जिसने इतिहास रच दिया और 1962 के बाद पहली बार रिले रेस के टीम इवेंट में भारत को पहला गोल्ड मेडल दिला दिया है।

मगर ऐसा करना हुक्मरानों के विभाजनकारी एजेंडे के हिसाब से काम का नहीं है। इसलिए इन सब पर बात नहीं होगी। बात के दो आयाम होंगे - पहले में उनकी बी टीम बजरंग पूनिया का मानमर्दन करेगी। कंस को कंस, दुशासन को दुशासन कहने की उसकी हिमाकत के लिए उसकी हार का जश्न मनायेगी। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि पूनिया भारत के ऐसे कुश्ती खिलाड़ी हैं जिन्होंने ओलम्पिक सहित हरेक मुकाबले में मैडल जीते हैं। वे सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले मुकाबलों में जीता एशियन खेलों का अपना गोल्ड मैडल सार्वजनिक रूप से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित करने का ऐलान किया था- इसके बावजूद वे उन्हीं अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर सामने रखने वाली ट्रोल आर्मी के निशाने पर रहे क्योंकि उन्होंने अपनी सहयोगी महिला खिलाड़ियों के साथ यौन अपराध करने वाले भाजपा सांसद को अपराधी कहने का साहस दिखाया। इसलिए उनके न जीत पाने पर ब्रजभूषण शरण के आचरण-सहोदरों को जश्न मनाना ही है। वहीं दूसरी तरफ खिलाड़ियों की जीत को मोदी है तो मुमकिन है से जोड़कर मोदी की वजह से हुई जीत बताकर थैंक्यू मोदीजी का स्तुति-रुदन समारोह शुरू करना है। यह शुरू हो भी चुका है। खिलाड़ियों के लौटने के बाद मोदी जी अपनी चुनाव सभाओं में से समय निकाल कर इन खिलाड़ियों के साथ लंच, डिनर करेंगे, उन्हें खेल के गुर सिखायेंगे। पिछले मुकाबले के बाद भी उन्होंने यही किया था। उसके बाद जब यही खिलाड़ी- खिलाड़िने विनेश फोगाट और साक्षी मलिक की तरह किसी कोच, किसी खेल संघ के भाजपाई अध्यक्ष द्वारा अपने साथ किये किसी गलत और आपराधिक आचरण के खिलाफ आवाज उठाएंगे तो उन्हें जंतर मंतर पर पुलिस द्वारा मारा पीटा और घसीटा जाएगा, राष्ट्रद्रोही करार दिया जाएगा।

इस कुनबे का राष्ट्रवाद इतना ही खोखला और इतना ही फर्जी है। अब फिर इस फर्जी राष्ट्रवाद का मुजाहिरा शुरु हो चुका है। अभी पांच राज्यों के चुनाव हैं, कुछ महीनों बाद लोकसभा के चुनाव भी हैं, इसलिए उत्सवी घन गरज तेज से तेजतर करनी है। लिहाजा इन दिनों, एक बार फिर, यह ढोंगी राष्ट्रवाद अपनी विद्रूपता के चरम पर है। बात अहम् ब्रह्मास्मि से भी आगे पहुंच गई है ; अब मोदी ही ब्रह्मा हैं, वे ही विष्णु हैं और वे ही विष्णु के अब तक के सारे अवतार हैं!! यह राष्ट्रवाद कितना पाखंडी है इसका सबूत क्रिकेट विश्वकप के खेलों के आयोजन से ही मिल जाता है जो संघ भाजपा गिरोह दसियों साल तक पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के भारत में खेलने का विरोध करता रहा, उसके खिलाफ साम्प्रदायिक उन्माद उकसाता रहा वही आज पाकिस्तान की क्रिकेट टीम की भागीदारी वाले आईसीसी विश्वकप का आयोजन कर रहा है। अच्छी बात है, यदि इसे सच्ची खेल भावना से किया जा रहा होता तो इसमें अनुचित कुछ नहीं है किन्तु इसके पीछे सैकड़ों हजारों करोड़ के मुनाफे की लिप्सा के सिवाय और कुछ नहीं है ; क्रिकेट को कमाऊ उद्योग बनाने वालों को पता है कि यदि वे कोई शर्त लगाते तो उनके हाथों से यह पहली बार पूरी तरह भारत में प्रतियोगिता के आयोजन का मौक़ा छिन सकता था। चंद कारपोरेट दैत्यों का मुनाफ़ा ही इनके राष्ट्रवाद की प्राणवायु है। कहते हैं कि राष्ट्रवाद धूर्तों की आखिरी पनाहगाह - शरणस्थली - होता है।

इतिहास - दुनिया भर का इतिहास - बिना किसी अपवाद के इस तरह के लोगों के साथ एक सा बर्ताव करता रहा है। उन्हें कूड़ेदान के हवाले करता रहा है। इस बात की पूरी संभावना है कि अगले महीने होने वाले 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव इस पाखण्ड के अंत का आरम्भ करने वाले होंगे। बची-खुची कसर अगले साल की पहली छमाही में होने वाले आम चुनाव पूरी कर देंगे, क्योंकि अंधियारे कभी उम्रदराज नहीं होते।

***(लेखक सम्पादक लोकजतन, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसान सभा)***

## हिरासत में जीता, नरगिस ने नोबेल

■ हेमलता म्हस्के

नार्वे की नोबेल पुरस्कार समिति ने इस साल उस ईरानी महिला नरगिस मोहम्मदी को शांति के लिए नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की है जो अपने देश में महिलाओं के हक के लिए निरंतर लड़ाई लड़ रही है। जब नरगिस मोहम्मदी को नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई तब वह खुले आसमान के नीचे नहीं, बल्कि जेल में 12 सालों से बंद हैं। ओस्लो में पुरस्कार की घोषणा करते हुए नोबेल समिति की अध्यक्ष बेरिट रीस-एंडरसन ने कहा है कि यह पुरस्कार ईरान की विवादमक्त नेता नरगिस मोहम्मदी को मान्यता देने के लिए दिया गया है। उन्होंने ईरान की सरकार से अपील की है कि वह नरगिस को जेल से रिहा कर दे, ताकि वे इस साल 10 दिसंबर को पुरस्कार समारोह में शामिल हो सकें।

नरगिस दुनिया भर की संघर्षशील और अपने हक के लिए आंदोलनरत महिलाओं का आदर्श बन गई हैं। उन्हें नोबेल पुरुस्कार मिलने से विभिन्न मुल्कों की उन महिलाओं को जरूर प्रेरणा मिलेगी जो घर-परिवार में या सत्ता द्वारा प्रताड़ित होती हुई चुपचाप यातनाएं सहती रहती हैं और प्रतिकार नहीं कर पातीं।

नरगिस शुरू से अखबारों के लिए लिखती थीं। 1990 से ही नरगिस महिलाओं के लिए आवाज उठा रही हैं। वर्ष 2003 में उन्होंने तेहरान के 'डिफेंडर्स आफ हुमन राइट सेंटर' से काम शुरू किया। वे तेरह बार गिरफ्तार हुई। उन्हें 31 साल की जेल और 154 कोड़े मारने की सजा भी सुनाई जा चुकी हैं। आठ साल से वे अपने बच्चों तक से नहीं मिल पाई हैं। नरगिस को जेल में बंद मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की मदद करने के आरोप में पहली बार 2011 में जेल हुई थी।

**नरगिस दुनिया भर की संघर्षशील और अपने हक के लिए आंदोलनरत महिलाओं का आदर्श बन गई हैं। उन्हें नोबेल पुरुस्कार मिलने से विभिन्न मुल्कों की उन महिलाओं को जरूर प्रेरणा मिलेगी जो घर-परिवार में या सत्ता द्वारा प्रताड़ित होती हुई चुपचाप यातनाएं सहती रहती हैं और प्रतिकार नहीं कर पातीं।**

नरगिस कहती हैं कि मुझे जितनी यातना मिलती है, मैं उतनी ही मजबूत होती जाती हूं। अपने जेल जीवन का जिक्र करते हुए नरगिस कहती हैं कि मैं रोज खिड़की के सामने बैठकर हरियाली और आजाद ईरान का सपना देखती हूं। जितना ज्यादा वे मुझे प्रताड़ित करते हैं, मेरी प्रिय चीजों को मुझसे दूर करते हैं, मैं उतनी ही मजबूत होती हूं। यह जंग तब तक जारी रहेगी, जब तक हम लोकतंत्र और आजादी नहीं पा लेते। मुझे उससे कम कुछ भी मंजूर नहीं है। फिलहाल उन्हें ईरान की कुख्यात 'एबीएन जेल' में रखा गया है।

बचपन से ही संघर्षशील रहीं नरगिस के पिता किसान थे। मां राजनीतिक पृष्ठभूमि से थीं। 1979 में इस्लामी क्रांति के बाद राजशाही खत्म हुई तो उनके एक्टिविस्ट चाचा और दो भाई गिरफ्तार किए गए। इनमें से एक भाई को फांसी दे दी गई। तब नरगिस 9 साल की थी। नरगिस के दिल और दिमाग पर उसका गहरा असर पड़ा। इसके बाद उन्होंने विरोध की राह चुनने का फैसला किया। कॉलेज में संगठन खड़ा कर दिया। शादी की तो एक साल अज्ञातवास में बिताना पड़ा। इन सब घटनाओं ने नरगिस को और मजबूत बना दिया।

नरगिस का चार लोगों का परिवार कभी साथ नहीं रह पाया। बच्चों और पति को नरगिस के काम पर गर्व है। वे कहते हैं- एक पति और पिता के तौर पर बच्चों के साथ रहना बहुत मुश्किल है। मैं चाहता हूं कि नरगिस हमारे साथ रहें। उनके मिशन में हर कदम पर हम उनके साथ हैं। नरगिस को उनकी मां बचपन में कहा करती थीं कि बेटी कुछ भी कर लेना राजनीति से दूर रहना। ईरान जैसे देश में व्यवस्था से लड़ने की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। लगता है, मां की वह चेतावनी सही साबित हुई है। बच्चों के साथ विदेश में रह रहे नरगिस मोहम्मदी के पति ताबी रहमानी ने कहा है कि यह नोबेल पुरस्कार मानव अधिकारों के लिए नरगिस की लड़ाई को प्रोत्साहित करेगा, लेकिन इससे भी अहम बात यह है कि यह ईरान में चल रहे 'महिलाएं, ज़िंदगी और आज़ादी आंदोलन' के लिए पुरस्कार भी है।

साथी कैदियों की तकलीफ को नरगिस ने 'व्हाइट टॉर्चर : इंटरव्यूज़ विद ईरानी वुमेन प्रिज़नर्स' नामक किताब में विस्तार से लिखा है। उन्होंने जेल को भी आंदोलन का केंद्र बना दिया है। उनके करीबी दोस्त बताते हैं कि फारसी शास्त्रीय संगीत में दक्ष नरगिस जेल के वार्ड में सभाएं करती हैं। गाने के साथ बर्तनों पर पारंपरिक धुन बजाती हैं और साथी कैदियों के साथ नृत्य भी करती है। उन्होंने जेल की दीवारों को लोकतंत्र और आजादी के नारों से रंग दिया है। नरगिस ने महिलाओं के अधिकारों, खासतौर पर मृत्युदंड उन्मूलन के लिए अभियान चलाया है। ईरान में उन्हें 'महिलाएं, ज़िंदगी और आज़ादी आंदोलन' की सबसे बुलंद आवाज माना जाता है। वे नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली 19वीं महिला और दूसरी ईरानी महिला हैं। इसके पहले ईरान की ही मानवाधिकार कार्यकर्ता शिरीन एबादी को वर्ष 2003 में शांति का नोबेल पुरस्कार दिया गया था।

नरगिस मोहम्मदी का जन्म 21 अप्रैल 1972 को ज़ांजन, ईरान में हुआ था और वे कोरवेह, करज और ओशनावियेह में पली-बढ़ीं। उन्होंने 'काज़्विन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी' में दाखिला लिया, भौतिकी में डिग्री प्राप्त की और एक पेशेवर इंजीनियर बन गईं। अपनी पढ़ाई के दौरान उन्होंने छात्र-समाचारपत्र में महिलाओं के अधिकारों का समर्थन करने वाले लेख लिखे और राजनीतिक छात्र समूह 'ताशक्कोल दानेशजुयी रोशनगरान' (प्रबुद्ध छात्र समूह) की दो बैठकों में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। वे एक पर्वतारोहण समूह में भी सक्रिय थीं, लेकिन बाद में उनकी राजनीतिक गतिविधियों के कारण उन्हें पर्वतारोहण में शामिल होने से प्रतिबंधित कर दिया गया था।

नरगिस ने कई सुधारवादी समाचार पत्रों के लिए एक पत्रकार के रूप में काम किया और 'सुधार, रणनीति और राजनीति' नामक राजनीतिक निबंधों की एक पुस्तक प्रकाशित की। वर्ष 2003 में वे नोबेल शांति पुरस्कार विजेता शिरीन एबादी की अध्यक्षता वाले 'डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट्स सेंटर' (डीएचआरसी) में शामिल हो गईं और बाद में संगठन की उपाध्यक्ष भी बनीं। वर्ष 1999 में उन्होंने साथी सुधार-समर्थक पत्रकार तघी रहमानी से शादी की, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया गया। रहमानी 14 साल की जेल काटने के बाद 2012 में फ्रांस चले गए, जबकि मोहम्मदी ने अपना मानवाधिकार कार्य ईरान में ही जारी रखा। नरगिस और रहमानी के जुड़वां बच्चे हैं।

नरगिस मोहम्मदी को पहली बार 1998 में ईरानी सरकार की आलोचना के लिए गिरफ्तार कर साल भर जेल में रखा गया। अप्रैल 2010 में, उन्हें 'डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट्स सेंटर' की सदस्यता के अपराध में 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी कोर्ट' में बुलाया गया। कुछ समय के लिए उन्हें 50,000 अमेरिकी डॉलर की जमानत पर रिहा कर दिया गया, लेकिन कई दिनों बाद उन्हें फिर से गिरफ्तार कर 'अबियन जेल' में रख दिया गया। हिरासत में रहने के दौरान नरगिस का स्वास्थ्य गिर गया और उन्हें मिर्गी जैसी बीमारी हो गई, जिससे वह समय-समय पर मांसपेशियों पर नियंत्रण खोती रहीं। एक महीने के बाद, उन्हें रिहा कर दिया गया और चिकित्सा उपचार लेने की अनुमति दी गई।

जुलाई 2011 में नरगिस पर फिर से मुकदमा चलाया गया और उन्हें 'राष्ट्रीय सुरक्षा, 'डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट्स सेंटर' की सदस्यता और शासन के खिलाफ प्रचार' करने का दोषी पाया गया। सितंबर में उन्हें 11 साल की कैद की सजा सुनाई गई। नरगिस ने कहा कि उन्हें फैसले के बारे में अपने वकीलों के माध्यम से ही पता चला था और उन्हें 'अदालत द्वारा जारी 23 पन्नों का एक अभूतपूर्व फैसला दिया गया था जिसमें उन्होंने बार-बार मेरी मानवाधिकार गतिविधियों की तुलना शासन को गिराने के प्रयासों से की थी।'

मार्च 2012 में अपीलीय अदालत ने सजा को बरकरार रखा, हालांकि इसे घटाकर छह साल कर दिया गया। 26 अप्रैल को उन्हें अपनी सजा शुरू करने के लिए गिरफ्तार कर लिया गया। इस सजा का ब्रिटिश सरकार ने यह कहते हुए विरोध किया कि यह 'ईरानी अधिकारियों द्वारा बहादुर मानवाधिकार रक्षकों को चुप कराने के प्रयासों का एक और दुखद उदाहरण' है। अब देखना है कि नरगिस मोहम्मदी को ईरान सरकार रिहा करती है या नहीं। पुरुस्कार के लिए उन्हें चुन लिया गया है। सारी दुनिया उन्हें महिलाओं के बीच एक ऐसी विराट हस्ती के रूप में देख रही है, जिसकी मिसाल वे खुद हैं।

***(लेखिका पुणे स्थित लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)***

# पांच सालों से जमीन आवंटन को तरस रहे सरदार वल्लभ भाई पटेल के वार्ड वाशिंदे



## मकान टूटने के बाद से नारकीय जीवन जीने मजबूर है नेहरू नगर वासी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पांच सालों से नारकीय जीवन जीने मजबूर है, सरदार वल्लभ भाई पटेल के वार्ड के पहाड़ी किनारे रहने वाले वाशिंदे। मेडीकल अस्पताल पॉवर हाऊस के पास पहाड़ी किनारे पर कई वर्षों से मकान बनाकर रहने वालों के मकान पांच साल पहले अतिक्रमण के नाम पर जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए हटा दिया गया था। लेकिन उसके बाद जिला प्रशासन एवं किसी भी राजनैतिक दल के जनप्रतिनिधि ने उनकी कोई सुध नहीं ली। जिससे यहां रहने वाले परिवारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा, बल्कि इसके साथ ही उनके बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई, तथा कुछ छात्र-छात्राओं की धन की कमी के कारण बीच में ही पढ़ाई छूट गई।

### पांच सालों से नहीं कोई सुविधा

यहां रहने वाले लोगों ने जिला प्रशासन और जन प्रतिनिधियों पर आरोप लगाते हुए बताया कि उनके यहां पहले सभी लाईट, बिजली और सड़क जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं हुआ करती थी। लेकिन जब से उनके मकानों तोड़ा गया है, तब से यहां रहने वाले लोगों को किसी भी तरह की कोई सुविधा नहीं है। बस्ती वासियों ने यह भी कहा कि मकानों के भीतर रहते थे, तो वह सुरक्षित रहते थे, लेकिन अब पूर्ण रूप असुरक्षित है, क्योंकि पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां आएं दिन सांप-गुहेरे निकलते रहते है, जिससे उन पर और उनके बच्चों पर हरदम खतरा मंडराता रहता है।

### वर्षो से स्ट्रीट लाईट है बंद

बस्तीवासियों ने कहना है कि पांच पहले तक सभी बिजली खम्बों लाईट जला करती थी। लेकिन मकानों के टूट जाने से यहां के खम्बों में पांच साल लाईट नहीं जलती। जिससे उन्हें अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनके घरों में लगे बिजली कनेक्शनों को बिजली विभाग ने काट दिया है, और अब वह कटिया डालकर बिजली जलाने मजबूर हैं।

### इनका कहना है

गोरखपुर एसडीएम पकंज मिश्रा से इस संबंध में बात की गई, तो उन्होंने पहले उन्होंने पूछा ये कहां है। जब उनको बताया गया कि मेडीकल अस्पताल के सामने वाला क्षेत्र सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड है। तब उन्होंने कहा कि उनके लिए तेवर क्षेत्र में स्थान चिंहित कर लिया गया है और करीब 450 प्लाटों का लेआउट का कार्य जारी है। उन्हें चुनाव के बाद पट्टे दिए जायेंगे।

**- पकंज मिश्रा**
एसडीएम, गोरखपुर



पांच साल पहले मकान टूट जाने के कारण झोपड़ी बनाकर दिन गुजार रही है, एवं उनके साथ यहां रहने वालों को यहां निकलने वाले सांप-गुहेरों से हर समय खतरा बना रहता है। अगर प्रशासन उनको समय रहते जमीन आवंटित कर देता तो उन्हें और उनके परिवार को इतनी ज्यादा समस्या का सामना नहीं करना पड़ता।

**- रेखा झारिया,** स्थानीय निवासी फोटो



केबल आपरेटर ने कहा मकान टूटने के बाद से यहां रहने वाले लोगों की प्रशासन ने आज तक खबर नहीं ली, जब प्रशासन से जमीन आवंटित करने का आग्रह करते है, एक दो-चार महीनों के भीतर आवंटन करने का वादा कर दिया जाता है। लेकिन आज तक नेहरू नगर के वाशिंदों जमीन का आवंटन नहीं किया गया है। बस्ती टूटने से उनका केबल का व्यापार पूरी तरह खत्म हो गया है और उन्हें और उनके परिवार को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**- मोहन केवट,** स्थानीय निवासी फोटो



पांच सालों से यहां के लोगों को पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को अभाव है। उन्होंने विधायक और पार्षद पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पास अगर किसी समस्या को लेकर जाते है, तो उन्हें दुत्कार कर भगा दिया जाता है।

**- गिरिजा झारिया,** स्थानीय निवासी फोटो

# उत्तर मध्य में दावेदार को लेकर नहीं थम रहा है अटकलों का दौर

## अब महिला प्रत्याशी की बात सामने आई

**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर मध्य में इन दिनों चर्चाओं का दौर नहीं थम रहा है। इसी के चलते यहां से महिला उम्मीदवार की बात सुनी जा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि दोनो प्रमुख दलों में ऐसी कौन सी सक्रिय नेत्रियां हैं जो इसी क्षेत्र से ताल्लुक रखती हैं। अगर ऐंसी महिला मिल जाती हैं तो चुनावी दृश्य रोचक हो जायेगा और चुनावी मुकाबला दिलचस्प भी हो सकता है।

गौरतलब है कि पार्टियों की खोज का विषय होगा कि उपयुक्त महिला नेत्री को समय सीमा में तलाश लिया जाये। इसी पूरी कवायद से यह बात तो स्पष्ट हो जायेगी दोनो पार्टियों में महिला प्रकोष्ठ ने पूर्व में इस बाबत उचित सकारात्मक कदम उठाये हैं या नहीं। क्योंकि विधायक जैसे बड़े चुनाव के लिये कम से कम ऐसी महिला नेत्री तो होना ही चाहिये जिसे क्षेत्र के लोग आसानी से पहचान सके या उसके नाम से परिचित हो।

**मध्य क्षेत्र उन चुनावी रणक्षेत्रो में शुमार जहां केएल दुबे, मनीषी जी जैसे चचर्ति व्यक्तित्व भी अपनी किस्मत आजमा चुके हैं**

वैसे उत्तर क्षेत्र की पृष्ठभूमि को देखने पर कहा जा सकता है कि यहां पर लोगों में लोकप्रिय और तेज-तर्रार जनप्रतिनिधि की छवि देखने की आदत रही है। लोगों का मानना है कि जिस तरह पूर्व में शहर की प्रतिष्ठापूर्ण सीट से लगातार बीस सालो से अधिक समय तक पंडित ओंकार प्रसाद तिवारी महाराज ने क्षेत्र का दबंगता पूर्वक प्रतिनिधित्व किया है, कुछ इसी तरह की छवि वाले नेता की तस्वीर बनी है।

राजनैतिक पंडितों की बात की जाये तो यह सीट शहर की ऐंसी सीट है जहां से ज्यादातर नगर में माहौल बनता है। इसीलिये यहां से अधिकतर समय पर लोगों में जाना पहचाना और लोकप्रिय उम्मीदवार या भविष्य के जनप्रतिनिधि को दोनो ही पार्टियां उतारती रही हैं। वहीं लोगों को यह भी कहते सुना जा रहा है कि महिला प्रत्याशी होने पर सत्ता दल को राजनीतिक रूप से नुकसान हो सकता है।

इस तरह के नामों में महाराज के साथ ही मध्य क्षेत्र उन चुनावी रणक्षेत्रो में शुमार है, इनमें ललित श्रीवास्तव, राममूर्ति मिश्रा, नरेश सराफ, निर्मलचंद जैन जैसे नामी गिरामी नाम यहां से या तो जनप्रतिनिधि रह चुके हैं, या चुनाव लड़ चुके हैं। इसीलिये कहा जा सकता है कि दोनो ही प्रमुख दल इस क्षेत्र में अपना प्रतिनिधित्व उतारने मे फूंक-फूंक कर कदम उठाती रही हैं।

बहरहाल अब देखने वाली बात होगी कि आज या कल होने वाली भारतीय जनता पार्टी की सूची में उत्तर से पार्टी अपना किसे चेहरा बनायेगी। तब तक दावेदारों को लेकर अटकलों का दौर चलने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

हर रोज इस सीट को लेकर सत्ता दल के खेमे में जल्दी-जल्दी नामों को लेकर चर्चाएं सुनी जा रही हैं। इसे लेकर सार्वजनिक स्थानों पर लोग चटकारे लेकर अपने-अपने अनुमानों पर शर्त भी लगा रहे हैं कि उनका अनुमान सत्य होने वाला है।

# रेल हादसे को लेकर एनडीआरएफ और रेलवे ने किया संयुक्त मॉक अभ्यास



**जबलपुर, देशबन्धु।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में रेल हादसे को लेकर भेड़ाघाट रेल्वेर स्टेरशन में एनडीआरएफ और रेलवे ने किया संयुक्त मॉक अभ्यास किया गया।

उप कमांडेंट अनिल कुमार पाल की अगुवाई में 11 एनडीआरएफ वाराणसी की टीम ने पश्चिममध्य रेलवे के अंतर्गत डीडीएमए जबलपुर, अग्निशमन, रेलवे कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के साथ संयुक्त रूप से रेल दुर्घटना पर एक मेगा मॉक अभ्यास किया।

मॉक एक्सरसाइज के दौरान ट्रेन दुर्घटना पर एक परिदृश्य तैयार किया गया था, जिसमें ट्रेन की दो बोगीयां ट्रैक से पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थीं । तदनुसार, इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को घटना के बारे में सूचित किया गया, जिसने एनडीआरएफ के नियंत्रण कक्ष और सभी संबंधित हितधारकों को आपात प्रतिक्रिया के लिए सूचित किया गया। सतही पीड़ितों को प्रथम उत्तरदाताओं द्वारा सुरक्षित निकाल लिया गया। इसके अतिरिक्त कुछ लोग अंदर फंसे हुए थे। घटना स्थल पर पहुंचने पर एनडीआरएफ की टीम ने प्रारंभिक आकलन किया और साथ ही ऑपरेशन का बेस, कमांड पोस्ट, मेडिकल पोस्ट, कम्युनिकेशन पोस्ट स्थापित किए गए।

आकलन के तुरंत बाद टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया । विभिन्न कटिंग टूल्स एवं उपकरणों का इस्तेमाल कर ट्रेन के डिब्बों में ऊर्ध्वाधर और क्षैतिज कटिंग कर घायलों को बाहर निकाला गया तथा विभिन्न रस्सी बचाव तकनीक के माध्यम से गंभीर रूप से घायलों को सुरक्षित निकाला गया। मेडिकल एजेंसियों द्वारा प्राथमिक उपचार देने के बाद सभी पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया गया । इस पूरे अभ्यास के दौरान इंसिडेंट रिस्पोंस सिस्टम के दिशा-निर्देशों पर जोर दिया गया और इसका पालन किया गया।

इस मॉक अभ्यास कोडीआरएम, एडीआरएम एवं सीनियर डीएसओ की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इसके साथ ही डीडीएमए, आरपीएफ, जबलपुर यार्ड के अधिकारी, तकनीकी विंग एवं अन्य कर्मचारी, राजस्व, स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवा, होमगार्ड, स्काउट एवं गाइड, जीआरपी, नागरिक सुरक्षा, एसडीआरएफ, मीडियाकर्मी और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

मॉक एक्सरसाइज का उद्देश्य सभी हितधारकों के बीच समन्वय बनाना, उपचारात्मक उपाय करना, संसाधनों की दक्षता की जांच करना और प्रतिकूल स्थिति में बचाव कार्यवाही को परखना था। जिससे किसी भी रेल दुर्घटना में त्वरित कार्यवाही करते हुए मानव जीवन को बचाया जा सके। एनडीआरएफ बचावकर्ताओं द्वारा प्रदर्शित पेशेवर कौशल की रेलवे प्राधिकरण और जिला प्रशासन द्वारा अत्यधिक सराहना की गई।

# अब बीमारी का कारण देकर अवकाश लेना आसान नहीं

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के दौरान ऐसे कर्मचारियों-अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं जो बीमारी का कारण बताकर अचानक चुनाव के बीच अवकाश लेते हैं। अब ऐसे आवेदनों की पड़ताल शासकीय चिकित्सकों का बोर्ड तय करेगा, इसके बाद ही तय होगा कि आवेदक वाकई बीमारी के चलते अवकाश ले सकता है या नहीं।

**चुनाव के दौरान शासकीय डाक्टरों का मेडीकल बोर्ड आवेदनों की करेगा जांच**

इस तरह की पहल भोपाल में शुरू हो गई है। वहां के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय ने इस बाबत जरूरी दिशा निर्देश जारी कर दिये हैं। इसके चलते वकायदा अलग-अलग डाक्टरों की टीम भी बना दी गई है। सप्ताह में अलग-अलग दिवस पर अपना काम करेगी और चुनाव के बीच अवकाश के लिये स्वास्थ्य संबंधी कारण बताकर आवेदन देंगे।

इसी तरह जबलपुर और दूसरे शहरों मे जल्द शुरू होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। आम तौर देखने को मिलता था कि चुनाव के ठीक बीच में कई कर्मचारी-अधिकारी स्वास्थ्य संबंधी कारण को बताकर अपना अवकाश स्वीकृत करा लेते थे और चुनावी ड्यूटी करने से बच जाते थे। इससे निर्वाचन कार्य भी कई बार प्रभावित होता रहा है।

# महा प्रबंधक ने किया स्काउट गाइड सम्मानित



**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल राज्य मुख्यालय द्वारा आयोजित 9 तारीख से 13 तारीख तक छठवीं स्टेट रैली भोपाल में आयोजित की गई थी जिसमें महा प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल सुधीर कुमार गुप्ता ने जबलपुर मंडल के चार स्काउट गाइड को सम्मानित किया गया राज पुरस्कार उत्तीर्ण स्काउट गाइड को आस्था करमरकर सोनम असीम अंजलि नेगी, अंश करमरकर सम्मानित किये गये। जबलपुर के रेल अधिकारी अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार सुबोध विश्वकर्मा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुश्री वर्षा छालोत्रे सहायक परिचालन प्रबंधक नितेश कुमार सोने मंडल वाणिज्य प्रबंधक स्काउट पदाधिकारी अनिल चौबे जिला सचिवा संजीव तिवारी विमलेश तिवारी राहुल कश्यप लक्ष्मी पाणिग्रही अनिल पाली स्काउट मास्टर आत्मानंद श्रीवास्तव, आदि लीडर्स मौजूद रहे।

# प्रसंग का अभिनंदन 14 अक्टूबर को

**जबलपुर, देशबन्धु।** मिलन, हम सब, पैशन एवं श्रीजानकीरणम महाविद्यालय द्वारा साहित्यिक सांस्कृतिक सामाजिक क्षेत्र में नगर प्रदेश एवं देश में लगभग 450से अधिक आयोजन करने वाली प्रसंग संस्था का अभिनंदन समारोह 14 अक्टूबर को 3.30 बजे से श्री जानकी महाविद्यालय में आयोजित है जिसमें काव्य संध्या एवं संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है इस आयोजन में लगभग 50 से अधिक कलाकार एवं रचनाकार शामिल हो रहे हैं।

# स्वीनप को लेकर रेडक्रास व दिव्यांगजनों की बैठक संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में वोटर टर्न आउट बढ़ाने के लिए आज जिला पंचायत की मुख्यर कार्यपालन अधिकारी व स्वीभप के नोडल अधिकारी जयति सिंह की अध्याक्षता में स्वीाप गतिविधियों को लेकर जिला पंचायत में रेड क्रास और दिव्यागिजनों से जुड़ी सामाजिक संस्था ओं की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में उन्होपनें कहा कि विधानसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान कर जिला का मतदान प्रतिशत को बढ़ायें। साथ ही सीनियर सिटीजन और दिव्यागिजनों के मतदान के लिये फार्म 12-डी के बारे में बताया गया। इसके लिये मतदाता जागरूकता के लिये विभिन्र् स्वीीप गतिविधियां की जा रहीं है। बैठक में दिव्यां गजनों के प्रतिनिधियों के साथ रेडक्रॉस से जुड़ी संस्थाकयें भी शामिल थे।

**दिव्यांगजनों द्वारा स्वीप रैली**

सामाजिक न्यायय एवं निश्शक्तरजन कल्यांण विभाग द्वारा आज 15 अक्टूकबर को मनाये जाने वाले विश्वा घड़ी दिवस के उपलक्ष्या में आज अंधमूक बायपास से धनवंतरी नगर तक दिव्यां गजनों द्वारा रैली निकालकर छड़ी के महत्वर के साथ मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर शासकीय दृष्टि बाधितार्थ, श्रवण बाधितार्थ विद्यालय के संस्थात प्रमुख तथा दिव्यांूगजनों के जिला समन्वीयक डॉ रामनरेश सहित अन्यश अधिकारी उपस्थित थे।

क्रमांक/3404/अक्ट्र्बर-144/उइके (फोटो)

# पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में विश्व अंडा दिवस का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति माननीय डॉ सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन में को विश्व अंडा दिवस का आयोजन पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर में किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें महाविद्यालय में अंडे के महत्व पर वक्तृत्व एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन छात्रों के लिए किया गया साथ ही आम नागरिकों में अंडे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए महाविद्यालय प्रवेश द्वार पर आम जनों के लिए सामुदायिक अंडा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के समापन समारोह में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ सीता प्रसाद तिवारी जी के मुख्य आतिथ्य एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आर के शर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए 7 माननीय कुलपति जी ने अंडे के पोषण महत्व एवं मुर्गी पालन द्वारा स्वरोजगार के महत्व के बारे में सभी को बताया 7 विश्व अंडा दिवस का कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता महोदय के नेतृत्व में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के सहयोग से कुक्कुट विज्ञान विभाग द्वारा समन्वित किया गया 7 कार्यक्रम को अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ आदित्य मिश्रा में भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ पायल जैन ने किया 7 कार्यक्रम को सफल करने में डॉ गिर्राज गोयल, डॉ अनिल शिंदे, डॉ लक्ष्मी चौहान, डॉ भावना अहरवार, डॉ निर्मला मुवेल एवं अन्य प्राध्यापक गण का महतवपूर्ण योगदान रहा।



# विधानसभा चुनाव : रिटर्निंग अधिकारी और सेक्टर अधिकारियों की बैठक संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में रिटर्निंग अधिकारियों और सेक्टर अधिकारियों की बैठक दो सत्रों में मानस भवन में आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के नोडल अधिकारी श्रीमती जयति सिंह व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मिशा सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुमन ने इस दौरान सभी आरओ और सेक्टर अधिकारियों से कहा कि मतदान केन्द्र में सभी आवश्यक व्यवस्थायें हों। जिसमें मुख्य रूप से मतदान केन्द्र में रेम्प, दो दरवाजा, शौचालय को अपडेट करने के साथ साज-सज्जा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र को आकर्षक बनाने के सभी समुचित प्रयास हों, साज-सज्जा में जन भागीदारी से कार्य कराने के लिये प्रेरित किया जाये। बैठक में उन्होंने उक्त आठों विधानसभाओं के मतदान केन्द्रों की सभी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। श्री सुमन ने कहा कि किस मतदान केन्द्र में किस सर्विस प्रोवाइडर का नेटवर्क है यह पता करें। साथ ही रूट चार्ट, मतदान दल, सामग्री उठाना और वापसी, वाहनों के अधिग्रहण, 80 वर्ष से अधिक के सीनियर सिटीजन तथा दिव्यांग मतदाताओं को वोटिंग कराने आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ईव्हीएम को चलाने का अभ्यास अच्छी तरह से कर लें ताकि किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।

जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती जयति सिंह ने इस बार वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों के लिये पोस्टल बेलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा देने निर्वाचन आयोग के निर्देश की जानकारी दी। उन्होंने फार्म 12 डी के बारे में विस्तार से जानकारी देकर कहा कि ऐसे वृद्धजन और दिव्यांगजन जो मतदान केन्द्र पर नहीं आ सकते उन्हें घर पर डाक मत पत्र से वोट देने की सुविधा प्रदान करना है। यह कार्यवाही बीएलओ व सेक्टर ऑफिसर द्वारा एआरओ के मार्गदर्शन में संपादित की जायेगी। इस कार्य में बहुत ही सावधानी की आवश्यकता है अत: आयोग के निर्देशों के अनुसार ही कार्य संपादित करें। फार्म 12-डी अंतर्गत मतदान के लिये मतदान दल का गठन, माइक्रो ऑब्जर्वर, सुरक्षा, वीडियो ग्राफर, रूटचार्ट, डेट व टाइम आदि के बारे में जानकारी देकर कहा गया कि 25 अक्टूबर तक सभी फार्म कंपलीट होकर आरओ के पास जमा हो जायें।

**सी-विजिल में निराकृत हुये 15 प्रकरण**

विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान जिले में अभी तक चुनाव संबंधी 15 प्रकरण सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त हुये थे जिनका निराकरण समय सीमा में किया जा चुका है।

# विवेचना के राट्रीय नाट्य समारोह मे होगा 5 नायाब नाटकों का मंचन

**जबलपुर, देशबन्धु।** विवेचना थियेटर ग्रुप ( विवेचना, जबलपुर) का 29 वां राष्ट्रीय नाट्य समारोह इस वर्ष 02 से 06 नवंबर 2023 तक आयोजित होगा। यह समारोह 5 दिवसीय होगा।

इस समारोह में विवेचना ने विशेष नाटकों का चुनाव किया है। पहले दिन 02 नवंबर गुरूवार को समागम रंगमंडल जबलपुर के कलाकार युवा निर्देशक स्वाति दुबे के निर्देशन में 'भूमि' नाटक मंचित करेंगे। यह नाटक भारत के प्रतिष्ठित मंचों पर 8 बार मंचित हो चुका है। दूसरे दिन 03 नवंबर शुक्रवार को दर्पण लखनऊ द्वारा युवा निर्देशक शुभदीप राहा के निर्देशन में नाटक 'आखिरी वसंत' नाटक मंचित होगा। यह नाटक बुजुर्ग पति पत्नी के प्रेम और संघर्ष की कहानी है। यह नाटक अन्तर्राट्रीय भारत रंगमहोत्सव में मंचित हो चुका है। तीसरे दिन 04 नवंबर शनिवार को अंक मुम्बई के कलाकार बहुप्रशंसित हास्य नाटक 'हमारी नीता की शादी' का मंचन करेंगे। इसका निर्देशन वीना बक्शी ने किया है। इसमें प्रीता माथुर ठाकुर और अमन गुप्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं। मुम्बई में इस नाटक की धूम है। चौथे दिन 5 नवंबर को सम्पूर्णम मुम्बई के कलाकार अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नाटक 'कर्ण' का मंचन करेंगे। इसका निर्देशन कुलविंदर बक्शीश ने किया है। यह नाटक भारत के अलावा विदेशों में भी मंचित हुआ है। पांचवें और अंतिम दिन 06 नवंबर 2023 सोमवार को अभिनव रंगमंडल उज्जैन के कलाकार शरद शर्मा के निर्देशन में 'एक इंस्पेक्टर की वापसी' नाटक मंचित करेंगे। जे बी प्रीस्टले का रहस्यपूर्ण कथा के साथ चलने वाला अद्भुत नाटक है। यह समारोह तरंग प्रेक्षागृह में एम पी पावर मैनेजमेंट कं लि, केन्द्रीय क्रीड़ा व कला परिषद के सहयोग से आयोजित होगा। नाटकों का मंचन प्रतिदिन संध्या 7.30 बजे होगा। इस अवसर पर चित्र प्रदर्शनी, पुस्तक प्रदर्शनी व प्रतिदिन प्लेटफॉर्म प्रदर्शन होंगे। विवेचना थियेटर ग्रुप की ओर हिमांशु राय, बांकेबिहारी ब्यौहार, मनु तिवारी, अजय धाबर्डे आदि ने सभी नाट्य प्रेमी दर्शकों से समारोह के सभी नाटकों को देखने का अनुरोध किया है।

## दुर्लभ संयोग में शनिचरी पितृमोक्ष अमावस्या



## नर्मदा के तटों सहित जलाशयों पर पिण्डदान के साथ विदा लेंगे पितृ

**जबलपुर, देशबन्धु।** इस वर्ष शनिवार को पड़ने वाली शनिचरी पितृमोक्ष अमावस्या पर वर्षों बाद दुर्लभ संयोग बन रहा है। पितरमोक्ष अमावस्या के दिन लोग विधि-विधान से जाने-अंजाने सभी पितरों का श्राद्ध कर तर्पण कर पितरों को विदाई दी जायेगी। पितृमोक्ष अमावस्या के दिन पुण्यसलिला मां नर्मदा के तटों सहित अनेक जलाशयों के घाटों पर पहुंचकर पितरों का तर्पण कर उनके नाम से जरूरतमंदों एवं मंदिरों में दान देते है। इसके बाद यह क्रम दिन भर निरंतर जारी रहता है।

ऐसा करने पितरों की मुक्ति और सद्गति प्राप्त होती है। जिससे पितरों की उन पर और उनके परिवार पर कृपा दृष्टि बनी रहती है, घर-परिवार हरदम फलता-फूलता रहता है। पितृमोक्ष अमावश्या के दिन में भोजन पकवान आदि को चार भागों में बांटा जाता है। जिसमें से एक भाग गाय, एक भाग श्वान, एक भाग पितरों और एक भाग कौआ के लिए छत पर रखा जाता है।

पितृमोक्ष अमावस्या के दिन ऐसे पितरों का श्राद्ध किया जाता है, जिनके स्वर्गवास की तिथि ज्ञात नहीं होती। ऐसे पितरों का श्राद्ध और तर्पण करने से उन्हें शांति मिलती है, तथा पितृदेव का तर्पण करने वाले परिवार को सुख-समृद्धि का आर्शीवाद देते है। पितृमोक्ष अमावस्या के दिन ऐसे लोगों को अवश्य ही पितरों का तर्पण करना चाहिए जो पूरे पन्द्रह दिन अपने पितरों का तर्पण नहीं पायें, वह इस दिन तर्पण कर सकते है।

### पिण्डदान कर पितरों की होती है विदाई-

इस वर्ष 29 सितम्बर को पितृपक्ष की शुरूआत में लोगों ने अपने पितरों को निमंत्रित किया और 15 दिवस तक लोगों ने अपने पितरों का तर्पण किया।

आज शनिचरी पितृमोक्ष अमावस्या पर दुर्लभ संयोग में नर्मदा तटों सहित जलाशयों के घाटों पर पहुंचकर पिण्डदान कर अपने पितरों की विदाई करेंगे।

## बड़ी खेरमाई में शारदेय नवरात्रि पर होंगी माँ के विविध रूपों की उपासना

**जबलपुर, देशबन्धु।** देवी पुराण में वर्णित 52वें शक्तिपीठ पंचसागर शक्तिपीठ के रूप में मान्यता है। आठ सौ वर्ष पूर्व के कल्चुरि क्षत्रिय राजाओं के शिलालेख के अनुसार बड़ी खेरमाई मंदिर पञ्च सरोवर गुप्त शक्तिपीठ के रूप में 52वीं शक्तिपीठ है। मंदिर में पहले प्राचीन प्रतिमा शिला के रूप में थी जी वर्तमान, प्रतिमा के नीचे के भाग में स्थापित है। एक बार गोंड राजा संग्राम शाह मुगल सेनाओं से परास्त होकर यहां खेरमाई मां की शिला के पास बैठ पूजा के बाद उनमें नवीन शक्ति संचार हुआ और राजा ने मुगल सेना पर आक्रमण कर उन्हें परास्त किया। इसके बाद गौड राजा संग्रामशाह ने उस विजय की स्मृति में यहां खेरमाई मढ़िया की स्थापना कराई थी।

ऐतिहासिक श्री बड़ी खेरमाई मंदिर के सैकड़ों वर्षों की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी मां जगदम्बा श्री बड़ी खेरमाई माता का वैदिक रीति से पूजन आराधना का आयोजन रविवार 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे शारदेय नवरात्र को परंपरानुसार धूमधाम से मनाया जाएगा। हर दिन माता का अलग अलग श्रृंगार होगा। नवरात्र की सप्तमी, अष्टमी और नवमी को रात में मातारानी की विशेष महाआरती की जाती है।

नवरात्रि मेले में अनेक प्रदेशों से अपनी सामग्री के साथ आने वाले व्यापारी अपने स्टॉल लगाएंगे। नवरात्रि के अवसर परंपरानुसार जल धारने हेतु मध्य रात्रि 2 बजे से श्रध्दालु एवं भक्तजन विशेषकर महिलाओं की भीड़ उमड़ती है।



## रामजी के स्वागत में अयोध्या सी सजीं बस्तियां



## दशहरे से माहौल में निकली भगवान श्रीराम की बारात

**जबलपुर, देशबन्धु।** किसी के सिर पर कलश जगमगा रहा था, तो किसी के हाथ में आरती की थाल रोशन थी। कहीं सुंदर रांगोली सजाई गई थी, तो कहीं भोग भंडारा चल रहा था। ये माहौल गोविंदगंज रामलीला की श्रीराम बारात के दौरान देखने मिला। पूरे यात्रा मार्ग में भगवान के स्वागतार्थ श्रद्धालु पलक-पांवड़े बिछाए खड़े थे। बारात में सर्वप्रथम विघ्न विनाशक गणेश की झांकी थी।

इंद्र-सूर्य, राधा-कृष्ण, शिव पार्वती की झांकी के बाद सुमधुर बैंड धुन के साथ राजा राम दूल्हा बने थे। उनके साथ गुरु विश्वामित्र और अनुज लक्ष्मण थे। पीछे पिता के साथ भरत और शत्रुघ्न थे। रही बात बारातियों की तो वे सारे देवता बन गए। भले ही ये झांकियां थीं, पर लगा ऐसा मानो सचमुच त्रेतायुग में श्रीराम की बारात निकल रही हो।

### राममय हुआ जुलूस मार्ग-

रामलीला की 159वीं बारात में यात्रा मार्ग राममय था। यहां अनेक भंडारे हुए। भगवत भक्तों के नेतृत्व में भगवान की पूजा अर्चन की गई। प्रारंभ में मेयर जगत बहादुर अन्नू, विधायक विनय सक्सेना ने भगवान का तिलक वंदन कर बारात का श्रीगणेश किया। बारात रामलीला भवन से गुड़हाई, कोतवाली, कमानिया, फुहारा, बड़े महावीर, पांडे चौक, बल्देबाग, चेरीताल, गोपालबाग, दमोह नाका होते हुए वापस रामलीला प्रांगण में संपन्न हुई।

### जनवासे में अभूतपूर्व स्वागत

निवाड़ गंज स्थित पंचकोषी मंदिर में भगवान की बारात का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, संजय गोस्वामी के प्रयासों से यहां हर वर्ष जनवासा का स्वागत होता है।

यहां दूल्हा बने श्रीराम सहित चारों भाइयों और अन्य बारातियों को भोग लगाया गया। इस मौके परअध्यक्ष अनिल तिवारी, राकेश पाठक, आलोक ओमकार तिवारी, मुन्ना भाई, आलोक गुप्ता, अंतू जैन आदि बड़ी संख्या में क्षेत्रीयजन मौजूद रहे।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर गुरुजनों को किया गया सम्मानित




**जबलपुर, देशबन्ध।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में खुशबू म.प्र. मनोवैज्ञानिक परिषद् एवं शासकीय मनोविज्ञान एवं सुदर्शन महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में पी.एस.एम. महाविद्यालय के प्रेक्षा गृह में मेन्टल हेल्थ का वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की उपस्थिति में पूर्व छात्रों द्वारा प्रो. इन्द्रा सदासिवन नायर, प्रो. मधु चौधरी, प्रो. बी. निगम निर्मला परांजपे, शशि प्रभा पाण्डेय, आचार्य रजनीश जैन, प्रदीप सिंह वैस (पूर्व प्राचार्य), वर्तमान प्राचार्य प्रभा किरण का सम्मान डॉ. प्रशांत मिश्र, रत्नेश सिंह, अरुण तिवारी, भगतराम एवं डॉ. राजेश शर्मा के द्वारा शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह से करते हुये गुरूजनों की वन्दना कर स्वागत किया गया।

## माँ की मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे बंग भाषी मूर्तिकार

जबलपुर, देशबन्ध। महाभारत काल में भीष्म पीतामह प्रकरण में शक्ति पूजा के रूप में माँ दुर्गा पूजा का वर्णन पाया जाता है, तो वहीं दूसरी ओर भगवान श्रीराम द्वारा लंका विजय के समय माता सीता को छुड़ाकर लाने पर आदि शक्ति की पूजा की गई। वह बसंत ऋतु होने के कारण चैत्र माह की पूजा के प्रचलन अनुसार बासंती दुर्गा पूजा कहा जाता है। बंगाल पूजा की दो पद्धतियां प्रचलित है, उसी तर्ज पर जबलपुर में सन 1880 से गलगला में दत्त साहब के बाड़ा में स्व.बाबू अंबिका चरण बैनर्जी द्वारा किया गया इसलिए इस दुर्गा प्रतिमा को ``काली बाबू'' के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त हुई।

कालांतर में नगर निगम के तात्कालिक प्रथम अध्यक्ष बैरिस्टर स्व.प्रभात चंद्र बोस एवं सचिव स्व.बाबू अंबिका चरण बैनर्जी ने मढ़ाताल के चारों ओर सभी धर्मों की संस्थाओं को धार्मिक, सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन के लिए भूमि उपलब्ध करवाई गयी। पितृ मोक्ष अमावस्या के दूसरे दिन बैठकी प्रारंभ होती है, लेकिन मुख्य रूप से षष्ठी से दसवीं तक पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों सिलसिला चलता रहता है। जिसमें कोलकाता से कलाकार आते है। स्व.शंभू पाल के परिवार के लोग 50 वर्षों से दुर्गा प्रतिमाएं बना रहे है। इस वर्ष भी इसी परिवार के पारितोष, मनतोष एवं तारक



पाल द्वारा जबलपुर में 21 बंग प्रतिमाओं में से 16 प्रतिमा यही परिवार बना रहे है। वर्तमान में 21 संस्थाएं बंगाल की विधि के अनुसार दुर्गा पूजा आयोजित कर रहे हैं। 98 वर्षो से सिटी बंगाली क्लब, 82 वर्षो से देवेंद्र बंगाली क्लब, 79 वर्षो से दुर्गाउत्सव समिति घमापुर, 79 वर्षो से बंगीय आनंद परिषद खमरिया, 73 वर्षो से कालीबाड़ी खमरिया, 66 वर्ष से पीएंडटी कालोनी टेलीग्राफ , 59 वर्ष से दुर्गोत्सव समिति बंगाली कालोनी रांझी, 57 वर्ष से स्टेशन दुर्गा पूजा समिति सदर, 56 वर्ष से रामकृष्ण आश्रम घमापुर, 55 वर्ष से दुर्गा पूजा समिति व्हीकल फैक्ट्री, 49 वर्ष से दुर्गा पूजा समिति टाईप 2 खमरिया, 49 वर्ष से बंगाली काली समिति प्रेमनगर, 43 वर्ष से बंगीय सांस्कृतिक परिषद चंदन कालोनी रांझी, 40 वर्ष से रेलवे कर्मचारी दुर्गा पूजा समिति, 39 वर्ष से काली रांझी, 34 वर्ष से दुर्गा पूजा समिति अग्रवाल कालोनी, 25 वर्ष से दुर्गा पूजा समिति सुभाषनगर, महाराजपुर आधारताल क्षेत्र की दुर्गा समितियां बंगाली दुर्गा प्रतिमाओं का पूजन लगातार इतने वर्षों से करते आ रहे है।

## बोधिसत्व डॉ.बाबा साहब आंबेडकर संयुक्त जयंती पर सामूहिक माल्यार्पण



**जबलपुर, देशबन्धु।** बोधिसत्व डॉ.बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति जबलपुर के तत्वावधान में 67 वां धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर चौक हाईकोर्ट पर विश्वरत्न बोधिसत्व डॉ.बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर जी की प्रतिमा पर सामूहिक माल्यापर्ण किया जाएगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष आयु दयानन्द हराले एवं संयोजक नन्दकिशोर टेम्भूर्णे जी द्वारा विश्व रत्न डॉ.बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा । इस अवसर पर समिति के सदस्य पंकज मेश्राम, धर्मशील चांटे, राजू फुले दिलीप सहारे, सिद्धार्थ उके, मनोज बाघमारे,टीडी हुमने विश्वनाथ धरगे, वीरेन्द्र बौद्ध बैजयंती माला चिकाटे,मीना खापर्डे सहित और उपासक एवं उपासिकओं से विनम्र अनुरोध है कि कार्यक्रम में उपस्थिति रहे।

**आयोजन आज**- विश्वदीप बुद्ध बिहार, रामपुर छापर जबलपुर 14 अक्टूबर को 67 वॉ धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस एवं विजय दिवस बड़ी धूमधाम से मनाई गई। भन्ते प्रज्ञावंश जी के द्वारा प्रात:9.30 बजे परिणाम पाठ एवं बुद्ध वंदना होगी और उपासक एवं उपासिकाओं से विनम्र निवेदन है कि 9.30 बजे परित्राण पाठ में आने का कष्ट करें। और समिति के सदस्यगण संदीप गायकवाड़ सिद्धार्थ खरे, सुरेन्द्र इंगले, नीलेश सोनकुंवर आनंद कालपांडे,कृपा खरे,वंदना गायकवाड़ अनिता काम्बले, डॉ.निधी तभाने, मीना खापर्ड, सुजाता इंगले एवं सदस्यगण।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 14 अक्टूबर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। आश्विन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी- ऊ.फा.।**

**मेष**
आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद पर काबू रखना होगा। आप परिश्रमी बने रहेंगे। हालांकि परिश्रम का फल नहीं मिलने से आप निराश हो सकते हैं।

**वृषभ**
आज आप बहुत आत्मविश्वासी बने रहेंगे। इससे हर काम बहुत आसानी से पूरे हो सकेंगे। विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाई में लगी रहेगी।

**मिथुन**
दिन का आरंभ ही ताजगी से होगा। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। विचारों में अस्थिरता की वजह से उलझन में आ सकते हैं।

क. 180-136

**तुला**
आज आपको कोई शुभ फल की प्राप्ति होगी। हर काम में भाग्य का साथ मिलेगा। मित्रों से मिलने का अवसर मिलेगा। कहीं बाहर घूमने-फिरने का मज़ा ले सकेंगे।

**वृश्चिक**
-अब आप पारिवारिक जीवन की वास्तविकता को समझ सकेंगे। घर में खुशी का वातावरण रहेगा। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि हो सकेगी।

**धनु**
आज आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। काम में उत्साह कम रहेगा। मानसिक रूप से भयभीत रहेंगे। संतान संबंधी समस्या परेशान करेगी।

**कर्क**
आज आप किसी बात से भयभीत रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव होने की ?आशंका है। आपका अभिमान किसी के दिल को ठेस पहुंचा सकता है,

**सिंह**
आपका आत्मविश्वास काफी प्रबल होने से आप किसी भी तरह का निर्णय जल्दी ले सकेंगे। इससे आपकी प्रगति का मार्ग आसान होगा।

**कन्या**
आज आप किसी चिंता में रह सकते हैं। किसी के साथ वाद-विवाद होने से आपका अपमान हो सकता है। अचानक खर्च आ सकता है।

**मकर**
आज नकारात्मक विचारों से दूर रहें। कठिन परिस्थिति से बाहर निकलने के लिए शांत स्वभाव से काम लेना पड़ेगा। भागीदारों के साथ मतभेद हो सकता है। अचानक प्रवास का योग है।

**कुंभ**
आज आनंद- उत्साह से भरपूर रहेंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। काम में सफलता मिलेगी। उत्साह और उमंग होने से काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**मीन**
दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के कारण काम में सफलता मिलेगी। परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। आपका क्रोध आपकी वाणी और व्यवहार में दिख सकता है।

मा.158-115

## सुबाहु वध के साथ श्री राम का सीता से हुआ मिलन





**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा श्री रामलीला में भगवान श्री राम के द्वारा सुबाहु का वध का मंचन किया गया। इसके बाद ऋषि विश्वामित्र के साथ श्रीराम ने जनकपुरी की ओर प्रस्थान किया।

मार्ग में गौतम ऋषि के आश्रम में बड़ी शिला मिली, जहां श्री राम ने उसे अपने चरणों से स्पर्श कर अहिल्या का उद्धार किया, तत्पश्चात जनकपुरी पहुंचे।

गंगा तट पर स्नान कर पण्डों से प्रसन्न हुए। तत्पश्चात प्रभु पुष्प वाटिका पहुंचे उसी समय माता सीता गौरा मैया का पूजन करने वहां पहुंची। पुष्प वाटिका में प्रभु श्री राम का सीता माता से प्रथम मिलन हुआ। श्री रामलीला समिति गढा जबालीपुरम में सर्वप्रथम भगवान श्रीराम का पूजन संचालक श्री अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष रमाशंकर कटारे, राजेंद्र प्यासी, राकेश पाठक, शरद दुबे कुररिया, हरीश मनोध्याय, नीलेश चौबे, लोकराम कोरी, राजेश नेमा,मदन गोपाल पटेल द्वारा किया गया।

पात्र मंचन में निदेशक राजेश मिश्रा के इस अवसर पर भूपेन्द्र उपाध्याय, अशोक बघेल, पंकज अवस्थी, देवेंद्र मनोध्याय, उमाशंकर मिश्रा, कैलाश नेमा, जितेन्द्र सोनी,नरेन्द्र तिवारी, प्रमोद तिवारी, विजय नेमा, पंचम सोनी, व्यास माधव दुबे, राजेश परोहा, निखिल पटेरिया, एड. अरूण दीक्षित ,देवेन्द्र ठाकुर, ठाकुर राजेन्द्र सिंह, जवाहर यादव सहित समिति के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकरता उपस्थित रहे।

आज धनुष यज्ञ एवं लक्ष्मण परशुराम संवाद की रोचक लीला का मंचन होगा। समस्त रामभक्त जनों से अनुरोध है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पधार कर लीला का आनंद लें ।




## मेकअप प्रशिक्षण सेमीनार में ब्यूटीशियंस ने सीखीं मेकअप की विधाएं

**जबलपुर, देशबन्ध।** स्वयं सिद्धम संस्था के तत्वावधान में एक दिवसीय मेकअप प्रशिक्षण सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें ब्यूटीशियन को मेकअप की विभिन्न प्रकार की विविधताओं से अवगत कराया गया। सेमीनार में प्रदेश की 3 सौ से अधिक ब्यूटीशियनों ने सहभागिता की। ब्यूटीशियनों ने नए टिप्स सीखे, जिससे वे दैनिक क्रिया में अपने पार्लर को अच्छे तरीके से चलाकर अपने हुनर को और निखारकर सकें। स्वयं सिध्दम् के डॉयरेक्टर परीक्षित सोनी ने ब्यूटी आर्टिशयन को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है। जिसके लिए वे इंटनेशनल मेकप ऑर्टिस्ट से मिलकर ब्यूटी आर्टिशयन के हुनर को और निखार सकें। सेमीनार में आई सभी ब्यूटी ऑर्टिस्ट को प्रशिक्षण के उपरांत अवॉर्ड भी प्रदान किए गए। सेमीनार में टीम संध्या जैन, अलीशा खान, निधि अधिकारी, तबुस्सुम बानो, रश्मि खत्री, रसना पटेल, सबीना, भावना, नीतू, दीप कौर, हसरत खान, आदि का विशेष सहयोग रहा।

## भाजपा बूथ प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित, संगठन महामंत्री ने बूथ समितियों को दिया जीत का मंत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा द्वारा तिलवारा घाट में भारतीय जनता युवा मोर्चा के बूथ स्तर की समिति की बैठक ली गई !जिसमें संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने बूथ समितियों को चुनाव संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं चुनावी रणनीति की चर्चा की! !बैठक में भाजयुमो जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानन्द शर्मा जी ने अपने जबलपुर प्रवास के अंतर्गत भाजयुमो की बूथ स्तर की समिति की बैठक ली एवं बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी रणनीति एवं प्रबंधन को लेकर चर्चा की!! भाजयुमो के द्वारा आयोजित इस बैठक में प्रमुख रूप से बूथ प्रबंधन पर चर्चा की गई।

भाजपा की बूथ प्रबंधन समिति इस बैठक में प्रमुख रूप से शुभम अरिहंत,



### पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को दिया हितग्राहियों से जोड़ने का दिया निर्देश

शरद विश्वकर्मा, आयुष सिंह,अभिषेक सराफ, अविकास दुबे, जतिन गोस्वामी, सलमान खान आदि उपस्थित थे।

## निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

चंद्रमोहन ठाकुर- उपरैनगंज निवासी चंद्रमोहन ठाकुर (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

कामता प्रसाद सेन- इंद्रा बस्ती रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी कामता प्रसाद सेन (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

निर्मला वर्मा- एकता चौक विजय नगर निवासी कैलाश वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला वर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

गुलाब बाई गुप्ता- अमखेरा बस्ती नं. 2 गोहलपुर निवासी रामदास गुप्ता की धर्मपत्नी गुलाब बाई गुप्ता (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

लक्ष्मी बाई यादव- रामपुर यादव मोहल्ला निवासी जयराज यादव की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

विमला बाई चौधरी- भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी बालाराम चौधरी की धर्मपत्नी विमला बाई चौधरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

मोहन लाल ठाकुर- निसार का बगीचा गोरा बाजार केंट निवासी मोहन लाल ठाकुर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

मथुरा प्रसाद भुजवा- करियापाथर राधाकृष्णन वार्ड निवासी मथुरा प्रसाद भुजवा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

शिव कुमार बर्मन- कटियाघाट रोड गौर निवासी शिव कुमार बर्मन (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

चुन्नी लाल दाहिया- राधाकृष्णन वार्ड निवासी चुन्नी लाल दाहिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

रामकली बाई कोल- ट्रांसपोर्ट नगर दमोहनाका निवासी दयाराम कोल की धर्मपत्नी रामकली बाई कोल (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

लक्ष्मी बाई रैकवार- सिंधी कैंप भोला नगर निवासी छन्नू लाल रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई रैकवार (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

मुकेश गोतेल- गली नं. 9, सदर निवासी कैलाश गोतेल के पुत्र मुकेश गोतेल (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

जीत लाल गुप्ता- सरकारी कुआं घमापुर निवासी जीत लाल गुप्ता (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

## बिना नम्बर की कार में घूम-घूम कर लिखा जा रहा था सट्टा, कई बड़े सटारियों की तलाश

**जबलपुर,देशबन्धु।** बिना नंबर की क्रेटा कार में घूम-घूम कर सट्टा खिलाने वाले दिलीप खत्री के गुर्गे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध समर वर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली रीतेश कुमार शिव के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच एवं थाना लार्डगंज की टीम द्वारा कार में घूम-घूम कर क्रिकेट का ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले सटोरिये को पकड़ा गया.

पकड़े गये इन आरोपियों के कब्जे से 2 आईफोन मोबाइल एवं नगदी 15 हजार 500 रुपये तथा यूनाईटेड अरब अमीरात की करेंसी एवं बिना नम्बर की क्रेटा जप्त करते हुये पूछताछ पर आई.डी प्रोवाइड करने वाले कुख्यात सटोरिये दिलीप खत्री, संजय खत्री, संजय सनपाल तथा भोपाल के राकू गोपाल की तलाश जारी है.

क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बिना नम्बर की काले रंग की क्रेटा कार में क्रिकेट के सट्टे का काम घूम-घूम कर करता है तथा आज भी कछपुरा ब्रिज के नीचे खड़ा है एवं क्रिकेट के सट्टे का काम कार में बैठकर कर रहा है, सूचना पर क्राइम ब्रांच एवं थाना लार्डगंज की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई. पुलिस को देखकर काले रंग की क्रेटा कार, जिसमें ब्लेक फिल्म लगी थी, के चालक ने कार को आगे बढ़ाने का प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया, नाम, पता पूछने पर अपना नाम राज उर्फ राजेश परवानी उम्र 38 वर्ष निवासी अनीता रेसीडेंसी गोरखपुर बताया, तलाशी लेने पर 2 आईफोन मोबाइल एवं नगदी 15 हजार 500 रुपये एवं 7 यूनाइटेड अरब



अमीरात की करेंसी रखे मिला, आईफोन मोबाइल के व्हाट्सएप में परवानी ग्रुप में 8 प्लेयर सट्टा खेलने वालों के मोबाइल नम्बर एवं नाम उल्लेखित होना पाये गये तथा व्हाट्सएप चेट देखने पर 22 फरवरी 2022 से लेकर 12-10-23 तक क्रिकेट खिलाने के लिये प्लेयर्स को आईडी प्रदान किये जाने के संबंध में लेखा जोखा होना पाया गया. क्रिकेट के सट्टे के संबंध मे पूछताछ पर लगभग डेढ़-दो वर्ष से क्रिकेट के सट्टे कारोबार में लिप्त होना बताते हुए कमीशन पर आईडी एवं मास्टर आईडी क्रिकेट का सट्टा खेलने वालों को देना बताते हुए उसे आईडी एवं मास्टर आईडी ड्ढ़न्न स्क्क्त्रञ्ज , ष्ट्रस्स्ठ्ठ संजय खत्री, दिलीप खत्री एवं ड्डड्डह्ल42द्बठ्ठ.ष्श्वद्ब संजय सनपाल तथा 2श्चह्यस्र 777, ह्यद्म4 द्बठ्ठ श्चद्यड्ड4, ह्लड्डद्ध777, स्रद्बड्डद्बश्चठ्ठस्र, द्गह्यष्द्ध.ष्श्वद्ब, ह्यद्गह्ल द्बद्गद्बह्ल.ष्श्वद्ब संजय खत्री, दिलीप खत्री एवं संजय सनपाल तथा राकू गोपाल निवासी भोपाल द्वारा प्रोवाइड की जाना बताते हुये क्रिकेट सट्टा खिलाड़ियों को स्वयं के द्वारा आईडी प्रोवाइड करना बताया, पैसों का लेन देन फोन नम्बर पर बात करके मौके पर पहुंचाया जाता है.

आरोपी द्वारा अवैध रूप से क्रिकेट सट्टा संचालित किया जाना पाये जाने पर राज परवानी के कब्जे से 2 आईफोन मोबाइल एवं नगदी 15 हजार 500 रुपये तथा यूनाइटेड अरब अमीरात की करेंसी एवं बिना नम्बर की क्रेटा जब्त करते हुए सटोरियों के विरुद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट तथा 109 भा.द.वि. के तहत कार्यवाही करते हुये संजय खत्री, दिलीप खत्री, संजय सनपाल, राकू गोपाल निवासी भोपाल की तलाश जारी है. उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन क्रिकेट का सट्टा खिलाने वाले कुख्यात सटोरिये सतीश सनपाल एवं दिलीप खत्री के संजय सनपाल एवं संजय खत्री भाई है।

## दिल्ली के एक होटल संचालक को एडवांस लौटाने का आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला उपभोक्ता फोरम के माध्यम से आवेदक को राहत मिली है। आवेदक ने पूर्व में अपनी परिवारिक कार्यक्रम हेतु दिल्ली की होटल के पार्क प्लाजा में परिसर बुक कराया था, अपरिहार्य कार्य के चलते आवेदक ने बुकिंग रद्द कर दी थी, जिसके बाद होटल संचालक एडवांस राशि देने में आना-कानी कर रह था, जिसके बाद आवेदक ने फोरम की शरण ली।

उल्लेलखनीय है कि परिवादी सुनील कुमार सिंह चंदैल द्वारा स्वयं की पुत्री की शादी पार्क प्लाजा होटल शहदरा दिल्ली 19/11/2019 के लिए एडवांस राशि 175000/- देकर बुक कराया था, किन्तु शादी अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गई, इसकी सूचना परिवादी द्वारा 17/10/2019 को ईमेल मैसेज एवं 05/11/2019 एवं 11/11/2019 को रजिस्टर्ड पत्र एवं परिवादी के वकील के.एल.जाटव द्वारा नोटिस पत्र 25/11/2019 एवं 09/12/2019 को स्मरण पत्र देकर एडवांस जमा राशि वापस करने का अनुरोध किया गया।

किन्तु जमा राशि पार्क प्लाजा होटल दिल्ली द्वारा वापिस न करने के कारण जिला उपभोक्ता विवाद पतितोषण आयोग जबलपुर में प्रकरण दर्ज किया गया, एवं दोनों पक्षों की सुनवाई एवं तथ्यों एवं दस्तावेजों के परिक्षण के बाद आयोग ने अपने आदेश 12/10/2023 को पारित करते हुए अनावेदक पार्क प्लाजा होटल शहदरा दिल्ली को निर्देश देते हुए कहा कि परिवादी को दो माह की समयावधि में 20/04/2019 को उनके द्वारा जमा कराई गई राशि राशि 175000/- (अंकन एक लाख पच्छत्तर रूपये)की राशि में से 10 प्रतिशत काटकर शेष राशि प्रदान करें तथा इस राशि पर जमा 20/04/2019 से अदायगी दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से साधारण ब्याज भी अदा करें दो माह की समयावधि में यह राशि जमा न कराये जाने की दशा में अनावेदक परिवादी को 8 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज अदा करेगा। अनावेदक पार्क प्लाजा होटल परिवादी को हुए मानसिक कष्ठ एवं पीड़ा के मदर में रूपये 10,000/- अंकन दस हजार रूपये की राशि दो माह की समयावधि में अदा करें अनावेदक परिवादी को वाद व्यय हेतु रूपये 2,000/- अंकन दो हजार रूपये की राशि दो माह की समयावधि में अदा को परिवादी की तरफ से केएल जाटव अधिवक्ता उपस्थित हुए। नवीन कुमार सक्सेना अध्यक्ष, सुषमा पटेल सदस्य मनोज कुमार मिश्रा सदस्य, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग क्रमांक 01 जबलपुर प्रमुख थे।

## यात्री यातायात में पमरे ने 1200 करोड़ रूपये से अधिक राजस्व अर्जित किया

### पिछले साल की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में रेलवे राजस्व वृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है। पमरे महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में और प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम छमाही में पमरे को यात्री यातायात से 1207 करोड़ 90 लाख रूपये ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1019 करोड़ 68 लाख रूपये की तुलना में 18.46 प्रतिशत अधिक है।

**मण्डल स्तर पर राजस्व की स्थिति**

जबलपुर मण्डल ने यात्री यातायात से 446 करोड़ 58 लाख रूपये राजस्व अर्जित की, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में अर्जित राजस्व 386 करोड़ 70 लाख रूपये की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत अधिक है।

भोपाल मण्डल ने यात्री यातायात से 472 करोड़ 06 लाख रूपये राजस्व अर्जित की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 383 करोड़ 11 लाख रूपये की तुलना में लगभग 23 प्रतिशत अधिक है।

कोटा मण्डल ने यात्री यातायात से 289 करोड़ 25 लाख रूपये राजस्व अर्जित की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 249 करोड़ 88 लाख रूपये की तुलना में लगभग 16 प्रतिशत अधिक है।

यात्री यातायात में रेलवे राजस्व वृद्धि के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित निरंतर प्रयास किये जा रहे है। यात्रियों के लिए अधिक से अधिक सुविधाओं का विस्तार करके रेल यात्रा को सुरक्षित और बेहतर बनाया गया। समय-समय पर त्यौहार स्पेशल ट्रेनों को भी चलाया जा रहा हैं। यात्री ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं।

छोटे स्टेशनों पर आरक्षित एवं अनारक्षित टिकटों की सुविधा के लिए यूटीएस कम पीआरएस काउन्टर खोले जा रहे हैं।

यात्री ट्रेनों की गति में वृद्धि की गई साथ ही समयपालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा यात्री यातायात की उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है और आगे भी जारी रखेगा।




## बैंकर्स को करनी होगी संदिग्ध लेन-देन की मॉनीटरिंग, हर दिन भेजनी होगी रिपोर्ट

**जबलपुर,देशबन्धु।** विधानसभा का चुनाव की प्रक्रिया की शुद्धता को बनाये रखने प्रत्येक संदेहास्पद लेन-देन पर बैंकर्स को नजर रखनी होगी तथा इसकी रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को देनी होगी। यह जानकारी निर्वाचन व्यय नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार की शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई बैंकर्स और निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग सेल के अधिकारियों की बैठक में दी गई। बैठक में सयुंक्त संचालक कोष एवं लेखा रोहित कौशल, लीड बैंक अधिकारी विवेक कुमार, संभागीय पेंशन अधिकारी अजय सामदेकर, जिला सूचना अधिकारी आशीष शुक्ला तथा सभी बैंकों के नोडल अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि बैंकों को ऐसे बैंक खातों की जानकारी भी निर्वाचन कार्यालय को देनी होगी जिनमें पिछले दो माह में जमा या निकासी के उदाहरण के बिना निवाचन के दौरान एक लाख रुपये से अधिक की आसामान्य या संदेहजनक राशि की निकासी की गई हो या जमा की गई हो। बैंकर्स को ऐसे बैंक खातों की जानकारी भी निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी जिनमें जिले अथवा निर्वाचन क्षेत्र में आरटीजीएस या नेफ्ट के माध्यम से विभिन्न व्यक्तियों के खाते में राशि का आसामान्य रूप से अंतरण किया गया हो।

बैठक में बैंकर्स से कहा गया कि चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी या उनकी पत्नी या उनके आश्रितों के बैंक खाते में एक लाख रुपये से अधिक की नकद राशि की निकासी या जमा होने की सूचना भी उन्हें जिला निर्वाचन कार्यालय को देनी होगी। बैंकों को जिला निर्वाचन कार्यालय को निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान राजनैतिक दलों के खाते से एक लाख रुपये से अधिक के लेन-देन की सूचना भी देनी होगी।

इसी प्रकार अन्य कोई भी ऐसे संदेहास्पद नकद के लेन-देन पर भी नजर रखनी होगी जिसका उपयोग मतदाताओं को रिश्वत देने या प्रलोभन देने के लिये किया जाने वाला हो। बैंकों से प्राप्त इस तरह की सूचना पर जहां भी संदेह होगा की नकद राशि का उपयोग मतदाताओं को रिश्वत देने के लिये किया जा सकता है, जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जाँच के बाद फ्लाईंग स्क्काड को आवश्यक कार्यवाही के लिये कहा जायेगा। ऐसी जमा की जाने वाली या अथवा निकासी की नकद धन राशि 10 लाख रुपये से हो तो ऐसी सूचना को आयकर विभाग को आयकर एक्ट के तहत आवश्यक कार्यवाही के लिये भी भेजा जायेगा।

## एसटीएफ इकाई ने 12 साल से फरार, ईनामी आरोपियो को धर दबोचा

**जबलपुर,देशबन्धु।** एसटीएफ प्रमुख विशेष पुलिस महानिदेशक विपिन कुमार माहेश्वरी द्वारा आगामी प्रदेश विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराये जाने हेतु प्रदेश में लंबे समय से फरार ईनामी/स्थाई वारंटी अपराधियों को गिरफतार किये जाने हेतु अभियान चलाने के निर्देश पर फरार इनामी /स्थायी वारंटियों की लगातार गिरफतारी की जा रही है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक एसटीएफ इकाई जबलपुर राजेश सिंह भदौरिया द्वारा निरीक्षक संजय बघेल को टीम गठित कर ईनामी आरोपी/स्थाई वारंटियों की तलाश पतासाजी हेतु आदेशित किया गया था, जिस पर गठित टीम द्वारा 02 ईनामी आरोपियो को गिरफ्तार किया गया।

गिरफतार ईनामी आरोपियो का विवरण-जयसिंह ऊर्फ पप्पू पिता स्व लक्ष्मन सिंह यादव उम्र 39 वर्ष निवासी गंगाराम का महा बडा पत्थर रांझी थाना रांझी जिला जबलपुर। आरोपी थाना गढाकोटा जिला सागर म0प्र0 के अपराध क्रमांक 346/11 धारा 279, 337, 338 भा0द0वि0 134 ए0बी0/177 एमवी एक्ट के अपराध में फरार था। जिसपर पुलिस अधीक्षक जिला सागर के ईनाम उद्धघोषणा क्रमांक/पु.अ./सागर/ ए.डी./उद्धो./142/23 दिनांक 21/07/2023 के तहत राशि 4,000/ का ईनाम उद्धघोषित था।

आशीष कुमार सेन पिता एससी सेन, निवासी इन्द्रप्रस्थ कालोनी कंचनपुर थाना आधारताल जिला जबलपुर, आरोपी थाना गढाकोटा जिला सागर के अपराध क्रमांक 524/12 धारा 279, 337, 338, भादवि 3/181, 5/180, 146/196 एम0 वी0 एक्ट के अपराध में फरार था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक जिला सागर के ईनाम उद्धघोषणा क्रमांक पु.अ./सागर/ ए.डी./उद्धो./142/23 दिनांक 21/07/2023 के तहत राशि रू0 4,000/ का ईनाम उद्धघोषित था।

उक्त दोनो आरोपियो को पकडकर थाना गढाकोटा जिला सागर को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया।

उक्त फरार ईनामी आरोपियो की गिरफ्तारी में कार्य उनि रघुवीर सरौते, कार्य सउनि विनू वर्गिस, प्रआर संपूर्णानंद, कार्य प्रआर निर्मल सिंह, आर नीलेश दुबे, प्रवीण बावरिया, आर चालक राहुल रघुवंशी एवं नारायण प्रसाद लोधी की सराहनीय भूमिका रही है।

## महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ द्वारा अहम पहल

**जबलपुर,देशबन्धु।** महिला रेल यात्रियों की सुरक्षा के संबंध में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान 15 अक्टूबर को नई दिल्ली में दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लेंगे। रविवार को आयोजित होने वाले दिल्ली हाफ मैराथन में 25 आरपीएफ अधिकारियों और कर्मियों की एक टीम भाग लेगी।

भारतीय रेल नेटवर्क में महिलाओं के लिए यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में विभिन्न पहलें की गई हैं। ये सभी प्रयास मुख्य रूप से महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रित हैं। रेलवे सुरक्षा बल ने महिलाओं, विशेष रूप से लंबी दूरी वाली ट्रेनों में अकेले या बच्चों के साथ यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से %मेरी सहेली%, %ऑपरेशन मातृशक्ति% आदि जैसी अनेक पहलें की हैं।

%मेरी सहेली% टीमें लंबी दूरी वाली ट्रेनों में अकेले यात्रा करने वाली महिला यात्रियों की ट्रेन यात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति पर फौरन कदम उठाकर, प्रारंभिक स्टेशन से लेकर उनके अंतिम स्टेशन तक सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं।

वर्तमान में, महिला आरपीएफ कर्मियों से युक्त 230 से अधिक समर्पित %मेरी सहेली% टीमों को देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर तैनात किया गया है, जो 400 से अधिक ट्रेनों को कवर करती हैं और हर दिन औसतन चौदह हजार से अधिक महिला यात्रियों को सहायता प्रदान करती हैं। यह पूरे भारत में महिलाओं के लिए ट्रेन यात्रा को सुरक्षित बनाने की पहल के प्रति समर्पण तथा प्रभावशीलता को उजागर करता है। ये टीमें यात्रियों को उनकी यात्रा के दौरान उठाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करने और संकट की स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध चैनलों के बारे में जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



संकट में फंसी महिलाओं को पुरुषों की बजाय महिलाओं पर भरोसा करना आसान लगता है। इसलिए, महिला आरपीएफ कर्मी ट्रेनों में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। रेलवे सुरक्षा बल को सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में अपने रैंक में महिलाओं का प्रतिशत सबसे अधिक होने पर गर्व है। नई भर्ती की गई महिलाओं को उनकी कुशलता बढ़ाने के लिए %मेरी सहेली% टीमों में शामिल किया जा रहा है। आरपीएफ की महिला कर्मी न केवल महिला रेल यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करती हैं, बल्कि मुसीबत में महिला यात्रियों की मदद भी करती हैं। कई महिलाएं गर्भावस्था के अग्रिम चरण में ट्रेन यात्रा करती हैं और उनमें से कुछ को यात्रा के दौरान ही प्रसव पीड़ा शुरू हो जाती है। आरपीएफ की महिला कर्मी %ऑपरेशन मातृशक्ति% के तहत इन महिलाओं की निजता की रक्षा करते हुए उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक रूप से बच्चे के जन्म की सुविधा प्रदान करती हैं। आरपीएफ ने चालू वर्ष के दौरान अब तक ट्रेनों या रेलवे परिसरों में प्रसव के 130 मामलों में सहायता प्रदान की है।

## एक माह में करो मोबाईल क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान उपभोक्ता आयोग का आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला उपभोक्ता आयोग ने मोबाइल की क्षतिपूर्ति राशि एक माह में दिये जाने के निर्देश दिये है। आयोग के अध्यक्ष पंकज यादव व सदस्य अमित सिंह तिवारी की युगलपीठ ने परिवादी दीक्षितपुरा निवासी महेश गुप्ता द्वारा की गई सेवा में कमी व अनुचित व्यापार प्रथा की शिकायत को सही पाया। इसी के साथ सिसका गजेट सिक्योर को निर्देश दिए कि वह परिवादी को हुए मानसिक पीड़ा के एवज में पांच हजार व वाद व्यय के लिये दो हजार रुपये का अलग से भुगतान करे।

परिवादी महेश गुप्ता की ओर से दायर मामले में कहा गया था कि उसने मोबाइल खरीदने के बाद बीमा कराया था। गौरीघाट में स्नान के समय मोबाइल गुम गया। जिसके बाद उसने बीमा क्षतिपूर्ति राशि के लिए क्लेम किया गया। बीमा कंपनी ने विलंब से एफ्आईआर को आधार बनाकर क्लेम रिजेक्ट कर दिया। इससे व्यथित होकर परिवादी ने पहले वकील के जरिए लीगल नोटिस भेजा। जब कोई नतीजा नहीं निकला तब उक्त परिवाद दायर किया गया। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद आयोग ने उक्त राहतकारी आदेश दिया।

## जानलेवा हमलावरों को दस-दस सास की सजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायाधीश रवींद्र प्रताप सिंह चुंडावत की अदालत ने जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी जबलपुर निवासी देवेंद्र यादव व विम्मू उर्फ विवेक बैरागी को दस-दस साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही अदालत ने दोनों पर जुर्माना भी लगाया है। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 15 अगस्त 2021 को गोरखपुर के ककरैलया तलैया क्षेत्र में आरोपी देवेन्द्र व विम्मू ने विशाल बंसल पर चाकू से जानलेवा हमला किया था। जिससे विशाल को गंभीर चोटे आई थी। शिकायत पर गोरखपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज




किया था। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने दोनों आरोपियों को दस-दस साल की सजा सुनाई। मामले में शासन की ओर से एजीपी संजय वर्मा ने पक्ष रखा।

## सागर के भाग्योदय पैरा मेडिकल कालेज को राहत

**जबलपुर,देशबन्धु** मप्र हाईकोर्ट से सागर के भाग्योदय पैरा मेडिकल कॉलेज को राहत मिली है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने कॉलेज के मान्यता आवेदन को पुन: पेश करने की अनुमति प्रदान की है।

मामला सत्र 2021-22 का मामला है। कॉलेज अब मान्यता के लिए पैरा मेडिकल काउंसिल को आवेदन पेश करेगा, जिसके लिये सशर्त अनुमति प्रदान की गई है। कॉलेज को निर्देशित किया गया है कि वह एक लाख रुपए की राशि मप्र उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ में जमा कराए। याचिकाकर्ता कॉलेज की ओर से अधिवक्ता प्रकाश चांडक, शिव कुमार ताम्रकार व उत्तम माहेश्वरी ने बताया कि सितंबर 2022 से कॉलेज की मान्यता का आवेदन मप्र पैरा मेडिकल काउंसिल के समक्ष लंबित है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के कई कॉलेजों को मान्यता दे दी गई है, लेकिन उनके आवेदन पर निर्णय नहीं लिया गया। जिस पर न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## दो गांजा तस्करों को सजा

### एक को सात साल तो दूसरे को एक साल का कारावास

**जबलपुर,देशबन्धु** एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने गांजा तस्करी के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को सजा सुनाई है। अदालत ने अनिकेत पटेल को सात साल तो प्रकाश चक्रवती को एक साल की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों पर जुर्माना भी लगाया है। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि गौतम मढ़िया जबलपुर निवासी प्रकाश चक्रवर्ती व पनागर निवासी अनिकेत पटेल को गढ़ा व मंझौली पुलिस ने गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। जिस पर दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। सुनवाई दौरान पेश किये गये साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने दोनों आरोपियों को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एजीपी अरविंद जैन ने पक्ष रखा।

## पटाखों से होने वाले वायू प्रदूषण को लेकर एनजीटी में अवमानना याचिका दायर

**जबलपुर,देशबन्धु** नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने वायु प्रदूषण को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में अवमानना याचिका दायर की है। मंच के डॉ पीजी नाजपांडे ने बताया कि वायु प्रदूषण से प्रदेश के रहवासियों की आयु पांच वर्ष घट रही है। उन्होंने बताया कि प्रदूषण बोर्ड की उक्त रिपोर्ट के मद्देनजर एनजीटी ने 27 अक्टूबर 2021 को निर्देश जारी किए थे कि खराब वायु प्रदूषण गुणवत्ता वाले शहरों में पटाखा प्रतिबंधित रहेगा और मध्यम श्रेणी वाले शहरों में मात्र 2 घंटे ग्रीन पटाखे फोड़े जाएंगे। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने भी हानिकारक पटाखों पर रोक लगाने सेंपल टेस्टिंग कराने के निर्देश दिए थे। मंच का आरोप है कि दोनों ही आदेशों का पालन नहीं हो रहा है, इसलिए अवमानना याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रभात यादव पैरवी करेंगे।

## जिला नाजिर की तत्परता से कलेक्टर कार्यालय में अचानक बीमार होने वाले नागरिक को मिली एम्बुलेंस

**जबलपर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में शुक्रवार को उस दौरान हडकंप मच गया जब यहां पर आने वाले एक आवेदक की अचानक तबितय खराब हो गई और वह गिर पड़ा। आनन-फानन में कार्यालय के जिला नाजिर के पदस्थ कर्मचारी ने मानवीय संवेदना दिखाते हुये उक्त व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। जिसके बाद संबंधित व्यक्ति की जान बचाने मदद मिली।



कलेक्टर कार्यालय में एक व्यक्ति जो अपनी पेशी पर सुनवाई के लिए आया हुआ था अचानक उसका स्वास्थ्य खराब हो गया और वह जमीन पर गिर पड़ा, जब जानकारी कलेक्टरेट में पदस्थ जिला नाजिर मंसूरी को प्राप्त हुई तो उन्होंने तत्काल रेड क्रॉस की एंबुलेंस की सहायता से मरीज को तुरंत अस्पताल पहुंचाने का कार्य किया और स्वयं भी तत्परता से मरीज को उठाने में मदद करते हुए बिना समय गवाये मरीज को अस्पताल पहुंचाने के काम को अंजाम दिया।

## बी ई ओ, बीआरसी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

### टी. एल. एम. से माध्यम से बच्चे आसानी से सीखते हैं... बी ई ओ

### दीवारों में बने टी एल एम की सराहना की, बच्चों को भी पढ़ाया।

सिहोरा-शुक्रवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय एवम जनपद शिक्षा केंद्र सिहोरा से बीआरसीसी बृजेश श्रीवास्तव द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला लखराम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, बी ई ओ अशोक उपाध्याय ने अपनी निरीक्षण टीप में प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी की कर शैली की प्रशंशा करते हुए लिखा है कि उनके मार्गदर्शन में शाला के कक्ष ,कॉरिडोर ,बाउंड्री वॉल के पेंटिंग चित्र बड़े ही आकर्षक तथा बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं , स्वच्छता ही पूजा है चारों तरफ स्वच्छता नजर आ रही है।उनके द्वारा दीवारों में बने टीएम एवं शिक्षकों द्वारा बनाए गए टी एल एम की सराहना की गई।

बीआरसी बृजेश श्रीवास्तव ने कक्षा 1,2 वा 3 के बालक बालिकाओं क्रमशः सारिका कोल, युवराज कोल, अर्पिता मलिक, प्रिया कोल, शिवांश बर्मन, अंश कोल से रंगों के नाम, वर्ष के अंग्रेजी महीनो के नाम, कुछ लेना कुछ देना, गणित के प्रश्न पूछे बच्चों द्वारा सही उत्तर दिए जाने पर प्रसन्नता जताई।



बी ई ओ अशोक उपाध्याय, बीआरसीसी श्री श्रीवास्तव ने कहा एफ एल एन वर्कबुक, कार्ययोजना विधिवत संचालित है , उन्होने कहा कि टी. एल. एम. शिक्षक एवं विद्यार्थियों के लिए लाभदायक है। यह शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को सरल बनाने में प्रभावी है। इसकी सहायता से शिक्षकों को अवधारणा स्पष्ट करने में सुविधा होती है।

प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी, योगेंद्र मिश्रा ,तहमीना अंसारी द्वारा अकादमिक प्लान के अनुसार टी एल एम बनाया गया है वा वर्कबुक पर अभ्यास कराया जा रहा है।

ने कहा विद्यार्थी भी इन टी एल एम सामग्रियों से सीखने में रुचि लेते हैं। अधिकारी द्वारा छात्र उपस्थित बढ़ाने के लिए पलकों से सतत संपर्क करने की बात भी कही।

## वन अमले के हत्थे चढ़े शिकारी



**शहडोल, देशबन्धु।** वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो जबलपुर को सूचना मिली थी कि जैतपुर वन परिक्षेत्र में पैंगोलिन का शिकार किया जा रहा है। ब्यूरो ने इसकी जानकारी जैतपुर वन अमले को दी जिसके बाद जैतपुर के वन हमले ने दो शिकारियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 4.2 किग्रा वन्य जीव पैंगोलिन के स्केल्स एवं अन्य वन्य जीवों के अंग जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरी (डब्ल्यूसीसी) जबलपुर की सूचना पर जैतपुर वन विभाग द्वारा की गई है। सूचना मिली थी कि आरोपी स्केल्स बेचने की फिराक में हैं जिसके बाद जैतपुर के कामता बस स्टैंड के पास से एक युवक को पकड़ा गया, जिसके पास से 4.2 किलोग्राम पैंगोलिन के स्केल्स मिला। घर की तलाशी में जंगली सूकर के बाल व कुछ अंग भी मिले हैं। एक आरोपी छत्तीसगढ़ का बताया जा रहा है। दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय शहडोल में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### सार-समाचार

## रिपोर्ट पर कार्यवाही नहीं होने पर, दलित ने लगाई पुलिस कप्तान से गुहार

**पाटन देशबन्धु।** पाटन थानांतर्गत ग्राम कटिया लुहारी से 19 वर्षीय युवती के अगवा होने की रिपोर्ट पर पाटन पुलिस के द्वारा कार्यवाही नहीं किए जाने पर पुलिस कप्तान के पास उक्त शिकायत पर कार्यवाही करने हेतु एक दलित ने गुहार लगाई गई है। ये है मामला-कपूरा अहिरवार ने 06/10/2023 को पाटन थाने में शिकायत दर्ज कराई की उसकी बेटी कमला अहिरवार उम्र 19 वर्ष को उसके ही गांव के लड़के रोहित पिता रेवा राम ने अगवा करके ले गया। जिसकी रिपोर्ट पाटन थाने में की थी लेकिन पुलिस के द्वारा उक्त प्रकरण में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई थी जिसकी वजह से पुलिस अधीक्षक जबलपुर को आवेदन देकर उक्त प्रकरण में तत्काल कार्यवाही करने के लिए निवेदन किया गया है।

## रामलीला का आयोजन

**गोसलपुर,देशबन्धु।** सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में नवरात्रि पर मुकुट पूजन,नारद मोह के साथ रामलीला का शुभारंभ हो गया इस वर्ष जय अंबे रामलीला मंडल संचालक भूपेंद्र सिंह के संयोजन में लगातार 10 दिनों तक रामलीला मंच पर रामलीला का सफल मंचन किया जाएगा सभी श्रद्धालुओं से उपस्थित की अपील की गई है । उधर दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा नवरात्रि पर प्रतिमा की स्थापना की जावेगी प्रतिमा के जबलपुर से आगमन पर गोसलपुर मे माता की अगवानी की जाएगीञ लगातार 10 दिनों तक रामलीला का मंचन किया जाएगा सभी श्रद्धालुओं से उपस्थित की अपील की गई है। नवरात्रि को ध्यान में रखते हुए गोसलपुर थाना प्रभारी प्रियंका केवट , एस आई अनिल मिश्रा द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है जगह-जगह पुलिस बल तैनात कर व्यवस्थाएं की जा रही है गोसलपुर शहर क्षेत्र से जुड़े ग्रामों में अभी यहां नवरात्रि पर्व पर प्रतिमाएं स्थापित की जाती है।

## मेसर्स रूद्र इंटर प्राईजेस 137 गुदरी झांसी को कलेक्टर ने उमरिया जिले में तीन वर्षो तक प्रक्रिया में भाग लेने हेतु किया प्रतिबंधित

**उमरिया,देशबन्धु।** कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने मेसर्स रूद्र इंटर प्राईजेस 137 गुदरी झांसी को शाला गणवेश कपड़ों का साईज छोटा दिये जाने एवं कपड़ा गुणवत्ताहीन होने की शिकायत संबंधित जबाव 3 दिवस के अंदर माँगा गया था किन्तु जबाव नही दिया गया। जबाव निर्धारित समय सीमा पर प्राप्त नही होने से प्रथमदृष्टया यह माना गया है कि आपके विरूद्ध लगाये गये समस्त आरोप आपको स्वीकार है। इस संबंध में आपको कुछ नही कहना है। प्राप्त शिकायत की जांच में यह पाया गया है कि आपकी फर्म के द्वारा स्व सहायता समूहों को छोटे साइज के गणवेश कपड़े का साईज छोटा होना तथा गुणवत्ताहीन कपड़े प्रदाय किया गया है। उक्त तथ्यों के आधार पर मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रावधान अनुसार आपकी फर्म के द्वारा महिला स्व सहायता समूहो / संगठनो के साथ गुणवत्ता एवं मात्रा में ठगी प्रदाय करना पाया गया। जिस पर कलेक्टर ने फर्म रूद्र इन्टर प्राईजेस 137 गुदरी झांसी जिला झांसी को उमरिया जिले में आगामी 03 वर्षों तक इस प्रक्रिया में भाग लेने हेतु प्रतिबंधित किया है।


## मेसर्स रूद्र इंटर प्राईजेस 137 गुदरी झांसी को कलेक्टर ने उमरिया जिले में तीन वर्षो तक प्रक्रिया में भाग लेने हेतु किया प्रतिबंधित

**उमरिया,देशबन्धु।** कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने मेसर्स रूद्र इंटर प्राईजेस 137 गुदरी झांसी को शाला गणवेश कपड़ों का साईज छोटा दिये जाने एवं कपड़ा गुणवत्ताहीन होने की शिकायत संबंधित जबाव 3 दिवस के अंदर माँगा गया था किन्तु जबाव नही दिया गया। जबाव निर्धारित समय सीमा पर प्राप्त नही होने से प्रथमदृष्टया यह माना गया है कि आपके विरूद्ध लगाये गये समस्त आरोप आपको स्वीकार है। इस संबंध में आपको कुछ नही कहना है। प्राप्त शिकायत की जांच में यह पाया गया है कि आपकी फर्म के द्वारा स्व सहायता समूहों को छोटे साइज के गणवेश कपड़े का साईज छोटा होना तथा गुणवत्ताहीन कपड़े प्रदाय किया गया है। उक्त तथ्यों के आधार पर मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रावधान अनुसार आपकी फर्म के द्वारा महिला स्व सहायता समूहो / संगठनो के साथ गुणवत्ता एवं मात्रा में ठगी प्रदाय करना पाया गया। जिस पर कलेक्टर ने फर्म रूद्र इन्टर प्राईजेस 137 गुदरी झांसी जिला झांसी को उमरिया जिले में आगामी 03 वर्षों तक इस प्रक्रिया में भाग लेने हेतु प्रतिबंधित किया है।




## खबर का हुआ असर हरकत में आया परिषद का अमला

### स्ट्रीट लाइट सुधार कार्य हुआ शुरू

**पाटन देशबन्धु।** नगर के मुख्य मार्गो की स्ट्रीट लाइट बंद होने की खबर 7 अक्टूबर को प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी जिस पर संज्ञान लेते हुए निकाय के कर्मचारी आज सुबह से ही पाटन जबलपुर मुख्य सड़क की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को सुधारने का कार्य शुरू किया गया है संभवत नवरात्रि शुरू होते तक नगर के दोनों मुख्य मार्गो की स्ट्रीट लाइट पुनः एक बार फिर चालू हो जाएगी जिससे नगर की मुख्य सड़कों का अंधेरा दूर होगा और आम जनता को राहत मिलेगी।

इनका कहना है-जब इस संबंध में नगर परिषद सीएमओ नीलम गोवर्धन सिंह चौहान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दोनों मुख्य सड़कों की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटो का सुधार कार्य संभावता दो से तीन दिनों में कंप्लीट हो जाएगा।

## हेडमास्टर ने दिव्यांग छात्र को पीटा, फिर खींची मां की साडी

### आज हुआ वीडियो वायरल, नशे में होने का आरोप



**करतूत देख लोगों ने पिटाई कर दी**

रीवा देशबन्धु। सरकारी स्कूल के बाहर हुई मारपीट का वीडियो आज शुक्रवार को सामने आया है जिसमें सरकारी स्कूल के हेड मास्टर ने पहले एक दिव्यांग छात्र को पीटा, फिर उसकी मां से हाथापाई कर दी। महिला की साड़ी खींच दी। इससे उसकी साड़ी फट गई। लोगों ने जब हेड मास्टर की यह करतूत देखी तो उसे पकड़कर पीट दिया। आरोप है कि वह नशे में था। मामला सेमरिया थाना इलाके के गोदहा गांव में गुरुवार का है। पुलिस ने हेड मास्टर और उसे पीटने वाले लोगों पर क्रॉस एफआईआर दर्ज की है।

तत्संबंध में मिली जानकारी के अनुसार श्रीकांत दुबे (50) प्राथमिक पाठशाला गोदहा में हेड मास्टर हैं। सेमरिया थाने के निरीक्षक अवनीश पांडेय ने बताया कि 12 अक्टूबर की दोपहर 12 बजे छात्र अंकित कोल (19) अपनी मार्कशीट लेने स्कूल गया था। इसी बात पर स्कूल कैम्पस में छात्र और हेड मास्टर के बीच बहस हुई। पुलिस को हेड मास्टर ने बताया कि काफी पुरानी मार्कशीट है। मिलना मुश्किल है। यह बात छात्र को कही भी, लेकिन वह नहीं माना और बहस करने लगा। मारपीट के दौरान हेड मास्टर ने महिला की साड़ी खींची। इससे वह अर्धनग्न हो गई। पिटाई से हेड मास्टर के सिर और पेट में चोट आई है। मारपीट के दौरान हेड मास्टर ने महिला की साड़ी खींची। इससे वह अर्धनग्न हो गई। पिटाई से हेड मास्टर के सिर और पेट में चोट आई है। छात्र अंकित रोते हुए घर पहुंचा। उसने अपनी मां को बताया कि हेड मास्टर ने उसे पीटा है। इस पर उसकी मां स्कूल पहुंच गई। आरोप है कि नशे में धुत हेड मास्टर ने महिला के साथ हाथापाई शुरू कर दी। छात्र का कहना है कि वह प्राथमिक पाठशाला गोदहा का पूर्व छात्र है। 5वीं की मार्कशीट के लिए स्कूल के चक्कर काट रहा है। वह मां के साथ स्कूल पहुंचा तो हेड मास्टर ने धक्के मारकर हम दोनों को बाहर निकाल दिया और मारपीट की।

**मारपीट से हेड मास्टर को सिर, पेट पर आई चोट**

पुलिस का कहना है कि मारपीट का वीडियो आज सामने आया है। दोनों पक्ष एक-दूसरे को पीटते नजर आ रहे हैं। हेड मास्टर के सिर, पेट और कंधों पर चोट आई है। दोनों पक्षों पर केस किया है। हेड मास्टर को जिन लोगों ने पीटा है, उनकी पहचान की जा रही है।

## जुन्नारदेव में कपड़ा, मनिहारी की दुकानों में लगी आग से 17 दुकानें सामान सहित जलकर हुई खांक, एस.डी.एम., विधायक मौके पर पहुंचे











**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** गत 13 अक्टूबर को नगर के मार्केट स्थित विजय स्तंभ रेडिमेट कपड़ा और मनिहारी की दुकानों पर सुबह 7.15 बजे के करीब शॉर्ट सर्किट की वजह से कच्ची दुकानों में भीषण आग लग गई। इस कच्चे टीन शेड लाइन में लगभग 20 दुकानों को आग ने अपनी चपेट में ले लिया।

मिली जानकारी के अनुसार मनिहारी और रेडीमेड कपड़े की दुकान में आग लगने से व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है। जैसे ही आग लगने की सूचना प्रशासन को लगी तो गश्त पर निकले थाना प्रभारी रामप्रसाद कवरेती ने मोर्चा संभाला युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। करीब 2 घंटे की मशक्कत से फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोगों के सहयोग से प्रशासन ने आग को बुझाने में सफ्लता हासिल की लेकिन तब तक दुकान जल कर स्वाहा हो चुकी थी। सूत्रों ने बताया कि आगामी दशहरा और दिवाली के लिए व्यापारियों ने माल खरीद कर स्टाक किया था लेकिन अचानक आग लगने से सब जलकर खाक हुआ। बाजार की दुकानों में आग लगने की सूचना मिलने पर दोनों ही राजनैतिक दल कांग्रेस ओर भाजपा के पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और जायजा लिया।

### नगर पालिका की लापरवाही के चलते अतिक्रमण

नगर के बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण चौरतरफा फैला है अस्थाई मार्केट की गलियों में लोग सड़क किनारे दुपहिया वाहन नहीं लगा सकते हालत ऐसे हुए है कि दिनों दिन व्यापारी अपने दुकानों का सामान सड़क पर रखने से मार्ग अत्यधिक सकरा होता जा रहा है। इन सब पर नगर पालिका बाजार क्षेत्र में फैले अतिक्रमण को हटाने में परहेज करती नगर की व्यवस्था से कोई सरोकार नहीं वोट बैंक की राजनीति के चलते अतिक्रमण से तंग गलियां मुंह चिढ़ा रही है।

### दुकानदार होते है विवाद पर उतारू

नगर के किसी भी कोने पर वाहन खड़ा करने पर आये दिन विवाद उत्पन्न होता है सड़क किनारे सामान रखकर व्यापारी ग्राहक बटोरकर धंधा करने में व्यस्त है। बाईक से आते-जाते किसी भी वस्तु को धोखे से टक्कर लगी तो व्यापारी उक्त बाइक सवार से उलझ कर मारपीट करते है। पूर्व में ऐसी घटनाएं हुई है।

अतिक्रमण से पटी गलियों में फायर ब्रिगेड ओर टैंकर के प्रवेश करने में राहत और बचाव कार्य करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी दुकानदारों ने पाल पंडाल ओर गली से चिपक कर दुकानें लगाई जिसके कारण आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड सहित पानी के टेंकर को घटनास्थल पर जाने में भारी असुविधा हुई।

### तमाशबीन बनाते रहे वीडियो

आग से धू-धू जल रही थी इन दुकानो को देखकर तमाशबीन भीड़ मोबाइल से वीडियो बनाकर वायरल करने में जुटे रहे लेकिन बढ़चढ़ कर आग की लपटों को बुझाने की पहल किसी ने नहीं की और लोग तमाशा देखने रहे जिन्हें बार बार रास्ता खाली करने के लिए पुलिस को कहना पड़ा।

### फायर ब्रिगेड सायरन बजाती हुई निकली

कपडा मार्केट में आग बुझाने हेतु बिना देरी किए अलर्ट पाकर नगर पालिका जुन्नारदेव 2, दमुआ 2, परासिया, न्यूटन चिखली, बड़कुही और छिंदवाड़ा से एक एक फायर ब्रिगेड एवं सड़क निर्माण कार्य में लगे पानी टैंकर, प्रायवेट टेंकर पानी भरकर यहां पहुंचे और आग पर काबू पाया।

### आग बुझाने कार्य में कड़ी मेहनत

आज सुबह मार्केट में लोग टहलने और चाय पीने के लिए बाजार आए थे। अलसुबह मनिहारी लाइन में धुआं उठता देख अंदर झांक कर देखा तो दुकान के भीतर आग की लपटे दिखाई दी। जागरूक लोगों ने दुकानदारों को फोन पर सूचना दिया आसपास दुकानों के सामने लगे पाल पर्दे तत्काल हटाए गए जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जुन्नारदेव प्रशासन भी पहुंचा मौके पर घटनास्थल का मुआयना करने एस.डी.एम. सुश्री नेहा सोनी, तहसीलदार श्रीमती प्रीति पटेल, नायब तहसीलदार राजीव नेमा, एस.डी.ओ.पी. के.के. अवस्थी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। एस.डी.एम. ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्व विभाग की ओर से पटवारी का दल गठित कर आग से जली दुकानों का मूल्यांकन कर आर.बी.सी. 6/4 में पीड़ति व्यापारियों को सहायता शासन की ओर से प्रदान की जाएगी। खबर मिली है कि आग लगने की खबर मिलते ही क्षेत्रीय विधायक सुनील उईके मौके पर पहुंचे और पीड़ित व्यापारियों से चर्चा की तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों से भी क्या मदद हो सकती है के संबंध में चर्चा की।

## इजराइल ने लेबनान पर मशीनगन से गोले दागे

बेरुत। इजरायली सैन्य बलों ने बुधवार शाम को दक्षिणपूर्व लेबनान में मशीन गन से गोले दागे और बमबारी की। सूत्रों ने दावा किया कि इजरायली बलों ने हुला अक्ष से सीमा के दोनों किनारों पर फ्लेयर बम तैनात किए हैं। उन्होंने मशीनगन से खियाम शहर के हुला और मेस अल–जबल के गांवों को जोड़ने वाली सड़क को निशाना बनाया है। लेबनान स्थित सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल पर हमास के हमले के समर्थन में रविवार सुबह इजरायली सैन्य स्थलों की ओर कई मिसाइलें दागने के बाद लेबनानी–इजरायल सीमा तनाव व्याप्त हो गया।

# ऐसी क्रूरता देखी नहीं कहीं! गर्भवती इजरायली महिला का पेट फाड़ा, अजन्मे बच्चे को भी गोदा

**तेलअवीव।** इजरायल पर हमास के अचानक हुए हमले ने पूरी दुनिया को चौंका दिया था और अब एक सप्ताह से जारी युद्ध ने सबकी टेंशन बढ़ा दी है। एक तरफ इजरायल ने गाजा पर हमले तेज कर दिए हैं तो दूसरी तरफ हमास की क्रूरता की तस्वीरें भी मानवता को झकझोरने वाली हैं। हमास की ऐसी ही एक बर्बर हरकत ने अमानवीयता की हदें पार कर दी हैं। शनिवार को किए हमले के दौरान हमास के आतंकियों ने एक गर्भवती इजरायली महिला को भी नहीं बख्शा। पहले उसे चाकू मारा तो उसकी मौत हो गई और फिर पेट से निकले अजन्मे बच्चे तक को गोद डाला।

दशकों से इजरायल में अप्राकृतिक मौतों का शिकार हुए लोगों के शवों को दफनाने का काम करने वाले योशी लानडाउ ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि शनिवार को हुए हमले के दौरान उन्हें वीभत्स तस्वीरें देखीं। उन्होंने देखा कि जहां–तहां गाड़ियां खड़ी हैं और लाशों का ढेर सड़कों पर है। इसी दौरान उन्होंने एक गर्भवती महिला का शव देखा, जिसका पेट फटा हुआ था और उससे अजन्मा बच्चा बाहर निकला था। उस अजन्मे बच्चे पर भी चाकू से वार किए गए थे और बुरी तरह गोदा गया था। 55 वर्षीय योशी





कहते हैं कि इस वाकये ने उन्हें और उनकी टीम को बेचैन कर दिया।

**इजरायल–हमास युद्ध के बीच दिल्ली- पाक में अलर्ट, नमाज से पहले पुलिस सतर्क**

बीते 33 सालों से अप्राकृतिक कारणों से मरने वाले लोगों के शवों को दफनाने वाली संस्थान के लिए योशी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीन दशकों में पहली बार उन्होंने इतना वीभत्स और दिल को दहलाने वाला सीन देखा। वह कहते हैं कि इस दौरान उन्हें इजरायल में 20 से ज्यादा बच्चों के भी शव मिले, जिनके हाथ बंधे हुए थे। इन बच्चों के हाथों को पीछे बांधकर आतंकियों ने उन्हें गोलियां मार दी थीं। यही नहीं कुछ लोगों का तो यौन उत्पीड़न किया गया और फिर उन्हें बर्बरता से मार दिया गया।

### तो खुल जाएंगे और मोर्चे; अमेरिका के बाद अब ईरान भी जंग में उतरने को तैयार

इजरायल पर हमास का हमला इतना बर्बर था कि एक म्यूजिक फेस्ट में थिरक रहे युवाओं को भी नहीं बख्शा गया। इसमें 270 लोगों को मार दिया गया और मौके पर लाशों का ढेर नजर आया। इजरायल में इन हत्याओं से पूरी दुनिया में गुस्सा देखा गया। गौरतलब है कि हमास के हमले के जवाब में इजरायल ने अब तक गाजा पट्टी पर 6000 से ज्यादा बम दागे हैं। यही नहीं रॉकेटों से भी मार की गई है। इजरायल के ही आंकड़ों के मुताबिक गाजा में अब तक 1500 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

## आज का इतिहास

1066– हेस्टिंग्स के निकट विलियम के नेतृत्व में नॉर्मन सेना ने इंग्लैंड को हराया और वहाँ के राजा हेरॉल्ड द्वितीय की हत्या कर दी।
1240– भारत की प्रथम महिला शासिका रजिया सुल्तान की मौत हुई।
1322– स्कॉटलैंड की सेना ने अंग्रेजी राजा एडवर्ड द्वितीय को हराया।
1643– मुग़ल बादशाह बहादुर शाह प्रथम का जन्म।
1758– हचकिर्क की लड़ाई में ऑस्ट्रियाई सेना ने प्रशिया को हराया।
1882– शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।
1884– प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का जन्म।
1933– जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से अलग होने की घोषणा की।
1943– जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।
1946– हालैंड और इंडोनेशिया ने संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1948– इजरायल और मिस्त्र के बीच युद्ध की शुरूआत हुई।
1953– भारत में संपदा शुल्क अधिनियम प्रभावी हुआ।

## सुडोकू 6346

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 6 | | 4 | | | 5 |
| 8 | | | | 5 | | | 6 | 3 |
| | | 5 | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | |
| | 9 | | | | | | 4 | |
| | | | | | | | | 2 |
| 1 | | | | | 8 | 2 | | |
| 6 | 5 | | | 7 | | | | 1 |
| 7 | | | 9 | | 6 | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## हमास के साथ युद्ध के बीच इजरायली दूतावास के कर्मचारी पर चीन में हमला, चाकुओं से गोदा

**बीजिंग।** आतंकी संगठन हमास के साथ जारी जंग के बीच चीन में इजरायली दूतावास के एक कर्मचारी पर जानलेवा हमला हुआ है। इजरायली विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि बीजिंग में दूतावास के एक कर्मचारी पर हमला किया गया है और अब वह अस्पताल में भर्ती है। शुक्रवार को बीजिंग में एक इजरायली दूतावास के कर्मचारी पर चाकुओं से हमला हुआ है। यह खबर ऐसे समय में सामने आई है जब इजरायल ने आज संकेत दिया कि वह संभवत- गाजा पर पूरी तरह से आक्रमण की तैयारी कर रहा है। इजरायल और हमास में जारी जंग के बीच चीन मुश्किल स्थिति में है। चीन ने अभी तक कड़े शब्दों में हमास द्वारा इजरायल पर किए हमले की निंदा नहीं की है। वहीं बीजिंग में इजरायली दूतावास के एक वरिष्ठ अधिकारी युवल वैक्स ने रविवार को कहा था कि इजरायल को उम्मीद है कि चीन हमास की कड़ी निंदा करेगा। वैक्स ने संवाददाताओं से कहा, जब लोगों की हत्या की जा रही है, सड़कों पर कत्लेआम किया जा रहा है, तो यह दो-राज्य समाधान का आह्वान करने का समय नहीं है।

## पाकिस्तान में नहर में गिरी जीप, सात की मौत

**इस्लामाबाद,** (एजेंसियां)। पाकिस्तान में पूर्वी पंजाब प्रांत के मियांवली जिला में बाजा बजाने वालों को लेकर जा रही एक जीप गुरुवार को नगर में गिर गयी, जिसके कारण सात लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय पुलिस ने बताया कि एक लोक गायक के नेतृत्व में संगीत प्रेमियों का एक समूह एक समारोह में प्रस्तुति देने के बाद घर लौट रहा था। इसी दौरान पका कंझेरा इलाके में उनकी जीप नगर में गिर गयी। पुलिस ने बताया कि इस घटना की जानकारी मिलने पर राहत एवं बचाव की टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन जीप पर सवाल सभी लोग नगर में डूब चुके थे। पुलिस के मुताबिक पीड़ित नगर के किनारे से गुजर रहे थे। इसी दौरान चालक ने नियंत्रण खोर दिया और जीप नहर में जा गिरी।

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने नीट पीजी कट-ऑफ को शून्य करने पर केंद्र को जारी किया नोटिस

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) के नीट पीजी क्वालीफाइंग परसेंटाइल को शून्य करने के हालिया फैसले के संबंध में केंद्र को नोटिस जारी किया। इस फैसले को हुबली के वकील डॉ. विनोद कुलकर्णी ने चुनौती दी थी। मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी. वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, एमसीसी और अन्य को नोटिस जारी किया। एक आश्चर्यजनक घोषणा में, नीट पीजी परीक्षा के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा के लिए स्नातकोत्तर सीटें आवंटित करने के लिए जिम्मेदार एमसीसी ने कहा कि इस वर्ष खाली सीटों के लिए पात्रता शून्य प्रतिशत होगी। यह पहली बार है कि 2017 में अन्य सभी मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की जगह लेने के बाद से पात्रता कट-ऑफ को पूरी तरह से हटा दिया गया है।

# इजरायल का नाम सुनते ही क्यों जल-भुन जाता है पाकिस्तान ?

हमास–इजरायल युद्ध में पाकिस्तान ने खुलकर इजरायल का विरोध किया है और अन्य अरब मुस्लिम देशों के साथ जा खड़ा हुआ है। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, जब पाकिस्तान ने इजरायल का विरोध किया है। पाकिस्तान इजरायल का गठन होने से पहले से ही उसका विरोध करता आ रहा है। 1947 में जब संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन बंटबारे का प्रस्ताव आया था, तब भारत के साथ–साथ पाकिस्तान ने भी उसका विरोध किया था। भारत जहां धर्म के आधार पर किसी देश के बंटवारे का विरोध कर रहा था, वहीं पाकिस्तान मुस्लिम देश होने का फर्ज निभा रहा था और मुस्लिम बहुल फिलिस्तीन का साथ दे रहा था।

1948 में इजरायल को एक स्वतंत्र देश का दर्जा मिलने के बाद भारत ने 1950 में उसे एक संप्रभु देश के तौर पर मान्यता दे दी लेकिन पाकिस्तान आज तक उसे संप्रभु देश नहीं मानता है। लिहाजा, इन दोनों देशों के बीच कोई राजनयिक संबंध नहीं हैं। पाकिस्तान ईरान, इराक, सऊदी अरब, बांग्लादेश, भूटान, कुवैत, लेबनान और इंडोनेशिया सहित उन 30 देशों में से एक है, जिन्होंने इजरायल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने से इनकार कर दिया है।

**बांग्लादेश से कनेक्शन क्या है**

इजरायल से भारत की दोस्ती भले ढाई–तीन दशक पुरानी हो लेकिन जब भारत और इजरायल के बीच कोई राजनयिक संबंध नहीं थे, तब भी इजरायल ने भारत की मदद की थी। ये बात 1971 की है। इजरायल ने पाकिस्तान के खिलाफ 1971 के युद्ध में भारत की रक्षा क्षेत्र में बड़ी मदद की थी, जिससे पाकिस्तान दो टुकड़ों में बंट गया था। श्रीनाथ राघवन की किताब 1971 में 14 दिवसीय युद्ध के बारे में खुलासा किया गया है कि कैसे इजरायल ने भारत की मदद की थी। उस वक्त इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थीं और पीएन हक्सर उनके सलाहकार थे। हक्सर एक पूर्व राजनयिक थे। हक्सर की चिट्ठियां, जो नई दिल्ली में नेहरू मेमोरियल संग्रहालय और पुस्तकालय में रखी गई हैं, के आधार पर राघवन ने अपनी किताब में दावा किया कि पीएन हक्सर ने फ्रांस में भारत के तत्कालीन राजदूत डी एन चटर्जी के जरिए इजरायल से हथियारों की खरीद की डील करवाई थी।

# 11 लाख की आबादी को 24 घंटे का अल्टीमेटम

## गाजा में इजरायल की क्या प्लानिंग



इजरायल और हमास के बीच जारी जंग ने 11 लाख की फिलिस्तीनी आबादी के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। इजरायल ने गाजा पट्टी पर जमीनी जंग लड़ने के संकेत दिए हैं और सीमा पर 3 लाख 36 हजार सैनिकों की तैनाती कर दी है।

इजरायल की ओर से 1.1 मिलियन आबादी को उत्तरी गाजा क्षेत्र को 24 घंटे के अंदर खाली करने को कहा गया है। इसे लेकर संयुक्त राष्ट्र ने ऐतराज भी जताया है, लेकिन इजरायल फिलहाल पीछे हटने के मूड में नहीं दिख रहा है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि यह असंभव है कि एक दिन के अंदर इतनी बड़ी आबादी जगह को खाली कर दे, जो गाजा पट्टी के आधे के बराबर है।


**गाजा में अब तक 1500 से ज्यादा लोगों की मौत, बिजली भी गुल**

वहीं इजरायल की बमबारी के चलते गाजा में 1500 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इजरायल ने गाजा पट्टी के लिए पानी और बिजली तक रोक दिया है, जिससे लोग एक–एक बूंद के लिए तरस रहे हैं और हालात अमानवीय हैं। इजरायल का कहना है कि उसके यहां घुस आए करीब 1500 हमास आतंकी भी मारे जा चुके हैं। इजरायल डिफेंस फोर्सेज के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस कहा कि गाजा पट्टी से लोगों को बाहर निकालना एक मानवीय कदम है। हम नहीं चाहते कि हमास की सजा निर्दोष लोगों को मिले। इसलिए हमारी अपील है कि वे गाजा पट्टी से निकल जाएं ताकि हमास के ही ठिकानों को निशाना बनाया जाए।

### गाजा पट्टी के लोगों को मैप शेयर कर बताया- कहां जाकर छिपें

इजरायल ने गाजा पट्टी के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि यह आपकी ही सुरक्षा के लिए है। इजरायली सेना की ओर से एक नक्शा भी शेयर किया गया है, जिसमें बताया है कि आप लोगों को नॉर्थ गाजा से निकलकर कहां जाना चाहिए। इजरायली सेना ने कहा, सीमा की ओर न आएं। इसकी बजाय आप लोग दक्षिण की ओर निकलें। दरअसल इजरायली सेना की कोशिश है कि गाजा में जमीनी हमले भी किए जाएं और हमास के ठिकानों को ही खत्म किया जाए। इससे पहले जनता को बाहर कर दिया जाए ताकि आम नागरिकों को मारे जाने के आरोप न लगें।

## वर्ग पहेली 6346



**बायें से दायें:–**

१. शोभा, सौंदर्य में वृद्धि होना
३. बाधा, विघ्न
५. सेहतरोज सर्वोत्तम
६. सभ्यता, शिष्टता
७. परशुराम के पिता
८. नागरिक, नगरजन
१३. वह यज्ञ जिसमें मनुष्य की बलि दी जाती है
१५. भलमनसाहत
१६. सवद लेने योग्य
१७. यतीम
१८. अपरिमित, असीमित
२०. शासन (उर्दू)
२२. प्राणी, पशु (उर्दू)
२३. अधिकता, प्रचुरता

**ऊपर से नीचे:–**

१. सजस, नीचे
२. पथिकों को लूटने वाला (उर्दू)
३. अपफसन्न व्यक्ति
४. बारात
५. कल्याण, मुक्ति
९. भीम, बलराम
१०. खुद या स्वयं का बनाया हुआ
११. अच्छा, मंगल
१२. दोषी, कसूरवार (उर्दू)
१४. आंख की पुतली
१७. बड़ी बहन
१९. विक्षिप्त, दीवाना (उर्दू)
२०. सरोवर
२२. ईश्वर (उर्दू)

## वर्ग पहेली–6345



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

## संकट

# 1962 में एलएसी पर दबाई गई बारूदी सुरंगें हटने पर खुश हुए लद्दाखवासी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)। लद्दाख के बर्फीले रेगिस्तान के करीब तीन इलाकों में सेना ने 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान दबाई गई पौने दो सौ सब अधिक बारूदी सुरंगें निकाल कर आसपास के लोगों को खुशी तो प्रदान की पर अभी भी जम्मू कश्मीर के 1900 वर्ग किमी क्षेत्र में रहने वाले लाखों लो इन बारूदी सुरंगों के साए में हैं जो भारत-पाक सीमा से सटे हैं।**

सेना ने बताया की उसके जवानों ने लेह जिले के तीन इलाकों में एक अभियान चला कर 175 बारूदी सुरंगों को नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने गुरुवार को खुद इसकी जानकारी दी। बताया गया कि ऐसा लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर रहने वाले स्थानीय लोगों की मांग पर किया गया है। पर यह एक कड़वी सच्चाई है कि जम्मू कश्मीर की जनता खतरनाक बारूदी सुरंगों के साए तले जिन्दगी काट रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस ओर के जम्मू कश्मीर के करीब 1900 वर्ग किमी के एरिया में लाखों बारूदी सुरंगें दबी पड़ी हैं जिनके आसपास लाखों लोगों की जिन्दगी रोजाना घूमती है। हालांकि इससे अधिक एरिया और संख्या में बारूदी सुरंगें उस कश्मीर में दबी पड़ी हैं।

लेह के उपायुक्त संतोष सुखदेव ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिख कर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि फोब्रांग,



योरगो और लुकुंग के ग्रामीणों की ओर से, हम 175 से अधिक बारूदी सुरंगों को सफलतापूर्वक नष्ट करके क्षेत्र की बाड़ लगाने और साफ करने में उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए फायर एंड फ्यूरी कोर को धन्यवाद देते हैं। जबकि फोब्रांग के सरपंच का कहना था कि मैं 1962 में लगाई गई इन बारूदी सुरंगों को नष्ट करने के लिए भारतीय सेना को धन्यवाद देना चाहता हूं। इससे हमें नुकसान होता था।

'पर यह भी सच हैकि जम्मू संभाग की 160 वर्ग किमी तथा कश्मीर की 1730 वर्ग किमी भूमि में लाखों की तादाद में दबाई गई बारूदी सुरंगें भी प्रदेश के उन नागरिकों के लिए खतरा बनी हुई हैं जो इन इलाकों में रहते हैं। ये लाखों बारूदी सुरंगें भारत–पाक युद्धों के दौरान दबाई गई थीं और अभी भी वे वहां पर इसलिए हैं क्योंकि इंटरनेशनल बार्डर और एलओसी पर सीजफायर के बावजूद खतरा कभी टला ही नहीं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लेंडमाइन्स अर्थात बारूदी सुरंगों पर प्रतिबंध लागू करवाने के लिए जुटे करीब 1000 संगठनों की रिपोर्ट के मुताबिक इतनी संख्या में बारूदी सुरंगों का इस्तेमाल करने और उनका भंडारण करने वाले देशों में भारत का स्थान अगर 6ठा है तो पाकिस्तान पांचवें स्थान पर आता है। एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बारूदी सुरंगों के संजाल की बात तो समझ में आती है लेकिन इस रिपोर्ट के मुताबिक कश्मीर में कई ऐसे गांव हैं जिनके चारों ओर बारूदी सुरंगें बिछाई गई हैं।

रिपोर्ट कहती है कि इनमें से अगर आतंकवादग्रस्त क्षेत्र भी हैं तो वे गांव भी हैं जिन्हें एलओसी पर लगाई गई तारबंदी दो हिस्सों में बांटती है।

# खेल जगत

## गिल बने सितंबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को सितंबर महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के खिताब से नवाजा है। गिल को सितंबर महीने में एकदिवसीय मुकाबलों में 80 की औसत से 480 रन बनाने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 में इंडिया बनाम पाकिस्तान मैच से एक दिन पहले शुभमन गिल को 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है। गिल को सितंबर में उनकी शानदार फॉर्म के लिए यह अवॉर्ड दिया गया है। उन्होंने एशिया कप में 75.5 की औसत से 302 रन बनाए थे इसमें फाइनल में बनाए गए नाबाद 27 रन भी शामिल है। भारत ने फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से हराया था। गिल इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो पारियों में 178 रन बनाकर महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने के अपने दावे को और मजबूत किया।



# दुनिया की निगाहें, दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में, दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट मुकाबले पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- भारत का मकसद वन डे विश्व कप में पाक पर लगातार आठवीं जीत
- रंग में भारत के हिटमैन रोहित और 'चेज मास्टर' विराट कोहली, शुभमन भी फिट
- भारत को बाबर और रिजवान की मौजूदगी में पाक से चौकस रहना होगा

नई दिल्ली। दुनिया भर की निगाहें दो चिर प्रतिद्वंद्वियों भारत और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शनिवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 जैसे सबसे बड़े मंच पर सबसे बड़े मुकाबले पर लगी हैं। सवा लाख से भी ज्यादा दर्शक क्षमता वाला मोटेरा स्थित स्टेडियम बेशक दुनिया के सबसे क्रिकेट मुकाबले को देखने के लिए खचाखच भरा रहेगा। साथ ही दुनिया भर में लाखों क्रिकेट प्रेमी अपने-अपने टेलिविजन सेटों से चिपके अपनी सांसें थाम इसे टकटकी लगाए इसे देखने में मशगूल रहेंगे। भारत और पाकिस्तान टीम का हर क्रिकेटर यह जानता है कि शनिवार को इस मैच में उसका शानदार प्रदर्शन उसे हीरो बना सकता है और नाकामी जीरो। यह मुकाबला दोनों टीमों के क्रिकेटरों कौशल से कहीं ज्यादा उसके अपनी भावनाओं पर काबू रख कर उसकी जेहनी मजबूती की सबसे बड़ी कसौटी है।

वन डे क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ अब तक अजेय भारत हिटमैन रोहित शर्मा की अगुआई में अब उसके खिलाफ अपने दबदबे को आगे बढ़ाते हुए लगातार आठवीं जीत के मकसद से शनिवार को खेलने उतरेगा। रोहित शर्मा के नाम अब वन डे विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा सात शतक हैं ही विराट कोहली ने क्रिकेट के इस सबसे बड़े मंच पर अपने बल्ले से पाकिस्तान जैसे चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपने खेल का स्तर उंचा उठा भारत को बराबर जिताने में अहम भूमिका अदा की । पिछले दो विश्व कप की बाबत एक दिलचस्प बात यह है कि भारत की एडिलेड में 2015 में पाकिस्तान पर 76 रन से जीत में विराट ने शतक जड़ा और 2019 में मैनचेस्टर में रोहित के शतक और विराट के अर्द्धशतक से भारत डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 89 रन से हराया था। भारत को जीत के सिलसिले को इसी तरह आगे जारी रखने के लिए एक बार रोहित और विराट को अपने बल्ले से धमाल जारी रखना होगा। भारत का पलड़ा बेशक भारी है और वह जीत का प्रबल दावेदार भी है। रोहित, विराट के साथ अब अनुभवी केएल और श्रेयस अय्यर से भी बल्ले से धमाल कर पाकिस्तान के खिलाफ भारत की नैया किनारे लगाने की आस लगाए है। कप्तान बाबर और रिजवान की मौजूदगी में पाकिस्तान से भारत से चौकस रहना होगा क्योंकि वह उलटफेर करने का माद्दा रखती है। फिर भी लाख टके का सवाल यही कि क्या पाकिस्तान मेजबान भारत को इस बार रोक इतिहास बदल पाएगा? दोनों ही टीमों मौजूदा संस्करण में अपने शुरू के दो-दो मैच जीत चुकी हैं। भारत के लिए सबसे उत्साहवर्द्धक है कि उसके कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच की नाकामी को भुला इस विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ दिल्ली में दूसरे मैच में विस्फोटक शतक जड़ रंग में आ चुके हैं और चेज मास्टर विराट कोहली के लगातार दूसरा अर्द्धशतक जडने् से केएल राहुल ,इशान किशन और श्रेयस अय्यर भी अपनी लय पा चुके हैं।

भारत की बड़ी ताकत उसकी बल्लेबाज रंग में है। भारत ने अपने पहले मैच में चेन्नै में पांच बार के चैंपियनऑस्ट्रेलिया को छह विकेट तथा दूसरे मैच में अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया। वहीं पाकिस्तान ने हैदराबाद में अपने पहले मैच में नीदरलैंड को 81 रन से दूसरे में मोहम्मद रिजवान और अब्दुल्ला शफीक के शतकों से चार विकेट पर 345 रन का बड़ा लक्ष्य हासिल छह विकेट से श्रीलंका को छह विकेट से शिकस्त दी। भारत को




इसीलिए शुरू के दो मैचों में नाकाम रहने वाले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और चौथे नंबर पर बड़े जिगरे वाले अपने बल्ले का जलवा दिखाने वाले पिछले मैच में शतक जडने् वाले मोहम्मद रिजवान और अब्दुल्ला शफीक से चौकस रहना होगा।

भारत के सदाबहार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (छह विकेट) के साथ गेंद से कमाल तीन-तीन विकेट चटकाने वाले उपकप्तान हार्दिक पांडया के साथ लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा और लेग स्पिनर कुलदीप यादव रफ्तार के साथ धार दिखा और स्पिन का जाल बुनकर विकेट चटका रहे हैं। डेंगू की चपेट में आने के कारण ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ मैचों से बाहर रहे इस साल धमाल कर पांच शतकों सहित अब तक सबसे ज्यादा 1230 रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले फिट होना और अहमदाबाद पहुंच कर नेटस पर बल्लेबाजी करना भारत के लिए सबसे अच्छी खबर है। शुभमन फिलहाल 70 फीसदी फिट हैं भले ही भारतीय टीम प्रबंधन उन्हें अंतिम एकादश में शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ शामिल न करे लेकिन उनके खेलने की संभावना ही जरूर पाकिस्तान के गेंदबाजों के जेहन में दबाव बनाने उनकी नींद उड़ाने के लिए काफी है। पंजाब से खेलने वाले नौजवान सलामी बल्लेबाज शुभमन के लिए अहमदाबाद का यह मैदान उनका %दूसरा' घरेलू मैदान है कि क्योंकि वह आईपीएल में हार्दिक पांडया की अगुआई में उनके साथ गुजरात टाइटंस के लिए खूब खेलते हैं। पाकिस्तान रफ्तार के सौदागर नसीम शाह के चोट के चलते इस विश्व कप से बाहर होने और उनके जोड़ीदार शाहीन शाह अफरीदी(2 विकेट), हसन अली (छह विकेट), हैरिस रउफ(3 विकेट)तथा लेग स्पिनर शादाब खान (2 विकेट) के विकेट चटकाने के बावजूद हैदराबाद में पहले मैच में कमजोर नीदरलैंड और फिर और फिर श्रीलंका के खिलाफ महंगे साबित हुए। अहमदाबाद के पिच के मिजाज से भारत के रोहित , शुभमन ,इशान, शुभमन, विराट शीर्ष और केएल राहुल, श्रेयस मध्यक्रम के बल्लेबाजों के बेहतर वाकिफ होने से पाकिस्तान के गेंदबाजों के लिए उन्हें रोक पाना खासी मुश्किल चुनौती होगा।

सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक और कप्तान बाबर आजम के शुरू के दोनों मैचों में सस्ते में आउट होने और रनों के जूझने के कारण पाकिस्तान की बल्लेबाजा अपने मध्यक्रम के बल्लेबाज एक शतक सहित और एक अर्द्धशतक सहित विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान( कुल199 रन) रन बनाने में सबसे आगे तथा मात्र एक मैच खेलने वाले 23 बरस के अब्दुल्ला शफीक (कुल 131) दूसरे स्थान पर चल रहे हैं और एक अर्द्धशतक सहित समझबूझ से बल्लेबाजी करने वाले साद शकील (कुल 99 रन) पर ही जरूरत से ज्यादा निर्भर नजर आती है। भारत खासतौर पर अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, ऑलराउंडर हार्दिक पांडया और रवींद्र जडेजा के इस मैदान पर इसी मैदान पर अपनी बहुत क्रिकेट खेलने से इससे वाकिफ होने के कारण पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, इमाम उल हक सहित रिजवान, अब्दुल्ला शफीक और शकील को सस्ते में आउट करने की उम्मीद करेगा। चेन्नै में पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खेलने वाले सदाबहार ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन की जगह भारत ने दिल्ली में अपने दूसरे मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर को खिलाया था। दोनों ने शुरू के एक एक मैच में एक एक विकेट चटकाया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या कप्तान रोहित शर्मा अहमदाबाद में भी शार्दूल ठाकुर को एकादश में बरकरार रखते हैं।भारत के कप्तान रोहित शर्मा क्या शुरू के दोनों मैचों में अब तक खासे महंगे साबित हुए नवोदित तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की जगह अनुभवी और अहमदाबाद की पिच से खासे वाकिफ मोहम्मद शमी को भारत की एकादश में शामिल करने का बड़ा दांव खेलते हैं। शमी अपने अनुभव के कारण निश्चित रूप से सिराज पिच के मिजाज के कारण सिराज से बेहतर विकल्प नजर आते हैं। चाहे शार्दूल खेले या अश्विन भारत के पास आठवें नंबर तक बल्लेबाजी है।

## भारत को हराकर फैंस के सामने हीरो बनने का सुनहरा मौका : बाबर आजम

अहमदाबाद। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शनिवार को भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले हाई वोल्टेज मुकाबले को लेकर चल रहे प्रचार और दबाव के बीच, कप्तान बाबर आजम को लगता है कि यह मैच उनकी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करके हीरो बनने का सुनहरा मौका है। दुनिया के बेस्ट स्टेडियम में गिने जाने वाले नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान मैच का लुत्फ उठाने करीब 1,32,000 की भारी संख्या में फैंस के आने की उम्मीद है।



इस मैच से पहले पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हां, भारत-पाकिस्तान मैच एक बड़ा मुकाबला है। मैंने टीम से बस यही कहा है कि वो अपना बेस्ट दें। एक खिलाड़ी के रूप में, एक टीम के रूप में यह हमारा विश्वास है और हम इस मैच में अपनी पूरी जान झोंक देंगे।

मुख्य बात हमारी योजनाओं को लागू और खुद पर विश्वास करना है। अहमदाबाद एक बड़ा स्टेडियम है और बहुत सारे प्रशंसक आ रहे हैं। इसलिए, यह हमारे लिए प्रशंसकों के सामने अच्छा प्रदर्शन करने और हीरो बनने का एक सुनहरा अवसर है। वनडे में आमने-सामने के रिकॉर्ड में पाकिस्तान भारत से 73-56 से आगे है। लेकिन जहां तक 50 ओवर के विश्व कप का सवाल है तो कहानी अलग है, क्योंकि भारत ने 1992 से लेकर अब तक अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सभी सात मुकाबलों में जीत हासिल की है।

बाबर आजम ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं अतीत पर ध्यान केंद्रित नहीं करता। मैं भविष्य पर फोकस करने की कोशिश करता हूं। ऐसे रिकॉर्ड टूटने के लिए ही बनते हैं और मैं उन्हें तोड़ने की कोशिश करता हूं। मेरा मानना है कि मेरी टीम ने पहले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया और अगले मैचों में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। हमें विश्वास है कि हम यह कर सकते हैं और हम पूरे आत्मविश्वास के साथ जायेंगे।

बाबर आजम को भी लगता है कि शनिवार के मुकाबले में टॉस और ओस महत्वपूर्ण कारक होंगे। उन्होंने कहा कि हमने जितने भी मैच देखे हैं, टॉस महत्वपूर्ण है क्योंकि रोशनी के तहत पिच अच्छा व्यवहार करती है।

## भारत में जीतना अविश्वसनीय रूप से कठिन चुनौती है : क्रिस वोक्स

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने स्वीकार किया कि 2023 पुरुष वनडे विश्व कप के दौरान भारत में मैच जीतना एक अविश्वसनीय रूप से कठिन चुनौती रही है। साथ ही, उन्होंने 2019 में जीते गए खिताब को बरकरार रखने की अपनी खोज में लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए अपनी टीम का समर्थन किया। अब तक, भारत और पाकिस्तान ने टूर्नामेंट में अपने दोनों मैच जीते हैं, साथ ही न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका ने भी। इंग्लैंड ने धर्मशाला में बांग्लादेश को 137 रन से हराकर न्यूजीलैंड से मिली शुरुआती हार पर काबू पा लिया।

स्काई स्पोर्ट्स ने वोक्स के हवाले से कहा, भारत में जीतना अविश्वसनीय रूप से कठिन चुनौती है। स्वाभाविक रूप से, मुझे लगता है कि उपमहाद्वीप की टीमें घरेलू परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करेंगी। इससे हमारे लिए उन्हें उनकी स्थिति से बाहर करना बेहद कठिन हो जाता है। लेकिन हमें प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम टीम और खिलाड़ी मिल गए हैं। लोगों ने कुछ समय से हमें देखा है और दुनिया भर में एक सफेद गेंद वाली टीम के रूप में हमारी पीठ पर थोड़ा सा लक्ष्य है। यह जीतना एक कठिन प्रतियोगिता है, है ना? विशेष रूप से यहां। लेकिन हम, हम इसे अच्छी सफलता देंगे। हम प्रत्येक मैच को उसी रूप में ले रहे हैं,




जिस तरह से यह आता है। स्वाभाविक रूप से, लोगों को हमसे उम्मीदें हैं और हमें निश्चित रूप से खुद से अपनी उम्मीदें हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ कोई विकेट नहीं लेने के बाद वोक्स बांग्लादेश के खिलाफ दो विकेट लेकर लय में लौटे। इंग्लैंड का अगला मुकाबला 15 अक्टूबर को नई दिल्ली में अफगानिस्तान से होना है, ऐसे में वोक्स प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन के मामले में आगे बढ़ने के इच्छुक हैं।

## सार संक्षेप

### मेसी ने फार्म में आकर फिटनेस चिंताओं को किया दूर

**ब्यूनस आयर्स।** लियोनेल मेसी ने विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में अर्जेंटीना की पराग्वे पर 1-0 की घरेलू जीत में दूसरे हाफ में प्रभावशाली प्रदर्शन कर अपनी फिटनेस को लेकर चिंताओं को दूर किया। मेसी, जो हाल के सप्ताहों में मांसपेशियों की समस्या से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वह एस्टाडियो मोनुमेंटल में 53वें मिनट में जूलियन अल्वारेज़ की जगह मैदान पर आये। 36 वर्षीय इंटर मियामी फॉरवर्ड ने तुरंत एल्बीसेलेस्टे को आक्रमण में अधिक प्रवाह प्रदान किया और टीम ने परग्वे को 1-0 से हरा दिया। उन्होंने कहा कि मुझे अच्छा लग रहा है। मैं इतनी देर खेलने में सक्षम था, ये मौका मुझे लंबे समय के बाद मिला। मैं इस तरह महसूस करना जारी रखने के लिए जितना संभव हो सके प्रशिक्षण लेना चाहता हूं। मौजूदा विश्व चैंपियन अब अपना ध्यान मंगलवार को लीमा में पेरू के खिलाफ अपने अगले क्वालीफायर पर लगाएंगे। उन्होंने कहा, यह बहुत कठिन क्वालीफायर था। पराग्वे हमेशा कठिन होता है क्योंकि वे जगह ढूंढते हैं और गेंद को तेजी से मूव करते हैं। उन्होंने कहा, फिर भी, हमारे पास बहुत सारे मौके थे और सौभाग्य से, अंत में लक्ष्य आ गया। हम यहां तीन अंकों के साथ जाएंगे और यह सबसे महत्वपूर्ण बात है।

### झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मैस्कॉट का अनावरण

**रांची।** आगामी 27 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच खेली जाने वाली झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के मैस्कॉट 'जूही' का अनावरण शुक्रवार को यहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। इस अवसर पर एफआईएच अध्यक्ष दातो तैयब इकराम, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री दिलीप टिर्की, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम में टूर्नामेंट के लिए ट्रॉफी टूर का भी शुभारंभ हुआ जो रांची से शुरू होकर राज्य के सभी जिलों में यात्रा करेगी।

## भारत मिस्त्र में विश्व कैडेट शतरंज चैम्पियनशिप से हटा

**चेन्नई।** इजराइल-हमास के बीच चल रहे संघर्ष का असर भारतीय शतरंज पर पड़ा है और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने 14 से 23 अक्टूबर तक मिस्त्र के शर्म अल शेख में होने वाली विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप से हटने की घोषणा की है। एआईसीएफ ने घोषणा की, इजरायल और हमास के बीच गाजा पट्टी में चल रही स्थिति और प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए, उचित विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि हमारा प्रतिनिधिमंडल विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप-2023 में भाग नहीं लेगा।

भारतीय शतरंज निकाय ने कहा कि हमारे युवा खिलाड़ियों की सुरक्षा के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया क्योंकि गाजा पट्टी शर्म अल शेख से केवल 397 किलोमीटर दूर है और संघर्ष अल्प सूचना पर मध्य पूर्व में वाणिज्यिक एयरलाइनों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है। एआईसीएफ ने कहा, हमने अप्रत्याशित घटना और अप्रत्याशित परिदृश्य के आधार पर यह निर्णय लिया है और सभी हितधारकों से इस पर ध्यान देने का अनुरोध किया गया है। इस बीच, मिस्त्र शतरंज महासंघ (ईसीएफ) के अध्यक्ष डॉ. हेशम एलगेंडी ने सभी प्रतिभागियों को एक आश्वासन में कहा- मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि मिस्त्र सरकार शर्म अल शेख मिस्त्र में डब्ल्यूसीसीसी 2023 के सभी खिलाड़ियों और प्रतिभागियों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। । एल्गेंडी ने कहा, विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप 2023 का आयोजन मिस्त्र के युवा और खेल मंत्री के संरक्षण में शर्म अल शेख मिस्त्र में 14 - 27 अक्टूबर 2023 तक किया जाएगा।

## मैं यहां बैठकर बहाने बनाने के लिए नहीं आया हूं : लाबुशेन

**लखनऊ।** मार्नस लाबुशेन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया 2023 विश्व कप के अपने शेष सात मैचों में से सभी नहीं तो छह में जीत हासिल करने की चुनौती को स्वीकार करने के लिए तैयार है और उनका मानना है कि पांच बार के चैंपियन के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म पुन: प्राप्त करने और नॉकआउट चरण के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए अभी भी समय है। मैदान में ऑस्ट्रेलिया की परेशानियां जारी रहीं क्योंकि उन्होंने पांच कैच छोड़े, जो घटिया क्षेत्ररक्षण प्रदर्शन के चिंताजनक पैटर्न को उजागर करता है।

दक्षिण अफ्रीका की पारी के दौरान ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस का आसान कैच छूट गया। कप्तान पैट कमिंस ने भी अपनी ही गेंद पर सीधा रिटर्न कैच छोड़ा। मिचेल स्टार्क, जोश इंग्लिस और स्थानापन्न-क्षेत्ररक्षक सीन एबॉट अन्य लोगों में शामिल थे, जिन्होंने मैदान में मौके गंवाए। इसके अतिरिक्त, ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी में गति की कमी थी क्योंकि उनके बल्लेबाज संघर्ष करते रहे और अंतत: दक्षिण अफ्रीका के 311/7 के जवाब में केवल 177 रन ही बना सके, जिसके परिणामस्वरूप उनकी लगातार दूसरी हार हुई जब उन्हें गुरुवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में 134 रन से हार का सामना करना पड़ा।. एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए,



लाबुशेन ने मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खराब प्रदर्शन के लिए कोई बहाना नहीं बनाया और उम्मीद की कि जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, उनकी टीम इस अनुशासन में बेहतर प्रदर्शन करेगी।

क्रिकेट.कॉम.एयू वेबसाइट ने लाबुशेन के हवाले से कहा, मैं यहां बैठने और बहाने बनाने के लिए नहीं आया हूं। हम ऑस्ट्रेलिया के लिए विश्व कप खेल रहे हैं, हमें तैयार रहना होगा और हमें उससे बेहतर होना होगा। इस पर उंगली उठाना मुश्किल है, हम उनमें से एक हैं दुनिया में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण पक्ष। हमें इस पर गर्व है। उन्होंने कहा, आज हम ठीक से काम नहीं कर पाए। हमने मौके बनाए लेकिन उनका फायदा नहीं उठाया और यह हमारा अच्छा प्रदर्शन नहीं था, लेकिन हमें वापसी करनी होगी और इस लय को आगे बढ़ाना होगा।.

गुरुवार की हार के बारे में बात करते हुए, लाबुशेन ने कहा कि यह एक कठिन नुकसान था जिसे पचाना मुश्किल था लेकिन चेंजिंग रूम में बैठने और नाराज़ होने का समय नहीं था। हम इस प्रदर्शन को लेकर निराश हो सकते हैं, हम कई चीजों को लेकर निराश हो सकते हैं... लेकिन वास्तविकता यह है कि आप चेंजिंग रूम में बैठकर नाराज नहीं हो सकते। लेकिन हमें कार्रवाई करनी होगी और हमें हमारा टूर्नामेंट शुरू करना होगा।

## जब आप मैदान पर उतरेंगे तो आपके मन में निश्चित रूप से यह भावना आएगी कि हां, हमें इसे जीतना है: कुंबले

**अहमदाबाद।** नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शनिवार को होने वाले भारत-पाकिस्तान के हाई-ऑक्टेन मैच से पहले, महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि जब कोई खिलाड़ी इस मुकाबले से पहले मैदान पर उतरता है, तो उन्हें एक एहसास होता है कि ये मैच तो उन्हें जीतना ही है। दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों में उत्साह चरम पर है क्योंकि भारत और पाकिस्तान शनिवार को आमने-सामने होंगे, जिसमें रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम पुरुषों के एकदिवसीय विश्व कप में 7-0 से आगे चल रही है। कुंबले ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, वास्तव में नहीं, मुझे लगता है कि तैयारी वैसी ही होगी, बात सिर्फ इतनी है कि उस विशेष दिन जब आप मैदान पर उतरेंगे तो निश्चित रूप से आपके मन में यह भावना होगी कि हां, हमें इसे जीतना है। परिणाम मायने रखता है और यह भारत बनाम पाकिस्तान है , और विश्व कप मैच में भारत ने हमेशा पाकिस्तान को हराया है। तो यह भावना वहां है, घबराहट किसी भी खेल के लिए होती है, लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच के लिए और भी अधिक, और पहली गेंद फेंके जाने के बाद सब कुछ सामान्य हो जाता है। भारत के पूर्व मुख्य कोच कुंबले ने भी अपने विचार साझा किए कि भारतीय खिलाड़ियों को भावनाओं से कैसे निपटना चाहिए और बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले तैयारी करनी चाहिए। यह सिर्फ नियमित चीजें करना है जो आप किसी अन्य मैच की तैयारी के लिए करते हैं। आप सिर्फ इसलिए चीजों को अलग तरह से नहीं करना चाहते क्योंकि यह भारत-पाकिस्तान मुकाबला है।

और बदलाव केवल दो दिन का हुआ है, इसलिए यात्रा का एक दिन, वह भी निश्चित रूप से मैच से एक दिन पहले। चाहे आप चाहते हों कि पूरी टीम अभ्यास में एक साथ हो, भले ही वह सिर्फ नेट न हो, लेकिन शायद सिर्फ मैदान का अनुभव लेने के लिए और शायद साथ में एक मजेदार मैच खेलने के लिए।

शायद यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में आप शायद सोचेंगे और कुछ नहीं, और इसे खिलाड़ियों पर छोड़ दें कि ठीक है, क्या आप हिट करना चाहते हैं या आप आकर थोड़ी गेंदबाजी करना चाहते हैं, आप इसे खिलाड़ियों पर छोड़ दें क्योंकि दो दिन हो गए हैं और कल ही उन्होंने एक शानदार मैच खेला था, इसलिए यह सब उसे प्रबंधित करने के बारे में है और कुछ खिलाड़ियों के लिए यह एक घरेलू खेल है। उन्होंने विस्तार से बताया, जसप्रीत बुमराह उस राज्य से आते हैं।



विश्व कप मैच में भारत ने हमेशा पाकिस्तान को हराया है। तो यह भावना वहां है, घबराहट किसी भी खेल के लिए होती है, लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच के लिए और भी अधिक, और पहली गेंद फेंके जाने के बाद सब कुछ सामान्य हो जाता है : अनिल कुंबले


इंडियन बैंक | Indian Bank | इलाहाबाद ALLAHABAD
अंचल कार्यालय, सिविल लाइंस, जबलपुर - 482001
Ph: 0761- 4009745
Email: zojabalpur@indianbank.co.in

**परिसर की आवश्यकता**

इंडियन बैंक सागर शाखा के लिए सागर के कटरा क्षेत्र के मालिकों से 1500 वर्ग फीट के अधिकतम कारपेट क्षेत्र और उखरी रोड शाखा के लिए बलदेवबाग से उखरी क्षेत्र के मालिकों से अधिमानत: 1200 वर्ग फीट के अधिकतम कारपेट क्षेत्र के लिए 2 बोली प्रणाली (तकनीकी और वित्तीय बोली) के तहत निविदाएं आमंत्रित करता है। ग्राउंड फ्लोर पर 15 साल की लीज अवधि के लिए पार्किंग सुविधा के साथ। अंतिम तिथि 30.10.2023 शाम 5 बजे तक। विवरण हमारी वेबसाइट से www.indianbank.in या मोबाइल नंबर 9836031604 पर संपर्क करें। तकनीकी बोली खोलना 31.10.2023 को शाम 5.30 बजे। निविदा दस्तावेज की लागत रू 250 रुपये (अप्रतिदेय)। ईएमडी रू. 5000/-


## सुडोकू 6346 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 2 |
| 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 |

| SENSEX | BSE | 66282.74 ▼ 125.65 | 19751. 05 ▼ 42.95 | MCX | Gold 58988 ▲1070 | silver 70842 ▲ 1768 |
|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## एसबीआई की इंटरनेट बैंकिंग आज कुछ देर के लिए ठप रहेगी

नई दिल्ली । एसबीआई की इंटरनेट बैंकिंग कुछ देर के लिए ठप रहेगी। बैंक यह जानकारी अपनी वेबसाइट पर दिखा रहा रहा है। एसबीआई वेबसाइट के अनुसार- इंटरनेट बैंकिंग एप्लिकेशन की सेवाएं 14.10.2023 को 00:40 बजे से 02:10 बजे के बीच उपलब्ध नहीं होंगी। बैंक ने निर्धारित गतिविधि का हवाला देकर इस समयावधि में इंटरनेट बैंकिंग के ठप रहने की जानकारी दी है। हालांकि, योनो या अन्य सर्विसेज को लेकर बैंक ने किसी तरह की जानकारी नहीं दी है। इसका मतलब है कि अन्य सभी सर्विसेज सामान्य रूप से चलती रहेंगी।





## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने एफडी दरों में इजाफा कर ग्राहकों को दिया तोहफा

**नई दिल्ली** । दिवाली से पहले पब्लिक सेक्टर के बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपने ग्राहकों को तोहफा भी दिया है और झटका भी दिया है. दरअसल, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कर्ज की ब्याज दरें बढ़ा दी है, जिससे ग्राहकों का ईएमआई बढ़ जाएगा.वहीं, बैंक चुनिंदा अवधि के लिए एफडी की दरें बढ़ा दी है, जिससे ग्राहक अपने जमा पर ज्यादा ब्याज कमा सकेंगे.बैंक ऑफ महाराष्ट्र चुनिंदा अवधि के लिए मार्जिनल कॉस्ट बेस्ड लेंडिंग रेट यानी एमसीएलआर 0.1 फीसदी बढ़ा दी है. बीओएम ने शेयर बाजार को बताया कि ऑटो, पर्सनल और हम जैसे अधिकतर कंज्यूमर लोन के लिए ब्याज निर्धारित करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक-वर्षीय एमसीएलआर को 8.60 फीसदी से बढ़ाकर 8.70 फीसदी कर दिया गया है. संशोधित एमसीएलआर 11 अक्टूबर, 2023 से प्रभावी हो गई है.बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपनी एफडी पर ब्याज दरों को संशोधित करते हुए कुछ एफडी पर ब्याज 125 बीपीएस से 1.25 फीसदी तक बढ़ा दिया है. ग्राहकों को 46-90 दिन वाली एफडी पर ब्याज दर 1.25 फीसदी तक बढ़ाई गई है. एक साल की एफडी पर ब्याज दरें 25 बीपीएस बढ़ाकर 6.25 फीसदी कर दी गई हैं ।

## जीरे का तड़का लगाना हुआ सस्ता !

### महीने भर में करीब 13 फीसदी घटे दाम



*नई दिल्ली । जीरे के भाव अब सुस्त पड़ने लगे हैं। इसकी वजह निर्यात मांग में कमी आना है। इसके साथ ही ऊंचे भाव पर घरेलू बाजार में भी स्टॉकिस्टों की मांग कमजोर पड़ी है। इस साल भाव काफी अधिक रहने के कारण जीरा का रकबा बढ़ने के अनुमान से भी इसकी कीमतों में नरमी का रुख है।*

### महीने भर में करीब 13 फीसदी सस्ता हुआ जीरा

महीने भर में जीरा के भाव काफी टूट चुके हैं। इस माह भी इसके भाव में गिरावट देखी जा रही है। नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज पर 12 सितंबर को जीरे का अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट 61,575 रुपये के भाव पर बंद हुआ था और आज यह खबर लिखे जाने के समय 53,600 रुपये प्रति क्विंटल भाव पर कारोबार कर रहा था।

इस तरह महीने भर में जीरे के वायदा भाव करीब 13 फीसदी टूट चुके हैं। इस महीने भी इसकी कीमतों में करीब 7 फीसदी गिरावट आई है। ।।छ्स्नष्ट में कमोडिटी व करेंसी प्रमुख अनुज गुप्ता ने बताया कि इस साल जीरे की बोआई बढ़ने की संभावना है। साथ ही ऊंचे भाव पर इसकी मांग पहले से कमजोर है। इसलिए इसकी कीमतों में गिरावट आ रही है। आगे जीरा और सस्ता होने की संभावना है।

### जीरे की निर्यात मांग पड़ी सुस्त

जीरे की निर्यात मांग में सुस्ती देखी जा रही है। कमोडिटी एक्सपर्ट इंद्रजीत पॉल ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जुलाई अवधि में 57,526 टन जीरे का निर्यात हुआ है, जबकि पिछली समान अवधि में यह आंकड़ा 63,391 टन था। इस तरह इस वित्त वर्ष जुलाई तक जीरे के निर्यात में 22 फीसदी से अधिक कमी आई है।

निर्यात मांग सुस्त पड़ने के कारण भी जीरे के भाव अब नरम पड़ने लगे हैं। इस साल जीरे का रकबा भी बढ़ने का अनुमान है। इससे आगे जीरे की कीमतों में सुस्ती जारी रह सकती है। अब जीरे के वायदा भाव 60 हजार रुपये से ऊपर शायद ही जाएं, बल्कि इसके भाव 50 हजार रुपये से नीचे आ सकते हैं।

## सेंसेक्स- निफ्टी में दूसरे दिन भी गिरावट


### टाटा मोटर्स 5 प्रतिशत उछला, इंफोसिस 2 प्रतिशत लुढ़का

*मुबंई । टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, मारुति सुजुकी, टीसीएस और बजाज ट्विन्स में मजबूत खरीदारी के बल पर हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इंट्रा-डे ट्रेड के दूसरे सत्र में भारतीय इक्विटी बाजार ने स्मार्ट रिकवरी की। मगर फिर भी शेयर बाजार लाल निशान पर ही बंद हुए। दोनों फ्रंटलाइन इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। आज ग्लोबल मार्केट में भी कमजोर रुझान देखे गए।*

आज के कारोबार में सेंसेक्स 126 अंक टूटा। वहीं, निफ्टी में भी 43 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि व्यापक बाजारों ने बढ़त जारी रखी। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.1 फीसदी बढ़ा, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.2 फीसदी बढ़ा।

**शेयर बाजार ने की शानदार रिकवरी**

इससे पहले आज कमजोर ग्लोबल रुझानों और आईटी कंपनियों के तिमाही वित्तीय प्रदर्शन पर चिंताओं से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने का असर शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों पर पड़ा और सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 341 अंक या 0.51 प्रतिशत से अधिक गिरकर 65,895.41 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद, बीएसई बेंचमार्क ने नुकसान की भरपाई की और इंट्रा-डे ट्रेड में 583 अंकों की स्मार्ट रिकवरी करते हुए 66,478.90 की ऊंचाई तक पहुंचा। सेंसेक्स 125.65 अंक यानी 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ 66,282.74 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 66,478.90 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 65,895.41 तक आया। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 42.95 अंक यानी 0.22 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 19,751.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 19,805.40 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 19,635.30 तक आया।



**टाटा मोटर्स बना सेंसेक्स का टॉप गेनर**-आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 16 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया और मारुति सुजुकी सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा टाटा मोटर्स के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 4.76 फीसदी चढ़े।

**इन शेयरों में आई गिरावट**-वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में 14 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। एक्सिस बैंक, इंफोसिस, एसबीआई, विप्रो और एचडीएफसी बैंक सेंसेक्स के टॉप लूजर्स रहे।

## महंगा होगा गन्ना से बना एथनॉल!



*नई दिल्ली । सरकार गन्ने के शीरे से बनने वाले एथनॉल उत्पाद के दाम में बढ़ोतरी कर सकती है। इसके दाम में 1 नवंबर से शुरू होने वाले सीजन 2023-24 के लिए तीन प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है।*

कारोबार व उद्योग के सूत्रों के मुताबिक यह बीते कुछ वर्षों से जारी रुझान के अनुरूप है। इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है लेकिन उद्योग के सूत्रों के मुताबिक इसकी शुरुआत नए सीजन की शुरुआत के साथ हो सकती है। एथनॉल का 2022-23 का आपूर्ति वर्ष 31 अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा। यह एक महीने पहले खत्म हो रहा है ताकि इसका चीनी उत्पादन सत्र से तालमेल स्थापित किया जा सके। सूत्रों के मुताबिक 'बी हेवी' शीरा से एथनॉल का उत्पादन किया जाता है और इसका खरीद मूल्य 1.15 रुपये प्रति लीटर बढ़ाया जा सकता है।

इस क्रम में 'सी हेवी' शीरे से तैयार एथनॉल का मूल्य 1.75 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाया जा सकता है। गन्ने के रस, सीरप और चीनी से बनाए जाने वाले उत्पाद के मूल्य में 31 अक्टूबर को समाप्त होने वाले 2022-23 के सत्र में 2.25 रुपये की बढ़ोतरी हो सकती है।एथनॉल के जारी इस आपूर्ति वर्ष में बी हेवी शीरा से प्राप्त एथनॉल उत्पाद का मूल्य 49.41 रुपये प्रति लीटर था जबकि सी हेवी शीरा के लिए मूल्य 60.73 रुपये प्रति लीटर तय कर दिया गया है। गन्ने के रस, शीरे और चीनी से तैयार उत्पाद का मूल्य 65.61 रुपये प्रति लीटर था।

जानकारों ने कहा कि गन्ने के रस से सीधे एथनॉल का उत्पादन करने पर घरेलू चीनी मिलों को अधिक लागत आती है और इसके अलावा चीनी उत्पादन का भी नुकसान होता है।

इसके मद्देनजर सरकार को एथनॉल के मूल्य में करीब 7 से 8 फीसदी की अनिवार्य रूप से वृद्धि करनी चाहिए। इससे चीनी उद्योग को अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा। कुछ महीने पहले तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने खराब हुए अन्न और मक्के से तैयार एथनॉल के मूल्य में दो बार इजाफा किया था।

## सोना-चांदी की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली** । दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 59,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर बना रहा। इस दौरान चांदी भी 73,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि शुक्रवार को सोने में तेजी का रुख रहा। विदेशी बाजारों में सोना बढ़त के साथ 1,882 डॉलर प्रति औंस हो गया जबकि चांदी 22.17 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रही। गांधी ने कहा कि अमेरिका में उम्मीद से अधिक मुद्रास्फीति के आंकड़ों से फेडरल रिजर्व की ओर से इस साल एक बार और ब्याज दरों में बढ़ोतरी किए जाने की आशंका को बल मिला है।

## अडानी समूह ने कोयले के आयात बिल में किया खेल, फिर ग्राहकों से वसूले पैसे, रिपोर्ट में दावा

*नई दिल्ली । जनवरी महीने में अमेरिका की शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद से गौतम अडानी ग्रुप की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बीते कुछ महीनों में अडानी ग्रुप को लेकर अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट में कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।*

अब फाइनेंशियल टाइम्स (एफटी) की ताजा रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि अडानी ग्रुप ने कोयले के आयात बिल को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया और कोयले से जनरेट होने वाली बिजली ग्राहकों तक अधिक कीमत पर पहुंचाई गई। इस ताजा रिपोर्ट के बीच सुप्रीम कोर्ट ने अडानी और हिंडनबर्ग मामले में सुनवाई एक सप्ताह के लिए टाल दी है। सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले की सुनवाई 20 अक्टूबर 2023, शुक्रवार को करेगा। अडानी ग्रुप को लेकर निगेटिव रिपोर्ट का असर इसकी लिस्टेड कंपनियों पर



दिखा और शेयर बुरी तरह बिखर गए। क्या है आरोप- फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट में जनवरी 2019 से अगस्त 2021 के बीच के जांच का हवाला दिया गया है।

इस जांच में मीडिया कंपनी ने पाया कि अडानी समूह ने कथित तौर पर 30 शिपमेंट में अपने आयातित कोयले की कीमत को 73 मिलियन डॉलर तक बढ़ा दी थी। आरोप है कि जब 30 शिपमेंट भारत के लिए रवाना हुए तो उनकी निर्यात कीमत 139 मिलियन डॉलर के करीब थी। हालांकि, भारत पहुंचते ही इस 30 शिपमेंट को 215 मिलियन डॉलर के आयात मूल्य के तौर पर जानकारी दी गई, जो मूल कीमत से 52 प्रतिशत ज्यादा है।

रिपोर्ट के मुताबिक इसका सीधा मकसद भारत में बढ़ी हुई कीमत को जस्टिफाई करना था। इसका भुगतान भी किया गया तो समूह के ही सीक्रेट शेयरधारक इससे लाभान्वित हुए। इस भुगतान के जरिए अडानी समूह की संभवत: यह भी मंशा थी कि किसी तरह के सवाल ना उठ सकें और बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी के लिए आधार रहे।

**सीक्रेट शेयरधारकों को लाभ** - रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि इसका लाभ अडानी समूह को सीधे तौर पर नहीं मिला बल्कि तीन बिचौलिये- दुबई में टॉरस कमोडिटीज जनरल ट्रेडिंग, ताइपे में हाय लिंगोस और सिंगापुर में पैन एशिया ट्रेडलिंक इससे लाभान्वित हुए। ये अडानी समूह के सीक्रेट शेयरधारक हैं।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 16000-17000, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7500-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-11500, फाइन 11500-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10500-11000,फाइन 11000-11500।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3100, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3400-3500, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5200-5500 दुबराज भाटापारा 5000-5100, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5800-6000, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3500-3700, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 9000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4100-4300, फाइन 4300-4400, मुरमुरा-5500-6000, फाइन- 7000-7500, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60200 चांदी टंच-71200
चांदी रिफाइन -72200

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60200 चांदी टंच-71200
चांदी रिफाइन -72200


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83. 26 |
| एक यूरो | 87. 64 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 101. 36 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52. 55 |
| एक जापानी येन | 00. 55 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 150 रु. कि लो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6900, 6 एम एम 6900, 8 एम एम 6400, 10 एम एम 6250,12 एम एम, 6200 एवं 16 एम 6200 रु.। तार- 78 रु. किलो।


## स्पाइसजेट के स्टॉक ने लगाई 20 प्रतिशत की छलांग, इंडिगो के को-फाउंडर राकेश गंगवाल खरीद सकते हैं एयरलाइंस में हिस्सेदारी



*नई दिल्ली । घरेलू एयरलाइंस कंपनी स्टाइजेट के स्टॉक में 13 अक्टूबर 2023 के ट्रेडिंग सत्र में 20 फीसदी का उछाल देखने को मिला है. जैसे ही ये खबरे सामने आई कि इंडिगो के को-फाउंडर और पूर्व प्रमोटर रहे राकेश गंगवाल स्पाइजेट में हिस्सेदारी खरीद सकते हैं.इस खबर के सामने आने के बाद स्पाइजेट के शेयर में जोरदार उछाल आया और स्टॉक 20 फीसदी के उछाल के साथ 43.82 रुपये के लेवल पर जा पहुंचा.*

एक रिपोर्ट के मुताबिक राकेश गंगवाल की स्पाइजेट में हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत चल रही है जो कि एडवांस स्टेज में है. जून तिमाही के खत्म होने पर एक्सचेंज पर उपलब्ध डेटा के मुताबिक राकेश गंगवाल और उनकी पत्नी शोभा गंगवाल के पास इंडिगो की पैरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन में 13.23 फीसदी और 2.99 फीसदी हिस्सेदारी थी. जबकि उनकी चिंकरपू फामिली ट्रस्ट के पास 13.5 फीसदी स्टेक है. इससे पहले 16 अगस्त को राकेश गंगवाल के परिवार ने 3730 करोड़ रुपये में इंटरग्लोब एविएशन के 4.71 फीसदी शेयर्स ब्लॉक डील में बेचे हैं. राकेश गंगवाल कंपनी से एग्जिट करने की तैयारी में हैं । दरअसल नगदी के अभाव में स्पाइजेट को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है. कंपनी एयरलाइंस को संकट से उबारने के लिए फंड जुटाने की कोशिशों में जुटी है.

घरेलू एविएशन मार्केट में स्पाइजेट की हिस्सेदारी लगातार घटती जा रही है. जनवरी के आखिर तक स्पाइजेट की हिस्सेदारी 7.3 फीसदी थी जो सितंबर के आखिर तक घटकर 4.4 फीसदी रह गई है. हाल के दिनों में स्पाइजेट के स्टॉक में तेजी देखने को मिली है. एक हफ्ते में स्टॉक में 21 फीसदी, तीन महीने में 39 फीसदी, और छह महीने में स्टॉक ने 36 फीसदी का रिटर्न दिया है. बहरहाल स्पाइजेट में राकेश गंगवाल ने हिस्सेदारी लिया तो एयरलाइंस के लिए नगदी का संकट खत्म हो सकता है. साथ ही इंडिगो के को-फाउंडर का का अनुभव भी स्पाइसजेट को मिल सकेगा. बीते वर्ष फरवरी 2022 में को-फाउंडर राकेश गंगवाल ने तत्काल प्रभाव से इंडिगो के डॉयरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया था.

## फ्लिपकार्ट दे रहा है फेस्टिव सीजन में अपने स्मार्टफोन को अपग्रेड करने का मौका

*नई दिल्ली। भारत में त्योहारी सीजन का मतलब होता है उत्सव साथ ही हम में से ज्यादातर लोगों के लिए यह अपने गैजेट्स खासकर स्मार्टफोन्स को अपडेट करने का मौका भी होता है।*

भारत का घरेलू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फिलपकार्ट अपने ग्राहकों को एक्सेप्शनल वैल्यू देने के मामले में हमेशा सबसे आगे रहा है और प्रीमियम एवं किफायती दोनों तरह के स्मार्टफोन के मामले में यह ग्राहकों का पसंदीदा डेस्टिनेशन बनकर सामने आया है। फ्लिपकार्ट ने विभिन्न पेमेंट ऑप्शन, सेलर्स की ओर से मिलने वाली शानदार डील्स और बेहतरीन शॉपिंग एक्सपीरियंस के साथ डिवाइसेज का व्यापक पोर्टफोलियो प्रदर्शित करते हुए स्मार्टफोन को लेकर ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए कई कदम उठाए हैं। लाखों भारतीय ग्राहकों, एमएसएमई, कारीगरों, ब्रांड्स के एक बड़े इकोसिस्टम को वैल्यू एवं कन्वीनियंस देते हुए फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज ने इस त्योहारी उत्साह को नई ऊंचाई दी है। 50 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड ग्राहकों की समझ का लाभ लेते हुए फ्लिपकार्ट विभिन्न ब्रांड्स एवं सेलर्स को अपने प्लेटफॉर्म पर सबसे उपयुक्त ऑफर पेश करने का मौका देता है। इनोवेटिव टेक्नोलॉजी, किफायती तरीके से पेमेंट करने के विविध विकल्पों और आसानी से सबकी पहुंच में आने वाले मार्केटप्लेस के साथ फ्लिपकार्ट लगातार शॉपिंग के एक्सपीरियंस को नई ऊंचाई दे रहा है।

स्मार्टफोन की शॉपिंग से जुड़े शानदार ऑफर्स फ्लिपकार्ट अपने सेलर्स की ओर से कई डील्स एवं बैंक ऑफर्स, सभी फोन पर नो-कॉस्ट ईएमआई और एक्सचेंज ऑफर्स के साथ प्रीमियम स्मार्टफोन्स को किफायती एवं सभी की पहुंच में ला रहा है।

## सितंबर महीने में देश के आयात और निर्यात में आई कमी

### व्यापार घाटा 19.37 अरब डॉलर हुआ

*नई दिल्ली । देश का निर्यात इस साल सितंबर में 2.6 प्रतिशत घटकर 34.47 अरब डॉलर रह गया, पिछले साल इसी महीने में यह 35.39 अरब डॉलर था। शुक्रवार को सरकार की ओर से इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए। इस दौरान आयात भी 15 प्रतिशत घटकर 53.84 अरब डॉलर रह गया, जो सितंबर 2022 में 63.37 अरब डॉलर था। सितंबर महीने में महीने में देश का व्यापार घाटा 19.37 अरब डॉलर रहा।*



चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान देश का निर्यात 8.77 प्रतिशत घटकर 211.4 अरब डॉलर रहा। छह महीने की अवधि के दौरान आयात 12.23 प्रतिशत घटकर 326.98 अरब डॉलर रह गया। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा,भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत चल रही है और हम मतभेदों को दूर कर रहे हैं। देश में महिला श्रम बल की भागीदारी 4.2 प्रतिशत बढ़कर 37 प्रतिशत हुई । सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश में महिला श्रम बल की भागीदारी दर 2023 में 4.2 प्रतिशत बढ़कर 37 प्रतिशत हो गई है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2018-19 में 24.5 प्रतिशत हो गई; 2019-20 में 30 प्रतिशत से 2020-21 में 32.5 प्रतिशत और 2021-22 में 32.8 प्रतिशत से 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गया।

मंत्रालय ने कहा, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा नौ अक्टूबर, 2022 को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण रिपोर्ट 2022-23 से पता चलता है कि श्रम बल भागीदारी को मापने की सामान्य स्थिति की अवधारणा के अनुसार देश में महिला श्रम बल भागीदारी दर 2023 में 4.2 प्रतिशत अंक बढ़कर 37 प्रतिशत हो गई है।


## देशबन्धु

### ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# भूल स्कूल की, जुर्माना क्यों भुगतें विद्यार्थी !




## छात्रों के फार्म में 31 तक होगा सुधार, सुधार के लिए देने होंगे 5 सौ

देशबन्धु मुद्दा

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्कूलों द्वारा छात्रों की ऑनलाइन जानकारी गलत भरने की सजा अब छात्रों को ही भुगतनी होगी, ऐसा निर्णय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा लिया गया है। इस त्रुटि सुधार के लिये प्रत्येक विषय के लिए छात्र को पांच सौ रुपये अर्थदंड का भुगतान करना होगा। छात्रों ने शिकायत दर्ज करायी कि उन्होंने फॉर्म में कुछ और सब्जेक्ट भरा था और रोल नंबर पर कुछ और लिखा आ रहा है। आम तौर ऐसे कई मामले सामने आते हैं इसी बात को ध्यान में रखते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने विद्यार्थियों और स्कूल प्रबंधन को त्रुटि सुधार के लिए एक और अवसर दिया है। स्कूल प्रबंधन प्रति विषय 500 रूपए शुल्क के साथ विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म में संशोधन करा सकेंगे। इसके लिए माशिमं ने 31 अक्टूबर 2023 अंतिम तारीख तय की है।

### ऐसे की गयी है गड़बड़ी

माशिमं ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि कई स्कूलों व विद्यार्थियों से आवेदन प्राप्त हो रहे हैं कि, कक्षा 9वीं 11वीं में उनके द्वारा जिन विषयों का चयन-अध्ययन कर परीक्षा दी गई है, संबंधित स्कूल द्वारा कक्षा 9वीं के ऑनलाइन भरने में गड़बड़ी की। जिसके कारण छात्रों को लगातार असुविधा का सामना करना पड़ता है। ऐसे में संस्था द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि में विषयों में की गई त्रुटि के सुधार के लिए 31 अक्टूबर तक 5सौ रूपए प्रति विषय अर्थदण्ड के साथ विषयों में त्रुटि सुधार की ऑनलाईन सुविधा प्रदान की गई है।

### कार्रवाई की चेतावनी दे डाली

संबंधित संस्था प्राचार्य को त्रुटि सुधार के साथ एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल पर संबंधित छात्र की कक्षा 11वीं उत्तीर्ण की अंकसूची एवं घोषणा-पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा कि जिन छात्रों के विषयों में त्रुटि सुधार किया गया है, उन छात्रों ने कक्षा 11वीं में इन्हीं विषयों का अध्ययन किया गया है तथा संस्था द्वारा इन्हीं विषयों की अंक-सूची छात्रों को जारी की गई है। यदि यह पाया जाता है कि किसी संस्था द्वारा तथ्यों को छुपाते हुए गलत तरीके विषयों में संशोधन किया गया है तो शासकीय स्कूल होने की स्थिति में संबंधित संस्था प्राचार्य के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय, प्रदेश भोपाल को लिखा जाएगा एवं अशासकीय विद्यालय होने की स्थिति में संबंधित विद्यालय की संबद्धता तत्काल प्रभाव से समाप्त भी की जा सकती है।

**इनका कहना है**

इस संबंध में मै ज्यादा कुछ नहीं बता सकता हूं, मामला माशिम से जुड़ा है, इसलिये संबंधित विभाग के आला अधिकारी की स्थिति स्पष्ट कर सकते हैं।

घनश्याम सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी

## नाबालिगा को बहला फुसलाकर ले जाकर शादी कराने वाली महिला को सात साल की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिहोरा क्षेत्र से एक नाबालिगा को बहला फुसलाकर ले जाकर उसकी शादी कर दैहिक शोषण कराने वाली महिला को अदालत ने दोषी करार दिया है। पाक्सो के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी महिला लक्ष्मी मिश्रा उर्फ डॉली को सात साल के सश्रम कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

**पाक्सो की अदालत ने दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया**

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 8 मार्च 2018 को पीड़िता की मॉं ने सिहोरा थाने में शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि 6 फरवरी को वह मजदूरी करने गई थी। शाम को घर वापस आई तो उसकी बेटी घर पर नहीं थी। उसके छोटे बेटे ने बताया कि पीड़िता कटनी काम करने जाना बताकर गई है, लेकिन वह वापस नहीं आई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पीड़िता की तलाश करते हुए उसे दस्तयाब किया। जिसने अपने बयान में बताया कि आरोपी लल्लू राजा से आरोपी मलखान सिंह और लक्ष्मी मिश्रा ने रूपये लेकर शादी करा दी और जिसके बाद आरोपी ने कई बार उसे शरीरिक संबंध बनाये। जिसके बाद पुलिस ने अपहरण, दुराचार व पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया था। सुनवाई दौरान अदालत ने आरोपी महिला लक्ष्मी मिश्रा को धारा 366 का दोषी पाते हुए सात साल की सजा व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी स्मृतिलता बरकड़े ने पैरवी की।

## महिला पर पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास

**दमोह, देशबन्धु।** जिले में एक महिला पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया गया है। महिला के पड़ोसी पर महिला पर पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास, पड़ोसी पर लगा आरोप, बचाने के चक्कर में पति भी झुलसा।

दमोह जिले में एक महिला पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया गया है। महिला के पड़ोसी पर जलाने का आरोप लगा है। वहीं, पत्नी को बचाने के चक्कर में पति भी झुलस गया, दोनों को जबलपुर रेफर किया गया है।



बचाने के चक्कर में पति भी झुलसा

दमोह के बटियागढ़ थाना क्षेत्र में एक महिला को जिंदा जलाया गया है और आरोप पड़ोसी पर लगा है। पड़ोसी ने अपने सामने रहने वाली महिला को पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। आग से झुलसी महिला को जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं, अपनी पत्नी को बचाने के चक्कर में उसका पति भी झुलस गया है।

जिला अस्पताल पहुंची महिला भारती लोधी (28) ने बताया कि उसके घर के सामने उसकी गिट्टी रखी हुई थी, जिसे हटाने को लेकर पड़ोस में रहने वाले अन्नू जैन ने विवाद शुरू किया। उसके बाद पेट्रोल डालकर आग लगा दी। महिला के साथ अस्पताल पहुंचे पति भागीरथ सिंह लोधी (30) के भी दोनों हाथ झुलस गए हैं। उसने बताया कि आरोपियों ने पहले विवाद किया और फिर पेट्रोल डालकर पत्नी को आग लगा दी।

अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। लेकिन महिला की हालत नाजुक थी। इसलिए उसे तत्काल जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## नौरोजाबाद के 15 में से 13 पार्षद हुए लामबंद; नगर परिषद अध्यक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा

**उमरिया, देशबन्धु।** नगर परिषद नौरोजाबाद में अध्यक्ष कुशल सिंह के खिलाफ कांग्रेस पार्षदों के साथ-साथ अब बीजेपी पार्षदों ने भी मोर्चा खोल दिया है। कुल 15 में से 13 पार्षदों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर नगर परिषद अध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग की है। मध्यप्रदेश के उमरिया जिले की नगर परिषद नौरोजाबाद में अध्यक्ष कुशल सिंह के खिलाफ चल रहा विवाद थमता दिखाई नहीं दे रहा है। अब सिर्फ विपक्ष ही नहीं भाजपा के पार्षदों ने भी अध्यक्ष के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस और भाजपा के 13 पार्षदों ने मिल कर कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर पार्षदों ने कलेक्टर को बताया कि अध्यक्ष की ओर से न केवल उनके साथ अभद्रता की जाती है। बल्कि विकास के कार्यों में भी तरह-तरह के अड़ंगे लगाए जा रहे हैं। उनकी कार्य प्रक्रिया के कारण वार्डों की सफाई, पेय जल, प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं ठप पड़ गई हैं।

### ठेकेदारों से की जा रही अवैध वसूली

पार्षदों के अनुसार नगर परिषद में बबलू खान नामक व्यक्ति का बेजा दखल है, जो सरकारी फाइलों और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अपने साथ घर ले जाता है। इतना ही नहीं शहर में निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदारों से बबलू खान पैसे मांगता है। जो भी खान का विरोध करता है, अध्यक्ष उसे अपना दुश्मन मान कर व्यवहार करने लगती हैं। इस परिस्थिति में पार्षदों को आए दिन जनता की खरी-खोटी सुननी पड़ रही है। पार्षदों का कहना है कि यही हाल रहा तो जनता उन्हें कैसे वोट देगी। उनकी मांग है कि सरकारी धन में हो रही बंदर-बांट को रोकने के लिए अध्यक्ष कुशल सिंह के वित्तीय अधिकारों पर रोक लगा दी जाए।

### अभद्रता करती हैं और धमकी देती हैं

उल्लिखित है कि अध्यक्ष कुशल सिंह द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर वित्तीय अनियमितताएं की जा रही हैं। वे सारे काम अपने चहेते ठेकेदारों को दिलाने की कोशिश करती हैं। इसके लिए नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों पर अनैतिक दबाव बनाया जाता है। अन्य किसी ठेकेदार को ऑनलाइन टेंडर मिल भी जाए तो उन्हें काम नहीं करने दिया जाता। अगर कोई इसका विरोध करता है तो कुशल सिंह अभद्रता करने के साथ उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देती हैं।

### जनता ने नहीं हमने चुना

ज्ञापन सौंपते समय नपा उपाध्यक्ष नईम बेग, पार्षद प्रमोद सिंह शैलू, मुकेश उपाध्याय, दीपा प्रजापति, परबत सिंह, सावित्री साकेश, विलोकनाथ दाहिया, सतीलाल बैगा, इशरत जहां, मेनका कोल, सुभाषनारायण सिंह, नंदलाल चौधरी और रामप्यारी कठौतिया मौजूद रहे। उन्होंने कलेक्टर से कहा कि वे भी अध्यक्ष के समान पार्षद हैं।

कुशल सिंह को जनता ने नहीं पार्षदों ने अध्यक्ष बनाया है। लेकिन वे उनके साथ दुर्व्यवहार कर रही हैं। कलेक्टर वैद्य ने पार्षदों को इस मामले में जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## जबलपुर के नये एसपी आदित्य प्रताप सिंह होंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन ने जबलपुर के नये एसपी को पदस्थ करने के आदेश जारी कर दिये हैं। भोपाल के 23 वी वाहिनी विशेष शस्त्र बल के सेनानी आदित्य प्रताप सिंह को जबलपुर का पुलिस अधीक्षक बनाया है।



गौरतलब है कि बीते दिनों विपक्ष की शिकायत के बाद टीके विद्यार्थी को चुनाव आयोग ने एसपी के पद से हटाने के निर्देश जारी किये थे। इसके बाद कयास लगाये जा रहे थे, कि चुनाव के समय आखिर पुलिस प्रशासन की कमान बतौर कप्तान किस अधिकारी को कमान सौपी जायेगी जिस पर शुक्रवार को विराम लग गया है।

इसके साथ ही भिंड में भी नये एसपी की तैनाती कर दी गई है। यहां पर मुरैना में विशेष शस्त्र वाहिनी के सेनानी असित यादव को भिंड का नया एसपी बनाया गया है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने पुलिसकर्मी स्व. हरि शंकर कटारिया की धर्म पत्नि को सौंपा 46.01 लाख का चेक

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश पुलिस तथा बैंक ऑफ बड़ौदा भोपाल अंचल के बीच वर्ष 2022 को हुए संशोधित वेतन समझौता ज्ञापन में उल्लेखित शर्तों अनुरूप 12 अक्टूबर 2023 का बैंक ऑफ बड़ौदा अंचल कार्यालय भोपाल के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के अंचल प्रमुख संजीव मेनन द्वारा स्वर्गीय हरि शंकर कटारिया की धर्म पत्नी सीमा कटारिया को रूपये 46.01 लाख का चेक प्रदान किया गया इस अवसर पर उप अंचल प्रमुख नीलम चंद्र राय, उम महाप्रबंधक नेटवर्क मध्य प्रदेश जबलपुर क्षेत्रीय प्रमुख सहित अंचल के अन्यसभी क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख उपस्थित थे। इस अवसर पर अंचल प्रमुख सजीव मेनन द्वारा बैंक की पारदर्शी एवं वेल कम्युनिकेटेड पॉलिसीज की प्रशंसा की गई एवं पुलिस विभाग को आश्वासन दिया गया कि भविष्य में सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में पुलिस विभाग एवं बैंक ऑफ बड़ौदा एक साथ काम करेंगे अंचल के सरकारी व्यवसाय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक विकांत सिंह तंवर द्वारा बैंक के वेतन पैकेज की प्रशंसा की गई एवं बैंक ऑफ बड़ौदा को त्वरित क्लेम सेटलमेंट के लिए धन्यवाद भी दिया एवं तंवर द्वारा स्वर्गीय हरि शंकर कटारिया के परिजनों को सात्वना देतेहुए उन्हें भरोसा दिया गया कि बैंक एवं पुलिस विभाग सदैव उनके साथ है इसी क्रम में ज्ञात हो कि बैंक द्वारा हाल ही में मध्यप्रदेश पुलिस के पुलिसकर्मी स्वर्गीय राम प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला कौशल बीमा पॉलिसी की नॉमिनी को दुर्घटना बीमा दावे की राशि रूपए 75000 लाख का डिमांड ड्राफ्ट बैंक ऑफ बड़ौदा के निदेशक अजय सिंघल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ग्वालियर जोन डॉ श्रीनिवास वर्मा आईपीएस, एसपी ग्वालियर राजेश सिंह आईपीएस कमांडेट 5वीं बटालियन एसएएफ मुरैना, डॉ असीत यादव आईपीएस असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस ग्वालियर अखिलेश सिंह रेनवाल, ऋषिकेश मीणा आईपीएस की गरिमामयी उपस्थिति में ग्वालियर पुलिस कंट्रोल रूम के सभाकक्ष में प्रदान किया गया था।




## विस चुनाव : मतदान दलों में तैनात कर्मचारियों का प्रशिक्षण 16 से

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान कराने नियुक्त कर्मचारियों का पहले चरण का प्रशिक्षण 16 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक आयोजित किया गया है। मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दो अलग-अलग स्थानों मॉडल स्कूल और पीएसएम कॉलेज में प्रतिदिन दो सत्रों सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक दिया जायेगा ।






## नवरात्रि मेला के दौरान मैहर स्टेशन पर 15 जोड़ी गाडियों का 5 मिनट का हाल्ट, श्रद्धालुओं को होगा लाभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** शारदेय नवरात्रि पर्व के अवसर पर मैहर में आयोजित होने वाले माँ शारदा नवरात्रि मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पमरे से गुजरने वली 15 जोड़ी गाडियों का मैहर स्टेशन पर दिनांक 15 अक्टूबर सोमवार से शनिवार 28 अक्टूबर 2023 तक 5 मिनट का हाल्ट प्रदान किया गया है।



गाड़ी संख्या 11055/11056 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 11059/11060 लोकमान्य तिलक टर्मिनस- छपरा -लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 12669/12670 चेन्नई-छपरा-चेन्नई एक्सप्रेस, 19051/19052 वलसाड-मुजफ्फरपुर-वलसाड एक्सप्रेस, 11045/11046 कोल्हापुर-धनबाद-कोल्हापुर एक्सप्रेस, 18205/18206 दुर्ग-नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस, 18201/18202 दुर्ग-नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस, 11037/11038 पुणे-गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस, 17610 /17609 पूर्णा-पटना-पूर्णा एक्सप्रेस, 22103/23104 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 18610/18609 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-राँची-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 22971/23972 बांद्रा टर्मिनस-पटना-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस, 22131/22132 पुणे-बनारस-पुणे एक्सप्रेस, 15647/15648 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गुवाहाटी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 19045/19046 सूरत-छपरा-सूरत एक्सप्रेस गाडियां दिनांक 15 अक्टूबर 2023 से 28 अक्टूबर 2023 तक मैहर स्टेशन पर 5 मिनट का हाल्ट लेकर गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेंगी।

















